CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 23°C

नई दिल्ली, बुधवार 16 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 104 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 20 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सेना पर टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी को मिली जमानत

पेज 2



क्रिकेटर यश दयाल को हाईकोर्ट से मिली राहत, गिरफ्तारी पर रोक

खेल टाइम्स




हिन्दी के वैश्विक उदय को समझिए, क्षेत्रीय राजनीति की भेंट मत चढ़ाइए

सम्पादकीय



ट्रम्प ने रूस पर टैरिफ लगाने की दी धमकी

पेज 12

## कांवड़ यात्रा: क्यूआर कोड विवाद पर उप्र और उत्तराखंड सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों की जानकारी हासिल करने के उद्देश्य से कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकारों के निर्देश को चुनौती देने वाली एक याचिका पर मंगलवार को उन्हें नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अपूर्वानंद झा और अन्य की ओर से दायर याचिका पर दोनों राज्यों को एक सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तारीख मुकर्रर की है। गत 11 जुलाई से शुरू कांवड़ यात्रा आगामी नौ अगस्त तक चलेगी। अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर उदय सिंह, हुजेफा हमदी और शादान फरासत याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए, जबकि उत्तराखंड सरकार का पक्ष रखने उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार शेठी पेश हुए।

# इतिहास रच धरती पर लौटे शुभांशु

## अंतरिक्ष से 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की कैलिफोर्निया में हुई लैंडिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्स-4 मिशन के अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को धरती पर लौट आए। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं।

चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4.45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद तीन बजे के करीब समुद्र में उतरा। ग्रुप कैप्टन शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने कई वैज्ञानिक अनुसंधानों को अंजाम दिया। स्पेसएक्स के फॉल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर यान भारतीय समय के अनुसार सोमवार दोपहर बाद चार बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से रवाना हुआ था। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे।



- ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने आईएसएस पर 18 दिन बिताए

### मोदी ने शुभांशु को सकुशल लौटने पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने वाले देश के पहले अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को एक्सिओम-4 मिशन की सफलता के बाद अपने तीन अन्य साथियों के साथ मंगलवार को सकुशल धरती पर लौटने पर बधाई दी और उनका स्वागत किया। श्री मोदी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं पूरे देश के साथ ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हू, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में, उन्होंने अपने समर्पण, साहस और भावनाओं से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है।

# यमन में निमिषा को मिली दूसरी जिंदगी

**सना, वार्ता**

**यमन में मौत** की सजा पाने वाली केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा फिलहाल टाल दी गई है। उसे 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जानी थी। सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि भारतीय अधिकारियों के प्रयासों से निमिषा प्रिया की सजा टल गई है। भारतीय अधिकारी वहां के अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टिविस्ट ग्रुप और प्रभावशाली धार्मिक नेताओं ने इस मामले में दखल दिया, जिसके बाद निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित कर दी गई है। इससे पहले निमिषा को मौत की सजा से बचाने के लिए डिप्लोमैटिक लेवल पर भी कई कोशिशें की गई थीं। खबर यह भी है कि पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी (लगभग 8.5 करोड़ रुपये) स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कंथापुरम के ग्रैंड मुफ्ती एपी अबूबकर -शेष पृष्ठ दो पर




- दोनों देशों के धर्मगुरुओं ने की बातचीत, एक्टिविस्ट ग्रुप और धार्मिक नेताओं ने मामले में दखल दिया
- पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ

## मुंबई धमाके रोके जा सकते थे: उज्ज्वल निकम

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता उज्ज्वल निकम ने कहा कि 1993 के मुंबई बम धमाके रोके जा सकते थे। अगर एक्टर संजय दत्त उस गाड़ी के बारे में पुलिस को बता देते, जिसमें से उन्होंने एके-47 बंदूक उठाई थी, तो ये धमाके कभी नहीं होते। हाल ही में निकम को राज्यसभा सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि धमाकों से कुछ दिन पहले अबू सलेम (गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम का आदमी) हथियारों से भरी एक वैन लेकर संजय दत्त के घर आया था। उसमें हथगोले और एके-47 थी। संजय ने उसमें से कुछ हथियार ले लिए। बाद में उन्होंने सब लौटा दिए, लेकिन एक एके-47 रख ली। निकम ने कहा कि इस बारे में पुलिस को जानकारी न देना धमाकों का कारण बना, जिनमें इतने सारे लोग मारे गए। निकम ने ये बातें एक समाचार चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कहीं। 12 मार्च 1993 को मुंबई के अलग-अलग इलाकों में सिलसिलेवार 13 बम धमाके हुए थे। इसमें 257 लोगों की मौत हुई -शेष पृष्ठ दो पर



**संक्षिप्त समाचार**

## देवी देवताओं के प्रति टिप्पणियों पर सरकार दे जवाब: हाईकोर्ट

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने हरियाणा के संत रामपाल के संस्थानों से प्रकाशित पुस्तकों में हिंदू देवी देवताओं के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में यूपी सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या सरकार मामले में कोई ठोस कदम उठाने जा रही है। कोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या याची की शिकायत पर अब तक कोई कारवाई की गई है। इसका ब्योरा भी अगली सुनवाई पर 15 जुलाई को पेश करने का निर्देश सरकारी वकील को दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह जानकारी पेश किए जाने के बाद जरूरी होने पर याचिका के निजी पक्षकारों को नोटिस जारी करने पर गौर किया जाएगा। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ल की खंडपीठ ने यह आदेश हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस नमक ट्रस्ट की ओर से दाखिल याचिका पर दिया।

## पीसीआई ने अजीत के खिलाफ प्राथमिकी पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (पीसीआई) और महिला पत्रकारों के संगठन इंडियन वुमेंस प्रेस कार्प्स (आईडब्ल्यूपीसी) ने वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम के खिलाफ बिहार के बेगुसराय में की गई प्राथमिकी पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रेस की स्वतंत्रता और भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए बढ़ती चुनौतियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रेस कल्ब ने आज एक बयान जारी कर कहा कि पीसीआई और आईडब्ल्यूपीसी वरिष्ठ पत्रकार अजीत अंजुम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करती है।

### इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रदर्शनी व मेले के उद्घाटन पर बोले योगी

# युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार कटिबद्ध

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उत्तर प्रदेश से 25 करोड़ की आबादी में से 56 से 60 प्रतिशत लोग कामकाजी वर्ग से हैं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद योगी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षित युवा आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत है और भाजपा की सरका. रें उन्हे रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये कटिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में 25 करोड़ की आबादी में 56 से 60 प्रतिशत लोग कामकाजी वर्ग से हैं। इन युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम 'एआई और डिजिटल स्किल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' उत्तर प्रदेश के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है, क्योंकि यह राज्य की युवा शक्ति को नई दिशा प्रदान करने का आधार बन रही है। योगी ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया है। उन्होंने कहा कि हमने स्केल को स्किल में बदलने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार 2 करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करवा रही है, जिनमें से 50 लाख युवा अब तक लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा, टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को न्यू-एज टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ा गया है, ताकि उद्योगों और बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। प्रदेश में 400 के करीब राजकीय और 3000 निजी आईटीआई संचालित हैं, जहां न्यूनतम शुल्क पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सरकार निजी आईटीआई में पढ़ने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप और अन्य प्रोत्साहन भी दे रही है। उन्होने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक युवा को उसकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि पिछले आठ वर्षों में कानून- व्यवस्था में सुधार और सरकार की सकारात्मक नीयत के कारण 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। ये निवेश लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह को मिला केंद्र में सेवा विस्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव अमित सिंह को सेवा विस्तार मिल गया है। आईआरएस 2000 बैच के अधिकारी अमित सिंह की प्रतिनियुक्ति केंद्र सरकार ने मार्च 2027 तक बघ दी है। अमित सिंह को योगी आदित्यनाथ के करीबी अफसरों में गिना जाता है। लंबे समय से यह कयास लगाये जा रहे थे कि उनको सेवा विस्तार मिल सकता है। यह विस्तार मानक प्रतिनियुक्ति नीति में ढील देते हुए दिया गया है। गौरतलब है कि अमित सिंह को अप्रैल 2017 में उत्तर प्रदेश में प्रतिनियुक्त पर भेजा गया था और तब उन्हें मुख्यमंत्री का विशेष सचिव बनाया गया था। बाद में उनको सचिव के पद पर प्रोन्नत किया गया था। यूपी में प्रतिनियुक्ति पर आने से पहले श्री सिंह विदेश मंत्रालय के अंतर्गत लखनऊ में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। वह रेलवे में मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) और गोरखपुर में रेलवे के महाप्रबंधक के सचिव की भूमिका निभा चुके हैं।

# सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को जमानत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ लखनऊ की अदालत ने बीस-बीस हजार के बॉन्ड पर दी कांग्रेस नेता को जमानत

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित एक मामले में लखनऊ की स्थानीय अदालत ने मंगलवार को जमानत दे दी।

अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार रुपये के दो बांड पर श्री गांधी को जमानत दे दी। श्री गांधी के वकील प्रांशु अग्रवाल की तरफ से जमानत याचिका डाली गई थी जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। इससे पहले राहुल गांधी एयरपोर्ट से सीधे एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे। पिछली पांच सुनवाई के दौरान श्री गांधी अदालत में उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद अदालत ने उन्हें समन जारी किया था। जमानत मिलने के बाद राहुल सीधे एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। गौरतलब है कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी उदय शंकर श्रीवास्तव ने एक शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा था कि 16 दिसम्बर, 2022 को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गांधी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इस दौरान राहुल गांधी की टिप्पणी सशस्त्र बलों के लिए अपमानजनक थी और एक पूर्व रक्षा कर्मी के रूप में उनके अपने मनोबल को ठेस पहुंचाने वाली थी। श्रीवास्तव के मुताबिक, श्री गांधी ने अपनी संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि चीनी सैनिक अरुणाचल प्रदेश में भारतीय सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं। इससे पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि नि:संदेह, भारत के संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ए) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, यह स्वतंत्रता उचित प्रतिबंधों के अधीन है और इसमें ऐसे बयान देने की स्वतंत्रता शामिल नहीं है, जो किसी व्यक्ति या भारतीय सेना के लिए अपमानजनक हों।

# उदयपुर फाइल्स की रिट पर सुको आज करेगा सुनवाई

■ जमीयत उलेमा ए हिंद व अन्य ने दायर की हैं रिट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैयालाल लाल टेलर मर्डर' के पक्ष और विपक्ष में दायर याचिकाओं पर वह बुधवार को सुनवाई करेगा।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कन्हैया लाल हत्याकांड के आरोपियों में शामिल मोहम्मद जावेद की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार पर उनके अधिवक्ता मेनका गुरुस्वामी से कहा कि वह पक्ष और विपक्ष में दायर दोनों मामलों पर बुधवार को सुनवाई करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता गुरुस्वामी के 'विशेष उल्लेख' पर पीठ ने जावेद की याचिका को फिल्म के निर्माता द्वारा दायर एक अन्य याचिका के साथ सोमवार को सूचीबद्ध करने पर सहमति व्यक्त की। दूसरी ओर, फिल्म के निर्माता ने दिल्ली उच्च न्यायालय के 10 जुलाई के उस आदेश को चुनौती देते हुए दरवाजा खटखटाया है, जिसमें फिल्म के प्रदर्शन पर अंतरिम रोक लगा दी गई है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने जमीयत उलेमा-ए- हिंद के अध्यक्ष अरशद मदनी और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद फिल्म की निर्धारित रिलीज (11 जुलाई) से एक दिन पहले रोक संबंधी आदेश पारित किया था।

# इंदौर के कार्टूनिस्ट की गिरफ्तारी पर रोक

नई दिल्ली, वार्ता

■ हेमंत मालवीय ने सुप्रीम कोर्ट में पेश किया माफीनामा अगली सुनवाई 15 अगस्त के बाद

उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी हेमंत मालवीय के माफी मांगने के बाद मंगलवार को अंतरिम राहत दी।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने इंदौर निवासी व्यंगचित्रकार मालवीय को अंतं. रम संरक्षण का आदेश पारित करते हुए उन्हें हिंदी में हलफनामे के रूप में भी माफी मांगने का निर्देश दिया। पीठ ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 15 अगस्त की तारीख मुकर्रर करते हुए पक्षकारों को अगली तारीख तक अपनी दलीलें पूरी करने का निर्देश दिया। आरोपी ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन जुलाई उस आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जिसमें उनके फेसबुक पर पोस्ट किए गए संबंधित व्यंगचित्र मामले में उन्हें अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया गया था।

वह 14 जुलाई को उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद आपत्तिजनक व्यंगचित्र को फेसबुक से हटाने के लिए तैयार हुआ था। सुनवाई के दौरान पीठ ने मालवीय के आचरण पर असहमति और असंतोष व्यक्त किया था। पीठ ने 14 जुलाई को उनकी वकील वृंदा ग्रोवर से पूछा था कि क्या याचिकाकर्ता व्यंग्यचित्र वाली अपनी फेसबुक पोस्ट हटाने को तैयार हैं। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने कहा था कि मैं बयान दूंगी कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं। उन्होंने मामले में अंतरिम सुरक्षा की भी गुहार लगाई थी और कहा था कि मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है। उन्होंने हालांकि कहा था कि याचिकाकर्ता की टिप्पणियां अशोभनीय या घटिया लग सकती हैं, लेकिन वे कोई अपराधी नहीं हैं।

# विदेश नीति के नाम पर चल रहा सर्कस: राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर पर भारत-चीन संबंधों के बारे में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह (एस जयशंकर) देश की विदेश नीति को नष्ट करने के उद्देश्य से एक सर्कस चला रहे हैं।

विपक्ष के नेता की यह टिप्पणी जयशंकर द्वारा मंगलवार को शी जिनपिंग से मुलाकात करने और उन्हें द्विपक्षीय संबंधों के हालिया विकास से अवगत कराने के बाद आई है। राहुल गांधी ने एक पोस्ट में लिखा कि मुझे लगता है कि चीनी विदेश मंत्री आएंगे और पीएम मोदी को चीन-भारत संबंधों के हालिया घटनाक्रम से अवगत कराएंगे। विदेश मंत्री अब भारत की विदेश नीति को नष्ट करने के उद्देश्य से एक फुल प्लान सर्कस चला रहे हैं। बता दें कि बीजिंग में शी जिनपिंग के साथ अपनी बैठक के दौरान जयशंकर ने चीन के राष्ट्रपति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी दी थीं।



**सेंसेक्स** 82570.91
**निफ्टी** 25195.80




**सोना रु.** 97916
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 111999
प्रति किलो



# चौतरफा लिवाली से चढ़ा बाजार

मुंबई, वार्ता



विदेशों में शेयर बाजारों में मजबूती का असर मंगलवार को घरेलू बाजार पर भी देखा गया। लगातार चार दिन की गिरावट से उबरकर बीएसई का सेंसेक्स 317.45 अंक (0.39 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 113. 50 अंक (0.45 प्रतिशत) की बढ़त में 25,195.80 अंक पर पहुंच गया। बाजार में चौतरफा लिवाली रही। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों में तेजी रही, जबकि आठ में गिरावट देखी गयी। सनफार्मा के शेयर सबसे ज्यादा 2.71 फीसदी चढ़े। एचसीएल टेक में 3.31 प्रतिशत की गिरावट रही। बाजार की तेजी में रुपये में जारी बढ़त का भी योगदान रहा। अमेरिकी डॉलर की तुलना में रुपया आज 8.50 पैसे मजबूत हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में निफ्टी के साथ दूसरे सूचकांक भी हरे निशान में रहे। निफ्टी.100 में 0.49 प्रतिशत और निफ्टी मिडकैप.100 में 0. 95 प्रतिशत की तेजी रही। बैंकिंग, ऑटो, एफएमसीजी, मेटल समेत सभी सेक्टरों में लिवाल से इनके सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। एनएसई में निफ्टी ऑटो सबसे ज्यादा 1.50 प्रतिशत चढ़ा। निफ्टी हेल्थकेयर इंडेक्स 1.23 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशल सर्विसेज 1.18 फीसदी और निफ्टी फार्मा 1.14 प्रतिशत मजबूत हुआ। सकारात्मक रुझानों के कारण शेयर बाजार में शुरू से ही तेजी रही। निफ्टी.50 सुबह 7.20 अंक की मजबूती के साथ 25,089.50 अंक पर खुला। बीच कारोबार में एक समय यह 25,245.20 अंक तक पहुंच गया था। अंत में यह 113.50 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ। विदेशों में जहां सोमवार को अमे. रिकी शेयर बाजार मजबूत बंद हुए थे, वहीं जापान, हांगकांग, ब्रिटेन और दक्षिण कोरियाई शेयर बाजारों में भी तेजी रही। हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक स्तर पर सोने में जहां तेजी रही, वहीं कच्चे तेल की कीमतों में नरमी देखी गई।

# सोना 387 गिरकर 97916 प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी भी गिरी

**2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में मंगलवार को गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 387 गिरकर 97,916 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 98,303 पर था। चांदी की कीमत 1,868 कम होकर 1,11,999 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,13,867 पर थी। ये चांदी का ऑल टाइम हाई भी है।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,920 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,600 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,450 थी। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,450 रही,जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,770 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,450, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,820 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,500 रही। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 21,754 रुपए बढ़कर 97,964 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 25,982 रुपए बढ़कर 1,11,999 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# इंडिगो का जेटस्टार के साथ कोडशेयर समझौता

नई दिल्ली, वार्ता

देश की सबसे बड़ी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड तक अपने उपभोक्ताओं की आसान कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए ऑस्ट्रेलिया की किफायती एयरला. इंस जेटस्टार के साथ कोडशेयर समझौता किया है।

इंडिगो ने मंगलवार को बताया कि उसके ग्राहक अब सिंगापुर, बैंकॉक और फुकेट के रास्ते ऑस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड के लिए टिकट बुक करा सकते हैं। इसके लिए बुकिंग 21 जुलाई से शुरू होगी, जो 1 सितंबर या उससे आगे की यात्रा के लिए उपलब्ध होगी। इस समझौते के तहत यात्री इंडिगो की वेबसाइट पर दोनों नेटवर्कों के लिए एक ही टिकट बुक कराकर यात्रा कर सकते हैं। उन्हें एक बार ही चेकइन भी करना होगा। हालांकि इस समझौते को अभी नियामकीय मंजूरी मिलनी शेष है। जेटस्टार की सीईओ स्टेफनी टुली ने कहा कि दोनों एयरलाइंस के बीच इस साझेदारी से भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के विशिष्ट आकर्षण, विश्व स्तरीय अनुभव और भारतीय मूल के समुदायों की बढ़ती आबादी उपमहाद्वीप के लोगों के बीच दोनों देशों को लोकप्रिय बनाता है। इंडिगो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (नेटवर्क नियोजन और राजस्व प्रबंधन) अभिजीत दासगुप्ता ने कहा कि जेटस्टार के साथ इस कोडशेयर समझौते से कारोबार, व्यापार और पर्यटन से संबंधित यात्रा को और मजबूती मिलेगी और सांस्कृतिक आदान प्रदान को बढ़ावा मिलेगा।

## पहली तिमाही में कुल निर्यात बढ़कर 210.31 अरब डॉलर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2025.26 की पहली तिमाही में वस्तु एवं सेवा को मिलाकर देश का कुल निर्यात 5.94 प्रतिशत बढ़कर 210.31 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 198.52 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि तिमाही के दौरान वस्तुओं का निर्यात 112.17 अरब डॉलर रहा जो अप्रैल-जून 2024 की तुलना में 1.92 प्रतिशत अधिक है। इसमें गैर.पेट्रोलियम निर्यात 94.77 अरब डॉलर बढ़कर 5.97 प्रतिशत पर पहुंच गया। इस दौरान सेवा निर्यात 98.13 अरब डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 88.46 अरब डॉलर से 10.93 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात 230.62 अरब डॉलर रहा, जिससे देश का व्यापार घाटा कम होकर 20.31 अरब डॉलर हो गया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यमन में...** मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज इस मसले पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक के भाई भी शामिल हैं। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया। ऐसा भी पहली बार हुआ है जब पीड़ित परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ है। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हो रही है, जो पीड़ित परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले में माफ करने का कानूनी अधिकार देता है। भारतीय नर्स निमिषा 2017 से जेल में बंद हैं, उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को ड्रग का ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। निमिषा और महदी यमन में एक प्राइवेट क्लिनिक में पार्टनर थे। आरोप है कि महदी ने निमिषा का पासपोर्ट अपने कब्जे में ले रखा था और उसे प्रताड़ित करता था। भारत के पास यमन में स्थायी राजनयिक मिशन (दूतावास) नहीं है। 2015 में राजनीतिक अस्थिरता के कारण राजधानी सना में भारतीय दूतावास बंद कर दिया गया था और इसे जिबूती में ट्रांसफर कर दिया गया था। भारत सरकार यमन सरकार से मुख्य रूप से 'नॉन-रेजिडेंट राजदूत' के जरिये बात करती है। फिलहाल भारत सरकार रियाद में मौजूद राजदूत के जरिये बातचीत कर रही है।

**मुंबई धमाके...** थी, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। निकम ने कहा कि संजय दत्त निर्दोष थे। उन्होंने बंदूक सिर्फ इसलिए रखी, क्योंकि उन्हें हथियारों का शौक था। उन्होंने कानून की नजर में अपराध किया, लेकिन वे सीधे-सादे इंसान हैं। संजय के पास एके-47 थी, लेकिन उन्होंने कभी भी वह बंदूक नहीं चलाई। कोर्ट ने संजय को टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज एक्ट (टाडा) के तहत आतंकवादी नहीं माना, लेकिन प्रतिबंधित हथियार एके-47 रखने का दोषी करार दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उनकी छह साल की सजा को घटाकर पांच साल कर दिया था। आर्म्स एक्ट के तहत दोषी ठहराए जाने के बाद मामले में सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम के साथ उनकी बातचीत सुर्खियों में रही थी। हालांकि, यह कभी सामने नहीं आया कि दोनों के बीच क्या बात हुई। इंटरव्यू के दौरान निकम ने इस बातचीत का खुलासा किया सजा सुनाए जाने के बाद संजय दत्त ने अपना आपा खो दिया था। मैंने उनके हावभाव बदलते देखे। मुझे लगा कि वे सदमे में हैं। वह फैसला बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे और कांप रहे थे। वे कठघरे में थे और मैं पास में ही था। मैंने उनसे कहा कि संजय ऐसा मत करो। मीडिया तुम्हें देख रहा है। अगर डरे हुए दिखोगे, तो लोग तुम्हें दोषी मानेंगे। तुम्हारे पास अपील करने का मौका है। इस पर उन्होंने कहा कि यस सर, यस सर। उज्ज्वल निकम 26/11 मुंबई हमला मामले में भी सरकारी वकील थे। इंटरव्यू में जब निकम से आतंकी अजमल कसाब को जेल में बिरयानी खिलाए जाने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि कसाब ने वास्तव में बिरयानी मांगी थी, लेकिन नेताओं ने बात को पकड़ लिया और राजनीतिकरण कर दिया। कसाब इकलौता आतंकी था जिसे इस हमले के बाद जिंदा पकड़ा गया था।

# फिल्म निर्माता-अभिनेता धीरज का निधन

मुंबई, वार्ता

बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता एवं फिल्मकार धीरज कुमार का मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 80 वर्ष के थे। धीरज कुमार को सांस लेने में तकलीफ कारण सोमवार को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां मंगलवार सुबह उनका निधन हो गया।

सिने एंड टेलीविजन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (सिन्टा) ने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर धीरज कुमार के निधन पर शोक जताते हुए लिखा कि धीरेज कुमार जी के निधन से हम दुखी हैं। वह 1970 से सिन्टा के एक आदरणीय सदस्य रहे हैं, उनके योगदान और उपस्थिति को हम हमेशा याद रखेंगे, उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी संवे. दनायें हैं, ओम शांति। धीरज कुमार ने सत्तर के दशक में अभिनय की दुनिया में कदम रखा था और 'दीदार', 'रातों का राजा', 'बहारों फूल बरसाओ', 'रोटी कपड़ा व मकान', 'शराफत छोड़ दी मैंने', 'क्रांति' और 'मांग भरो सजना' जैसी कई हिट फिल्मों में अहम किरदार निभाए थे। हिंदी फिल्मों में ही नहीं, बल्कि पंजाबी सिनेमा में भी अपनी पहचान बनाई थी। उन्होंने कई पंजाबी फिल्मों में काम किया, जिनमें 'सज्जन सिंह रंगरूट', 'इक संधू हुंदा सी', 'वॉर्निंग 2' जैसी फिल्में शामिल हैं।

## राजस्थान में भारी बारिश से 16 की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान में भारी बारिश के चलते बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश में बरसात के कारण हुए अलग-अलग हादसों में 24 घंटे में 16 लोगों की मौत हो गई। कोटा में प्रदेश में सबसे ज्यादा 198एमएम बारिश हुई। यहां कोटा बैराज के 12 गेट खोले गए हैं। मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जबलपुर, रीवा समेत 10 जिलों में एक सप्ताह से लगातार बारिश जारी है। इन जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। श्योपुर के कई इलाके और गांव पानी से घिरे रहे। मकान-दुकानों से लेकर अस्पताल तक में पानी भर गया। मप्र के लखनऊ, कानपुर, बरेली समेत 15 शहरों में तेज बारिश के कारण जलभराव-बाढ़ के हालात हैं। प्रदेश के कई बांध ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर के गोविंद सागर बांध के 17 गेट खोले गए। चित्रकूट में उद्घाटन से पहले 51 करोड़ से बने 4 पुलों की एप्रोच सड़कें बह गईं। हिमाचल प्रदेश में बीते 24 दिन में 105 लोगों की मौत बारिश से जुड़ी घटनाओं में हो चुकी हैं। राज्य की 200 से ज्यादा सड़कें अभी भी बंद हैं। मनाली-चंडीगढ़ हाईवे पिछले 3 दिन से रोजाना लैंडस्लाइड के चलते बंद हो रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सेंट स्टीफन कॉलेज व सेंट थॉमस स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, जांच जारी ,कोई संदिग्ध वस्तु नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के पब्लिक स्कूलों को फिर से ईमेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी देने का सिल. सिला शुरू हो गया है। मंगलवार (१५ जुलाई) को द्वारका इलाके में स्थित सेंट थॉमस स्कूल और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस का बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, दिल्ली फायर ब्रिगेड और स्पेशल स्टाफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं। सुरक्षा के मद्देनजर सेंट थॉमस स्कूल और सेंट स्टीफन कॉलेज परिसर को खाली करा लिया गया है। जांच में अभी तक पुलिस को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। बम की यह धमकी ई-मेल के जरिए दी गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले, सोमवार को एक के बाद दो बड़े स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। पहले सुबह सवा आठ बजे चाणक्यपुरी स्थित नेवी स्कूल फिर ८.२५ बजे द्वारका सेक्टर-१६ स्थित सीआरपीएफ स्कूल को ईमेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

पुलिस अधिकारी का कहना है कि दोनों मामलों की जांच के लिए स्पेशल सेल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस साइबर एक्सपर्ट की मदद से ईमेल भेजने वाले के बारे में पता लगा रही है। पिछले साल मई में दिल्ली के विभिन्न संस्थानों व स्कूलों को इसी तरह मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला शुरू हुआ था। पहली बार दिल्ली-एनसीआर के २०० से अधिक स्कूलों को उनके आधिकारिक ईमेल पर मेल भेजकर बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसके बाद कई अस्पतालों, कॉलेजों और दिल्ली हवाई अड्डे को भी इसी तरह के मेल भेजे गए थे। इस साल जनवरी में भी कई स्कूलों ने बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

पुलिस को जांच में पता चला था कि ज्यादातर ईमेल वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) का इस्तेमाल करके भेजे गए थे। वीपीएन का पूरा बिजनेस माडल इस सिद्धांत पर काम करता है कि सर्वर लोक. ेशन या विवरण का खुलासा नहीं करेगा। जिससे मेल भेजने वाले के बारे में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अब तक पता नहीं लगा पाई है।

## सुसाइड नोट की फोरेंसिक जांच कराएगी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा की रहने वाली दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा स्नेहा देबनाथ के घर से मिले नोट की पुलिस फोरेंसिक जांच करवाएगी। उस नोट में उसने लिखा था कि वह सिग्नेचर ब्रिज से कूदने जा रही है। पुलिस यह पुख्ता करना चाहती है कि यह पत्र स्नेहा ने ही लिखा था। वैसे उसने अपनी एक सहेली को ईमेल भी किया था, जिसमें उसने लिखा था कि मैं जा रही हूं। पुलिस उसकी भी जांच कर रही है। रविवार को पुलिस ने गीता कॉलोनी फ्लाईओवर के नीचे यमुना नदी से स्नेहा का शव बरामद किया था।

महरौली थाना क्षेत्र स्थित पर्यावरण कॉम्प्लेक्स निवासी १९ वर्षीय स्नेहा देबनाथ आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज से बीसएसी-मैथ द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। वह मूलरूप से त्रिपुरा की रहने वाली थी। स्नेहा के पिता प्रीतिश देबनाथ सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर हैं।

# डीएमआरसीः फेज चार के तीन कॉरिडोर का काम हुआ 70 परसेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने फेज-४ के तहत निर्माणाधीन तीन प्रमुख कॉरिडोरों पर ७० प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया है। शेष ३० प्रतिशत कार्य पूरा होते ही राज्य के दूरदराज में रहने वालों के लिए दिल्ली और नजदीक हो जाएगी। तीन कॉरिडोर में जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम मार्ग (मजेंटा लाइन) मजलिस पार्क- मौजपुर (पिंक लाइन) और एरोसिटी-तुगलकाबाद (गोल्डन लाइन) शामिल हैं। इन कॉरिडोर में सबसे पिंक लाइन पर मेट्रो ट्रेन रफ्तार भरेगी।

फेज चार में कुल ११२ किलोमीटर के छह मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण होना है। तीन प्रमुखता वाले कॉरिडोर का निर्माण दिसंबर २०१९ में शुरू हुआ था। इन तीनों कॉरिडोर की कुल लंबाई ६५. २०२ किलोमीटर हैं। २०२३ तक ये तीनों परियोजनाएं पूरी होनी थी लेकिन कोरोना, पेड़ काटने की स्वीकृति मिलने और जमीन अधिग्रहण में देरी के चलते विलंब हुआ। बीते पांच जनवरी को जनकपुरी पश्चिम-आरके आश्रम कॉरिडोर पर जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन के बीच मेट्रो का परिचालन शुरू हुआ था। अब १२. ३१८ मजलिस पार्क-मौजपुर कॉरिडोर के ४.६ किलोमीटर हिस्से पर जल्द परिचालन शुरू होगा।

इस कॉरिडोर के बाकी हिस्से का भी ज्यादातर काम पूरा हो चुका है और वर्ष के अंत तक बाकी हिस्से पर भी परिचालन शुरू होने की उम्मीद है। इस कॉरिडोर पर भजनपूरा से यमुना विहार तक १. ४ किलोमीटर का डबल डेकर कॉरिडोर भी बन रहा है। मजलिस पार्क से जगतपुर गांव तक पिंग लाइन मेट्रो परिचालन के लिए तैयार है। मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त से स्वीकृति मिलते ही इस ४.६ किलोमीटर हिस्से पर मेट्रो का परिचालन शुरू हो जाएगा। इस कॉरिडोर पर बुराड़ी, झड़ोदा माजरा और जगतपुर गांव तीन स्टेशन बनाए गए हैं। ५९. २९ किमी लंबी पिंक लाइन पर मजलिस पार्क से शिव विहार के बीच मेट्रो सेवा उपलब्ध है।

# शिक्षा मंत्री ने जनकपुरी में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा,गृह और ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने अपने विधानसभा क्षेत्र जनकपुरी के1-2, ब्लॉक पार्क, राम वाटिका में दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव के अंतर्गत एक श्पेड़ मां के नाम -२.०श के तहत अपनी माताजी सुशील देवी के नाम पर सागवान का पौधरोपण किया। उनके साथ साथ पश्चिमी दिल्ली की लोकसभा सांसद कमलजीत शहरावत ने भी अपनी माता जी ज्ञान देवी के नाम पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।इस अवसर पर मंत्री ने क्षेत्रीय जनता को सम्बोधित करते हुए कहा की दिल्ली को प्रदूषण के अंधकार से बाहर निकालने और एक स्वच्छ, सुरक्षित व हरित राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए दिल्ली सरकार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में कई स्तरों पर काम कर रही है। दिल्ली को शगैस चेंबरश से श्ग्रीन कैपिटलश में बदलने के लिए सरकार के साथ साथ समाज और प्रत्येक नागरिक को मिलकर काम करना होगा।

यह केवल पेड़ लगाने का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारी माँ धरती के प्रति हमारी संयुक्त जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। यह आने वाली पीढ़ियों को जीवन देने का प्रण है। यह एक ऐसा संकल्प है, जिसके माध्यम से हम आने वाली पीढ़ियों को जीवन और हरियाली का उपहार देना चाहते हैं।स उन्होंने यह भी बताया की श्मां के नाम एक पेड़ लगानाश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक दूरदर्शी पहल और उनका प्रकृति के प्रति लगाव को दर्शाता है। यह विषय देखने में भले ही छोटा लगेख्र एक पेड़ मां के नामख्रलेकिन इसका भाव और महत्व बहुत गहरा है। यह अभियान हमारी संस्कृति, हमारी भावनाओं और पर्यावरण से गहराई से जुड़ा हुआ है।मंत्री ने आगे कहा कि पेड़ लगाना और बीज बोना केवल एक पर्यावरणीय कार्य नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र के प्रति एक प्रकार की सच्ची देशभक्ति है। यह भावना हम सभी के भीतर निरंतर बनी रहनी चाहिए ताकि हम पेड़ों की देखभाल करें और उनकी सुरक्षा और संरक्षण को भी अपनी जिम्मेदारी समझें। मंत्री ने इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि अब तक दिल्ली में छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी लोग प्रदूषण की गम्भीर समस्या से जूझ रहे थे।



**शिक्षा मंत्री जनकपुरी में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण करते हुए।**

## एक नजर

### सुपर डांसर चैप्टर 5 में सेंसेशनल सोमांश का जलवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का 'सुपर डांसर चैप्टर 5' केवल बच्चों के प्रतिभा मंच भर नहीं है, बल्कि यह उन माताओं की निस्वार्थ ममता और अटूट समर्थन का उत्सव भी है जो अपने बच्चों के सपनों को उड़ान देने में सबसे बड़ी ताकत बनती हैं। सोशल मीडिया पर इन छोटे-छोटे डांसिंग स्टार्स के परफॉर्मेंस को लाखों लोग देख और पसंद कर रहे हैं, यह साबित करते हुए कि दिल जीतने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं होती। उतराखंड के रामनगर से आए सेंसेशनल सोमांश डंगवाल के लिए भारत के सबसे बड़े डांसिंग मंच तक का सफर उसकी मां की हिम्मत और बिना शर्त प्यार की बदौलत ही मुमकिन हो पाया है। सेंसेशनल सोमांश के लिए उसकी मां कंचन डंगवाल सबसे बड़ी ताकत बनकर खड़ी हैं। वह कहती हैं,ष्मैं कभी भी घर से बाहर निकलने से डरती थी। रामनगर जैसे छोटे शहर में तो सूर्यास्त के बाद बाहर जाना भी असुरक्षित लगता था। लेकिन अपने बेटे के सपने के लिए मैंने सारे डर पीछे छोड़ दिए, अपना शहर छोड़ा और मुंबई जैसे बड़े शहर में आ गई। एक मां अपने बच्चे के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। आज मुझे गर्व है कि सोमांश 'सुपर डांसर चैप्टर 5' जैसे बड़े मंच पर नजर आएगा। मुझे उसके टैलेंट पर पूरा भरोसा है और मैं हमेशा उसके साथ हूं।

### गुरुचरण सिंह राजू के निष्कासन के विरोध में इस्तीफों की झड़ी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की राजनीति में उस समय हलचल मच गई जब कृष्णा नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुरुचरण सिंह राजू को कांग्रेस पार्टी से अचानक निष्कासित कर दिया गया। इस फैसले के विरोध में कृष्णा नगर जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अश्वनी कपूर और गीता कॉलोनी कांग्रेस के लोकप्रिय अध्यक्ष जुगल किशोर ने अपने पदों से त्यागपत्र दे दिया। इन दोनों वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस द्वारा लिए गए इस फैसले को अन्यायपूर्ण और तानाशाही करार देते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से इस निर्णय को तुरंत रद्द करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पार्टी ऐसे समय में जब संगठन को एकजुटता और मजबूती की आवश्यकता है, तब ऐसे जमीनी नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाना कांग्रेस के अस्तित्व पर ही सवाल खड़े कर रहा है। अश्वनी कपूर औरजुगल किशोर ने कहा कि गुरुचरण सिंह राजू जी का कांग्रेस पार्टी में योगदान अतुलनीय है। वह बीते चार दशकों से कांग्रेस संगठन की सेवा में जुटे हैं। उनका परिवार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पृष्ठभूमि से जुड़ा रहा है और आज भी यमुना पार के कोने-कोने में कांग्रेस को मजबूत करने में उनकी अहम भूमिका रही है। इन नेताओं का कहना है कि जहां राहुल गांधी देश के हर कोने में कांग्रेस की जड़ों को सींचने के लिए 'भारत जोड़ो यात्रा', 'न्याय यात्रा' जैसी पहल करके मेहनत कर रहे हैं, वहीं दिल्ली में प्रदेश नेतृत्व ऐसे कर्मठ और लोकप्रिय नेता को बिना किसी ठोस कारण के पार्टी से बाहर कर रहा है। इससे कांग्रेस की छवि को गहरा आघात लगा है।

### 'स्पेस एक्सेलेरेटर प्रोग्राम लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (AWS) ने आज एडब्लूएस स्पेस एक्सेलेरेटर: APJ 2025 लॉन्च किया। यह प्रोग्राम एशिया पैसिफिक और जापान (APJ) में स्पेस टेक्नोलॉजी पर केंद्रित स्टार्टअप्स को सपोर्ट देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य एशिया पैसिफिक क्षेत्र में इनोवेशन बढ़ाना और स्पेस इकोनॉमी में तेजी लाना है।

इस 10-सप्ताह के एक्सेलेरेटर प्रोग्राम में 40 तक चयनित स्टार्टअप्स को समर्पित व्यवसायिक संसाधन, विशेषज्ञता और टेक्नोलॉजी एवं बिजनेस क्षमताओं का मार्गदर्शन दिया जाएगा, ताकि वो एडब्लूएस की मदद से अपने मिशन का निर्माण, विकास और विस्तार कर सकें। इस एक्सेलरेटर प्रोग्राम में स्पेस सेक्टर में काम कर रहे हर स्टेज के स्टार्टअप हिस्सा ले सकते हैं, जो भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड या जापान में स्थित हैं। इस प्रोग्राम की मदद से प्रतिभागी अपने टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म का निर्माण कर सकते हैं, अपने ऑपरेशंस का विस्तार कर सकते हैं, और निवेश के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं।

# कालिंदी कुंज मार्ग पर लगे जाम ने किया लोगों को परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नोएडा की तरफ जाने वाले कालिंदी कुंज मार्ग पर भारी जाम लग गया है। कालिंदी कुंज और नोएडा रोड के बीच गाड़ियों की लंबी कतार दिख रही है। लोग दो घंटे तक जाम में फंसे रहे। इस मार्ग पर कांवड़ के चलते एक सड़क बंद की गई है। इस वजह से यहां जाम की स्थिति बन गई है। ट्रैफिक पुलिस ने पहले ही एडवाइजरी जारी कर दी थी।

दिल्ली में कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि यह व्यवस्था १३ जुलाई से २३ जुलाई तक रहेगी। बड़ी संख्या में कांवड़ियों के नोएडा, कालिंदी कुंज और आगरा कैनाल रोड होते हुए फरीदाबाद, गुरुग्राम और राजस्थान की ओर जाने की उम्मीद है।

सुचारू यातायात सुनिश्चित करने और यातायात की भीड़भाड़ से बचने के लिए १३ जुलाई से २३ जुलाई २०२५ तक विशेष यातायात व्यवस्था और प्रतिबंध लागू किए गए हैं। कालिंदी कुंज से नोएडा रोड का आधा कैरिजवे भी बंद। इस वजह से इन रास्तों पर भारी यातायात भीड़भाड़ की आशंका है।


# स्वास्थ्य मंत्री ने की जीटीबी अस्पताल में हो रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने गुरु तेग बहादुर अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। स्वास्थ्य मंत्री ने जीटीबी अस्पताल में चल रहे सभी तरह के सिविक और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े कार्यों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक के बाद कहा कि 'स्वस्थ दिल्ली, सशक्त दिल्ली' के संकल्प को पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर को भी बेहद मजबूत बनाने में जुटी है। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में चल रहे सभी सिविक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द पूरा किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. सिंह ने ळ्ज्ठ अस्पताल में १४ नए आईसीयू बेड्स को तुरंत चालू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि आईसीयू जैसी जरूरी मेडिकल सुविधाएं जल्द से जल्द मरीजों की सेवा में समर्पित किया जा सके।

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने अस्पताल में इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी सभी कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश देते हुए कहा कि जीटीबी अस्पताल की पुरानी और खराब पड़ी लिफ्ट को तत्काल बदलकर तुरंत चालू करने के निर्देश दिए हैं, ताकि अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों के साथ ही डॉक्टर और स्टाफ को भी किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मंत्री महोदय ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि इमरजेंसी वार्ड को जल्द से जल्द वेंटिलेटर आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम और अन्य अत्याधुनिक जीवन रक्षक उपकरणों से अपग्रेड किया जाए।अस्पताल आने वाले मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया कि अस्पताल के कैंपस में खुले पड़े सभी बिजली के तारों को तुरंत उचित तरीके से कवर किया जाए। ताकि भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना नहीं हो। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने चिकित्सा अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में चल रहे सभी सिविक और इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यो की प्रगति का खुद निरीक्षण करें और इसकी विस्तृत रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपें।



**नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मच्छरों के प्रजनन स्रोत पर रोक लगाने के लिए जांच अभियान चलाते हुए।**

# नगर निगम ने चलाया मच्छरों के प्रजनन को नष्ट करने का अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा मच्छरों के प्रजनन को स्रोत पर ही रोकने के लिए एक विशेष जांच अभियान चलाया गया। दिल्ली नगर निगम का जन स्वास्थ्य विभाग नियमित रूप से मच्छरों के प्रजनन की दृष्टि से संवेदनशील स्थलों एवं विभागों में अभियान चलाकर जांच करता है।

इसी क्रम में दिल्ली नगर निगम के सभी क्षेत्रों में एक साथ यह विशेष अभियान चलाया गया जिसमें मच्छरों के प्रजनन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों की जांच की गई। इस अभियान के अंतर्गत १,२१,३४४ परिसरों की जांच की गई एवं १,४१५ स्थलों पर मच्छरों का प्रजनन पाया गया जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया और एंटी-लार्वा गति. विधियाँ भी की गईं। निगम के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा ३,४०८ स्टीकर चिपकाए गए एवं १९७ पॉलीफोम चार्ट/बैनर प्रदर्शित किए गए। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा ९३९ कानूनी नोटिस जारी किए गए एवं २०९ अभियोजन दायर किए गए।

डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियां एडीज और एनोफिलीज मच्छरों के माध्यम से फैलती हैं। एडीज मच्छर साफ जमा पानी में पनपता है जैसे कि ड्रम, कूलर, टिन, टायर, कबाड़, फूलदान, मनी प्लांट और ओवरहेड टैंक आदि। मच्छरों के प्रजनन को जलजमाव को स्रोत पर ही रोककर आसानी से रोका जा सकता है। कुछ विभाग मच्छरों के प्रजनन की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील हैं जैसे निर्माण स्थल, पार्क व नर्सरी, सरकारी कार्यालय, पुलिस थाने (मालखाना सहित), डीटीसी डिपो, डीडीए परिसर, दिल्ली जल बोर्ड परिसर, नाले, जलाशय, स्मारक स्थल, पर्यटन स्थल एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्र।

# प्रभास हमेशा करना चाहते थे होम्बले फिल्म्स के साथ काम

**नई दिल्ली।** प्रभास सच में सबसे बड़े पैन इंडिया सुपर स्टार हैं, जिन्होंने बाहुबली सीरीज, आदिपुरुष, सलार: पार्ट 1 - सीजफायर, कल्कि 2898 एडी जैसी कई बड़ी हिट फिल्में दी हैं। जब होम्बले फिल्म्स ने प्रभास के साथ सलार: पार्ट 1 - सीजफायर बनाई, तो प्रभास ने होम्बले फिल्म्स के सफर से जुड़ी एक खास बात याद की। उन्होंने कहा, मुझे केजीएफ का एक पल अब भी याद है।

वो प्रशांत नील की पहली फिल्म थी (इस कंपनी के साथ) और उनका दूसरा प्रोजेक्ट था, तभी सेट पर आग लग गई। खर्च पहले ही ज्यादा था और पूरी टीम टेंशन में थी। तब विजय सर ने कहा, 'शांत रहो, पैसे की चिंता मत करो बस काम अच्छा करो,' उन्होंने बताया, यही बेफिक्री उन्हें खास बनाती है। मैंने कांटारा और दूसरी फिल्मों में भी ऐसे ही किस्से सुने हैं। वो हमेशा अपने टीम से कहते हैं, 'मेरी फिल्मों में अच्छा काम सबसे जरूरी है।' इसलिए मैं उनके साथ काम करना चाहता हूं, क्योंकि वो कभी भी काम की क्वालिटी से समझौता नहीं करते। होम्बले फिल्म्स भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी फिल्म कंपनियों में से एक है, जिसने कई बड़ी पैन इंडिया हिट फिल्में दी हैं। बेहतरीन फिल्मों को दर्शाने के अपने अंदाज के चलते, ये हमेशा बड़े कलाकारों, टॉप टेक्नीशियंस, शानदार बैकग्राउंड म्यूजिक, दमदार कहानियों और हर चीज के बेस्ट को एक साथ लाते हैं। केजीएफ: चैप्टर 1 और चैप्टर 2, कंतारा और सलार: पार्ट 1- सीजफायर जैसी फिल्मों के पीछे यही टीम रही है, जो सभी बड़े पैन इंडिया हिट बनीं।

## जेएनयू में पीएचडी दाखिले की तारीख 22 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** जेएनयू ने शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ के लिए पीएचडी में दाखिले के पंजीकरण की तारीख बढ़ा दी है। विवि प्रशासन द्वारा सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, अब इच्छुक छात्र २२ जुलाई २०२५ तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पीएचडी में दाखिला नेट/ जेआरएफ/गेट के जरिये मिलेगा। एडमिशन पॉलिसी के मुताबिक, यूजीसी नेट स्कोर को ७०% वेटेज दिया जाएगा और बाकी ३०% वाइवा-वॉयस के लिए होगा।

दरअसल, जेएनयू छात्रसंघ ने पीएचडी दाखिले के लिए पंजीकरण तारीख बढ़ाने की मांग की थी। इस संबंध में छात्रसंघ के पदाधिकारियों ने दाखिला निदेशक को पत्र लिखा था। पत्र के अनुसार, यूजीसी नेट जून २०२५ की परीक्षा में पास होने वाले छात्रों को मौजूदा पीएचडी दाखिला प्रक्रिया में कोई मुश्किल नहीं होनी चाहिए और नेट का परिणाम घोषित होने तक पीएचडी दाखिला पंजीकरण की तारीख को बढ़ाया जाए।

# बदलती जलवायु के लिए आईजीयू तकनीक पेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रीमियम ग्लास और फसाड सॉल्यूशन्स में जाना-माना नाम शंकर फेनेस्ट्रेशन्स एंड ग्लासेज लेकर आया है अपनी नई इंसुलेटेड ग्लास यूनिट तकनीक, जिसे खासतौर पर भारत के अलग-अलग मौसम और वातावरण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

एसएफजी की यह तकनीक गर्मी से बचाव और बिजली की बचत के लिए थर्मल इंसुलेशन, शोर कम करने की खासियत। चाहे दिल्ली की गर्मी हो, चेन्नई की नमी या शिमला की ठंडी ख्र यह ग्लास हर जगह फिट बैठता है। इसे मॉडर्न स्लाइडिंग डोर और उन्नत फसाड डिजाइनों के साथ भी आसानी से लगाया जा सकता है, जिससे यह घरों और ऑफिस बिल्डिंग्स के लिए एकदम सही है। दिनेश चंद्र पांडे, संस्थापक, शंकर फेनेस्ट्रेशन्स एंड ग्लासेज, कहते हैं आज के समय में काँच सिर्फ दिखने के लिए नहीं है, बल्कि उसे समझदारी से काम भी करना चाहिए। हमारे नए आईजीयू सिस्टम न सिर्फ बिजली की खपत कम करते हैं, बल्कि शोर को भी घटाते हैं और अंदर का वातावरण आरामदायक बनाते हैं। ये उन इमारतों के लिए भी मददगार हैं जो ग्रीन सर्टिफिकेशन पाना चाहती हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## मुरादनगर गंगनहर घाट पर कांवड़ यात्रा की

# तैयारियों का निरीक्षण, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**मुरादनगर।** मुरादनगर गंगनहर घाट पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं कानून-व्यवस्था), कमिश्नरेट गाजियाबाद और जिलाधिकारी गाजियाबाद दीपक मीणा द्वारा कांवड़ यात्रा के सुचारू संचालन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कांवड़ मार्ग और गंगनहर घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गंगनहर घाट पर आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही, घाट पर तैनात SDRF



(राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम को किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए सतर्क रहने के लिए कहा गया। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आपीएसी की 41वीं कंपनी को जल रक्षक पुलिस के रूप में एक मोटरबोट के साथ तैनात किया गया है। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा को सकुशल और सुरक्षित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में चौथा कांवड़ सेवा शिविर

**■ युवा मोर्चा द्वारा चौथा कावड़ सेवा कैंप जिसमें भक्तों के लिए नि:शुल्क भोजन, रहने एवं चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध होगी**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालु कांवड़ियों की सेवा हेतु चौथा कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन दिनांक 20 जुलाई 2025 को किया जा रहा है। यह शिविर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है।

इस शिविर का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढ़ा करेंगे एवं सभी भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेवा भाव से एक जुट होकर कार्य करेंगे। इस विशेष सेवा शिविर में भक्तों के लिए नि:शुल्क आवास, भोजन, जलपान एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। यह शिविर न केवल धार्मिक श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल का कार्य करेगा, बल्कि उन्हें सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं से भी लाभान्वित करेगा।

भाजपा युवा मोर्चा के महानगर मीडिया प्रभारी ने अभिजीत मुखर्जी ने बताया कि, 'कांवड़ यात्रा भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। इसमें लाखों श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी सेवा कर उनके कठिन मार्ग को सहज बनाएं।' भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि, 'सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। युवा मोर्चा द्वारा किया जा रहा यह प्रयास वास्तव में सराहनीय है और भारतीय जनता पार्टी की जनसेवा की भावना को सजीव करता है।' शिविर स्थल मोहन नगर ऑटो स्टैंड डीसीपी ऑफिस के पास है और अन्य आवश्यक जानकारी शीघ्र ही भाजपा युवा मोर्चा के आधिकारिक सोशल मीडिया चौनलों पर साझा की जाएगी।

## रुद्राभिषेक महोत्सव का दिव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार के दिन प्राचीन सनातन धर्म मंदिर में रुद्राभिषेक महोत्सव का दिव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन कौशांबी के सात परिवार द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर आयोजित किया गया। ब्राह्मण द्वारा विधि विधान से शिवजी का रुद्राभिषेक किया गया। इसके पश्चात फूलों के द्वारा भगवान शिव का भव्य श्रृंगार किया गया उसके बाद आरती एवं प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुसुम गोयल पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक समाजसेवी सुनील गांधी कौशांबी प्लॉट एरिया के अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव



राजन मल्होत्रा अजीत नारंग संजय बत्रा नरेश मिगलानी सुदीप यादव द्वारा जजमान के रूप में सम्मिलित होकर रुद्राभिषेक किया इस अवसर पर कौशांबी के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शहर में 10 से ज्यादा इलाकों में बिजली कटौती रही

**गाजियाबाद।** शहर में 10 से ज्यादा इलाकों में बिजली कटौती रही। इस कारण लोगों ने गर्मी में परेशानी झेली। फॉल्ट की वजह से बिजली कटौती रही। हापुड़ रोड स्थित गंगापुरम कॉलोनी में सुबह करीब नौ बजे बिजली चली गई। करीब ढाई घंटे तक बिजली कटौती रही। बिजली गुल होने से गर्मी में लोग परेशान रहे। बिजली जाने से लोगों के सामने पानी संकट भी खड़ा हो गया। सुबह 11:30 बजे बिजली आई। इसके बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली। गंगापुरम निवासी रोहित शर्मा और हरिओम सिंह ने बताया कई दिन से बिजली कटौती से दिक्कत उठानी पड़ रही है।

## गाजियाबाद-मेरठ मार्ग पर कांवड़ यात्रा के लिए

# विशेष व्यवस्था, जानें ट्रैफिक के लिए क्या हैं व्यवस्था

**■ इस दौरान मेरठ से दिल्ली की ओर जाने वाली लेन को पूरी तरह से कांवड़ियों के लिए आरक्षित किया गया हैं, जबकि दूसरी लेन नियमित ट्रैफिक के लिए खुली रखी गई है**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सावन मास की शुरुआत के साथ ही कांवड़ यात्रा को लेकर गाजियाबाद और मेरठ में प्रशासन ने यातायात व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए हैं। आज से दिल्ली-मेरठ मार्ग (एनएच-34, पूर्व में एनएच-58) को कांवड़ियों के लिए एकतरफा (वन-वे) कर दिया गया है।

इस दौरान मेरठ से दिल्ली की ओर जाने वाली लेन को पूरी तरह से कांवड़ियों के लिए आरक्षित किया गया हैं। जबकि दूसरी लेन नियमित ट्रैफिक के लिए खुली रखी गई है।

यह व्यवस्था 14 जुलाई दोपहर 12 बजे से लागू हो चुकी है और 17 जुलाई की रात 10 बजे से दोनों लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित हो जाएंगी। गाजियाबाद पुलिस और यातायात विभाग ने कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए व्यापक ट्रैफिक डायवर्जन प्लान तैयार किया है।

एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया कि मोहन. नगर, मेरठ तिराहा, राजनगर एक्सटेंशन, और हापुड़ चुंगी की ओर से दिल्ली-मेरठ मार्ग पर केवल मेरठ जाने वाली लेन पर वाहन चल सकेंगे। कांवड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

इसके अलावा, दूधेश्वरनाथ मंदिर के आसपास गौशाला रोड पर वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है, ताकि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो। यातायात पुलिस ने कांवड़ मार्ग पर 1000 बैरिकेडिंग और 700 कर्मियों की तैनाती की है।

कंट्रोल रूम से सीसीटीवी के माध्यम से हर मिनट निगरानी की जा रही है, और आपातकालीन सेवाओं के लिए विशेष लेन भी आरक्षित की गई हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान गाजियाबाद में लगभग 220 किलोमीटर का कांवड़ कॉरिडोर बनाया गया है, जो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कांवड़ियों के लिए महत्वपूर्ण मार्ग है।

## 58 लाख रुपये लेकर दूसरे को किया बैनामा

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थानाक्षेत्र में जमीन बेचने का झांसा दे कंपनी से 58 लाख रुपये ठग लिए। जमीन की मिट्टी बेच दी और इसका बैनामा दूसरे व्यक्ति को कर दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वैशाली में रहने वाले जगदीश प्रसाद डागा एक रियल एस्टेट कंपनी में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 11 साल पहले कंपनी ने रिस्तल गांव में जमीन देखी थी, जिसके लिए दर्शन से करीब पौने तीन करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ। 53 लाख रुपये बयाना देकर कंपनी के नाम एग्रीमेंट हो गया। बैनामा के समय तहसील में हड़ताल के कारण इसे टालना पड़ा और बाद में दर्शन बीमारी आदि के बहाने बनाने लगा।

## 151 लीटर की कांवड़ लेकर गाजियाबाद पहुंचने पर

# हर्षित भोले का शिवभक्तों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हरिद्वार, हर की पौड़ी से एक जून को 151 लीटर जल भरकर हर्षित भोले के गाजियाबाद पहुँचने पर शिव भक्तों ने स्वागत किया। संजय नगर सैक्टर 23 के हर्षित वर्मा भोले ने एक जून को हरिद्वार हर की पौड़ी से जल भरकर गाजियाबाद संजय नगर के शिव मंदिर पर जलाभिषेक करने के लिए 151 लीटर की भारी कांवड़ उठायी थी।



लगभग पैतालीस दिनों की कठिन यात्रा के बाद हर्षित भोले मुरादनगर पहुंचे, जहाँ उनका स्वागत रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बिरेंद्र बाबू वर्मा, मोहन सिंह रावत, अशोक चांदीवाल, पार्षद कपिल वशिष्ठ, मिडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, पवन शर्मा, चेतन गौड, अरूण शर्मा, मनोज कुमार वर्मा ने किया।

हर्षित भोले ने 151 लीटर जल की कांवड़ का लगभग 180 किलोमीटर का सफर पैतालीस दिनों में पूरा किया है। और यह कांवड़ 22 जुलाई को संजय नगर पहुँचेगी चूंकि यह संजय नगर की पहली भारी कांवड़ है। जिस कारण इसके संजय नगर पहुँचने पर क्षेत्र के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया जायेगा।

# शालीमार गार्डन में निर्माण कार्य के दौरान हादसा, मजदूर की गई जान

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2 स्थित बी-153 अपार्टमेंट में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। मरम्मत का काम कर रहे मजदूर सुमित की ऊपरी मंजिल से गिरने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सुमित अपार्टमेंट के ऊपरी हिस्से में छज्जे की मरम्मत कर रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे आ गिरा। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, सोमवार को इसी अपार्टमेंट का छज्जा अचानक टूटकर नीचे खड़ी एक थार गाड़ी पर गिर गया था। इसके बाद मंगलवार सुबह मरम्मत का काम शुरू किया गया था, जिसमें सुमित समेत अन्य मजदूर लगे हुए थे। मरम्मत के दौरान सुरक्षा बेल्ट या अन्य उपकरणों का इस्तेमाल न करने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना ने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी को उजागर किया है। स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि अपार्टमेंट में मरम्मत कार्य बिना किसी सुरक्षा उपाय के कराया जा रहा था। लोगों का कहना है कि मजदूरों के लिए सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट या नेट लगाने जैसी बुनियादी सुरक्षा व्यवस्था तक नहीं थी। हादसे के बाद इलाके में गुस्सा और चिंता का माहौल है। कई लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और नियमों के कड़ाई से पालन की मांग की है। प्रशास. निक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कराई जाएगी और जिम्मेदारों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने संबंधित ठेकेदार और अपार्टमेंट प्रबंधन से पूछताछ शुरू कर दी है। मजदूरों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े होने के बाद नगर निगम और श्रम विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की अनिवार्य जांच और निगरानी की जाएगी।

## पुलिस की मार से बच्चे की गई जान, राष्ट्रीय समाज पार्टी का पीएम मोदी के नाम ज्ञापन

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय समाज पार्टी ने हिसार (हरियाणा) में पुलिस द्वारा की गई बर्बरता और दलित युवक की मौत के मामले में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन डीएम गाजियाबाद को सौंपा। घटना 12 क्वार्टर, भारत नगर, हिसार की है, जहां विक्रम वाल्मीकि का कहना हैं कि वह अपने बेटे गणेश का जन्मदिन म्यूजिक बजाकर मना रहा था। यह अधिकार भारतीय संविधान द्वारा सभी नागरिकों को प्रदान है। लेकिन नशे में धुत हरियाणा पुलिस ने न सिर्फ म्यूजिक बंद करवाया, बल्कि जातिसूचक गालियां दीं और मारपीट शुरू कर दी। महिलाओं के साथ भी बदसलूकी की गई। घबराकर मासूम गणेश अपने दोस्त के साथ छत पर जा छुपा, लेकिन पुलिस



ने उन्हें भी नहीं बख्शा। लाठी मारकर बच्चों को छत से नीचे गिरा दिया गया। घटना स्थल पर ही गणेश की मृत्यु हो गई और दूसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल है। इस दर्दनाक घटना को नौ दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक न शव का अंतिम संस्कार हुआ है, न ही कोई एफआईआर दर्ज हुई है। राष्ट्रीय समाज पार्टी अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कीर ने इसे दलित विरोधी हत्या बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह से न्याय की अपील की है।

पार्टी ने दोषी पुलिसकर्मियों की तुरंत गिरफ्तारी, एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने, पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा व सरकारी नौकरी की मांग की है। इस मौके पर कई प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें भूरे सिंह, रामभूल पाल, सोमपाल, पूनम पाल, जयदीप पाल, राजेंद्र पाल शामिल हैं। राष्ट्रीय समाज पार्टी ने इस अमानवीय घटना की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की और न्याय की मांग दोहराई।

## पिता-बेटी को कार चालक ने मारी टक्कर विरोध पर पीटा

**लोनी।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र की काका विहार कालोनी में 14 मई को कार चालक ने दुकान से सामान लेकर पिता के साथ आ रही 11 वर्षीय बेटी को टक्कर मार दी। विरोध करने पर कार चालक ने रिश्तेदारों के साथ उनके घर में घुसकर मारपीट की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सोमवार को 16 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं। काका विहार कालोनी निवासी विनोद 14 मई को 11 वर्षीय बेटी के साथ दुकान पर घर का सामान लेने गये थे। घर लौटते समय पड़ोस में रहने वाले सतवीर के रिश्तेदार ने बेटी को कार से टक्कर मार दी। विरोध जताने पर चालक ने उनके साथ मारपीट की।

## पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भाजपा के ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष के पिताजी के स्वर्गवास की पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, शहर विधायक संजीव शर्मा, एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व पार्षद ललित कश्यप, वर्तमान पार्षद नरेश जाटव, भाजपा नेता मनोज कांगड़ा, पूर्व पार्षद धर्मेंद्र प्रधान, वार्ड अध्यक्ष सुशील मौर्य, गौ रक्षा प्रमुख विशाल भारद्वाज सहित अनेक गणमान्य



जन, सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व, जीवन मूल्यों और सामाजिक योगदान को स्मरण किया। सभा में शांति और श्रद्धा का भावपूर्ण वातावरण रहा

# सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक और एमटेक छात्रों को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुंदरदीप इंजी. नियरिंग कॉलेज ने आज अपने बीटेक और एमटेक के स्नातक छात्रों को एक यादगार और भावभीनी विदाई समारोह के साथ अलविदा कहा। यह अवसर छात्रों के लिए कॉलेज के सुनहरे दिनों को याद करने और अपने जीवन के एक नए, रोमांचक अध्याय की शुरुआत का प्रतीक बना। समारोह का आगाज पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसने पूरे माहौल को ज्ञान, सकारात्मकता और शुभता से भर दिया। इस पवित्र शुरुआत के बाद, कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक शानदार प्रस्तुति दी।

इन प्रस्तुतियों में मनमोहक नृत्य, मधुर गायन, प्रेरणादायक नाटक और कविता पाठ शामिल थे, जिन्होंने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साह से गूंज उठा, जो छात्रों की रचनात्मकता और समर्पण को दर्शाता था। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर, कॉलेज के शीर्ष नेतृत्व महेंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष), अखिल अग्रवाल (उपाध्यक्ष), नितिन अग्रवाल (प्रो-कुलाधिपति), डॉ. प्रसन्नजीत कुमार (कुल. पति), पीयूष श्रीवास्तव (प्रो-वाइस चांसलर, एसजीयू), डॉ. राजीव रतन (रजिस्ट्रार), और सुभाष शर्मा (मुख्य लेखा अधिकारी)' ने अपने गहन और प्रेरक उद्बोधनों से छात्रों का मार्गदर्शन किया। उनके भाषणों में न केवल छात्रों को उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं, बल्कि उन्हें समाज में एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में योगदान देने, चुनौतियों का सामना करने और अवसरों को भुनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

उन्होंने छात्रों को याद दिलाया कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि ज्ञान, कौशल और मूल्यों को आत्मसात करना है जो उन्हें एक सफल और सार्थक जीवन जीने में मदद करेंगे। इसके पश्चात




सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज की निदेशक, डॉ. मोनिका सेंगर ने अपने स्वागत भाषण में छात्रों को उनके भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत, लगन और कॉलेज में बिताए गए यादगार पलों के लिए बधाई दी। डॉ. सेंगर ने छात्रों को हमेशा आगे बढ़ने और जीवन में आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए प्रेरित किया। समारोह का एक और रोमांचक और प्रतीक्षित हिस्सा था विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों का वितरण।

मिस्टर फेयरवेल दीपांशु त्यागी मिस फेयरवेल खुशी शर्मा मिस्टर अटायर अक्षत वर्मा मिस अटायर योगिता मिस्टर परफेक्शनिस्ट गौरव शिशोदिया मिस परफेक्शनिस्ट अंजलि शर्मा जैसे प्रतिष्ठित खिताबों के लिए उत्साहपूर्वक प्रतिस्पर्धा की। इन प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा, शैली और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे समारोह में एक अलग ही रौनक आ गई। इन खिताबों ने न केवल छात्रों के व्यक्तिगत गुणों और प्रतिभा को सराहा, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया। छात्रों की रोमांचक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और पूरे हॉल में हंसी और उत्साह भर दिया।

इस भव्य और सफल विदाई समारोह को आयोजित करने में बी.टेक सीएसई विभागाध्यक्ष श्रीमती वंदना शर्मा और उनकी टीम के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. गावेंद्र सिंह, पायल गोयल, कपिल देव शर्मा, विभोर गुप्ता, निधि शर्मा, आरजू जैन, शगुन, पंकज तिवारी, मोनू कुमार ने छात्रों के साथ मिलकर इस यादगार दिन को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास किए। इसके अतिरिक्त, प्री-फाइनल ईयर के छात्रों का भी इस आयोजन में विशेष योगदान रहा, जिन्होंने अपने सीनियर्स के लिए एक यादगार विदाई सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सभी ने छात्रों को उनके भविष्य के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया। साथ ही, एसडीजीआई एवं एसजीयू के निदेशकगण, एडमिशन सेल, एवं सीआरसी विभाग के गणमान्य प्रतिनिधि भी समारोह में उपस्थित रहे और छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# 12 आईपीएस अधिकारियों का तबादला

■ सुरक्षा युनिट में तैनात संयुक्त आयुक्त विक्रमजीत सिंह को एसीबी का नया चीफ बनाया गया।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के १२ आईपीएस के कार्यक्षेत्र बदल दिए गए हैं। इन्हें एक यूनिट व जिले से हटाकर दूसरे यूनिट और जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई। करीब पौने तीन साल से भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) में तैनात रहे संयुक्त आयुक्त मधुर वर्मा की दिल्ली पुलिस में वापसी हो गई।

एसीबी में आने से पहले उनकी तैनाती केंद्र शासित प्रदेश में थी। सुरक्षा युनिट में तैनात संयुक्त आयुक्त विक्रमजीत सिंह को एसीबी का नया चीफ बनाया गया है। इससे पहले विक्रमजीत सिंह पूर्वी रेंज और नई दिल्ली रेंज में संयुक्त आयुक्त भी रहे। बाहर की पोस्टिंग काटकर लंबे समय बाद दिल्ली पुलिस में लौटे विशेष आयुक्त राजेश खुराना को दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पिछले करीब दो माह से उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं मिल पाई थी। दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन में तैनात विशेष आयुक्त नीरज कुमार को फाइनेंस डिवीजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनके पास विजिलेंस की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी है। फाइनेंस डिवीजन में तैनात विशेष आयुक्त गरिमा भटनागर को आर्थिक अपराध में भेज दिया गया है। दिल्ली पुलिस अकादमी के डायरेक्टर संयुक्त आयुक्त धीरज कुमार को आर्म्ड फोर्स की नई जिम्मेदारी सौंपी गई। आर्म्ड फोर्स में संयुक्त आयुक्त एमएन तिवारी को सुरक्षा यूनिट भेज दिया गया। मधुर वर्मा को मध्य रेंज का संयुक्त आयुक्त बनाया गया है। पीसीआर में तैनात संयुक्त आयुक्त एवी देश पांडे को पीसीआर की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा उन्हें लाइसेंसिंग की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली है।

लाइसेंसिंग में तैनात नूपुर प्रसाद को आर्थिक अपराध शाखा में भेज दिया गया। करीब तीन माह पहले ही उन्हें लाइसेंसिंग में लगाया गया था। सुरक्षा यूनिट में तैनात एडिशनल डीसीपी जगदेव सिंह को पूर्वी जिले में भेज दिया गया। पूर्वी जिले में तैनात एडिशनल डीसीपी सुनील को उत्तर-पश्चिम जिला और एसीपी मॉडल टाउन अभिषेक गुप्ता को पदोन्नत कर एडिशनल डीसीपी सुरक्षा यूनिट में भेजा गया है।

## 6 सरकारी अस्पतालों में होगी नए सिरे से निदेशकों की भर्ती, मसौदा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य विभाग ने राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय, इहबास, जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस और दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट में निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में यह सूचना जारी की है।

निदेशक के पद पर सीधे भर्ती के लिए ६२ वर्ष तक की उम्र तय की गई है। निदेशक का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से पांच वर्ष या ६५ वर्ष की आयु होने तक (जो भी पहले) होगा। विभागीय प्रोन्नति के लिए छह सदस्यों वाली एक स्क्रीनिंग कम चयन समिति भी होगी। इसमें राजस्व विभाग, वित्त विभाग और लोकनायक अस्पताल, जीबी पंत अस्पताल, एमएएम कॉलेज के प्रमुख के अलावा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग से भी अधिकारी होंगे। मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंस में निदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए बीडीएस डिग्री को अनिवार्य किया गया है। भर्ती नियम के संबंध में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने मसौदा जारी किया है। इस पर विभाग ने एक ईमेल आईडी जारी कर हितधारकों से १० अगस्त तक सुझाव मांगे हैं।

# मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद हटाई 16 हजार अवैध होर्डिंग्स

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शहर को गंदा करने के साथ निगम के राजस्व को चूना लगा रहे अवैध होर्डिंग्स और पोस्टर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सख्ती के बाद निगम ने बड़ी कार्रवाई की है। पिछले दो माह में एमसीडी ने १६ हजार से अधिक होर्डिंग्स हटाने के साथ एक लाख से अधिक पोस्टर हटाए हैं।

पहले यह कार्रवाई दिल्ली में चुनाव की आचार संहिता के दौरान होती थी। निगम ने कार्रवाई के साथ यह सुनिश्चित किया है कि क्षेत्रीय उपायुक्त अपने-अपने इलाके का प्रतिदिन जमीनी निरीक्षण करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि शहर को गंदा करने के साथ निगम की अधिकृत विज्ञापन साइट का उपयोग न करके दीवारों से लेकर सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग्स और पोस्टर न हो। निगम के अनुसार १,००,३७० पोस्टर मई और जून में हटाए हैं।

इसी तरह उपरोक्त समय-सीमा में ३९,०७५ बैनर और १६,६४२ होर्डिंग्स हटाए हैं। बता दें कि एमसीडी १४ हजार करोड़ के घाटे में चल रहा है। ऐसे में निगम का नेतृत्व चाहता है कि राजस्व के स्रोत को मजबूत किया जाए लेकिन विज्ञापन और पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं विभाग (डेम्स) की लापरवाही के चलते निगम को करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा था। अधिकृत साइटों पर भी ही आउटडोर विज्ञापन होने चाहिए, लेकिन दिल्ली के रिहायशी इलाकों से लेकर व्यावसायिक क्षेत्रों में अवैध होर्डिंग्स, वाल रैप की भरमार है। अवैध होर्डिंग्स पोस्टर आसानी से लग जाने से भी अधिकृत साइट पर विज्ञापन उतने नहीं आते । इससे निगम को राजस्व नुकसान होता है जिसकी मात्रा करोड़ों रुपये हो सकती है।

नगर निगम की मेट्रो की संपत्ति पर लगाए गए विज्ञापनों से होने वाले राजस्व में ३५ प्रतिशत की भागीदारी है। निगम को मेट्रो से आउटडोर एडवरटाइजिंग से मात्र ७.१५ करोड़ रुपये का राजस्व वित्त वर्ष २०२४-२५ में हुआ है। इस पर पीतमपुरा से पार्षद अमित नागपाल ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मेट्रो के पास प्राइम लोकेशन हैं और वहां पर विज्ञापन ज्यादा आते हैं। ऐसे में मेट्रो से ३५ प्रतिशत राजस्व में भागीदारी कम है। साथ ही जो राजस्व आ रहा है वह भी बहुत कम है।

# डीटीसी का कायापलट करेगी सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी के लोगों को बेहतरीन व विश्वस्तरीय परिवहन सेवा मुहैया कराने के लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) का कायापलट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस योजना के तहत जल्द ही स्मार्ट कार्ड जारी होंगे, डीटीसी की बसों के रूट नए तरह से निर्धारित किए जा रहे हैं, दिल्ली के अंतरराज्यीय बस अड्डों को अति आधुनिक बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही बस क्यू शैल्टर (बस स्टैंड) को यात्रियों के लिए सुविधाजनक और हाईटेक बनाया जा रहा है। इस मसले को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने परिवहन विभाग की एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह, चीफ सेक्रेटरी धमेंद्र, परिवहन आयुक्त निहा. रिका राय व अन्य आला अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि पूर्व सरकार की बदइंतजामी के कारण ६० हजार करोड़ के घाटे में चल रही डीटीसी को हर हाल में उबारकर उसे बेहतरीन परिवहन सेवा में बदला जाएगा। हमारी सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है। इसके लिए छोटी (देवी I) और बड़ी बसों की संख्या तो बढ़ाई ही जा रही है, साथ ही इनके रूट भी इस तरह से बनाए जा रहे हैं ताकि लोगों की पहुंच उन तक आसानी से हो जाए। उच्चस्तरीय बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि हम दिल्ली की सभी परिवहन सेवाओं जैसे डीटीसी, मेट्रो, आआरटीएस के लिए एक ही स्मार्ट कार्ड लाने जा रहे हैं। इसमें दिल्ली की महिलाओं/ट्रांसजेंडरों के लिए पिंक कार्ड भी शामिल है, जिसके आधार पर वे डीटीसी में फ्री सफर कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मसले पर बैंकों से बात चल रही है जो लोगों को कार्ड जारी करेंगे। लोगों तक यह कार्ड आसानी से पहुंचे, इसके लिए फुलप्रूफ व्यवस्था बनाई जा रही है। यह कार्ड दिल्ली वालों को परेशानी से बचाने के लिए बड़ी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हमारी सरकार ने आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर बसों का नया रूट बनाया है।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में भाग लेती हुईं।

# कॉमेडी व ड्रामा का संगम 'रंगीन' 25 जुलाई को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्राइम वीडियो, भारत का सबसे पसंदीदा एंटरटेनमेंट डेस्टिनेशन, ने आज अपनी अपकमिंग ओरिजिनल सीरीज श्रंगीनश की स्ट्रीमिंग डेट २५ जुलाई घोषित की है।

इस सीरीज को कबीर खान और राजन कपूर ने बनाया है। 'रंगीन' की कहानी अमरदीप गलसिन और आमिर रिजवी ने लिखी है, और इसका निर्देशन कोपल नैथानी और प्रांजल दुया ने किया है। 'रंगीण' प्यार, वफादारी और खुद को समझने की हल्की-फुल्की और भावुक कहानी है। इसमें विनीत कुमार सिंह, राजश्री देशपांडे, तारुक रैना और शीबा चड्ढा जैसे कलाकार मुख्य रोल में हैं। यह सीरीज २५ जुलाई को भारत और दुनिया के २४० से ज्यादा देशों में सिर्फ प्राइम वीडियो पर दिखाई जाएगी।

हास्य और भावनाओं से भरी 'रंगीन' की कहानी आदर्श नाम के सीधे-सादे शख्स के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी दुनिया तब उलट-पलट हो जाती है जब उसे अपनी पत्नी नैना की बेवफाई का पता चलता है।

इसके बाद जो होता है, वो मजेदार घटनाओं और चौंकाने वाले मोड़ों से भरा एक दिलचस्प सफर है।

# हथियार दिखाकर रैपिडो ड्राइवर से लूटी बाइक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पंजाबी बाग इलाके में गोली मारने की धमकी देकर एक रैपिडो बाइक चालक से बाइक लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों की पहचान अंकित और विकास के रूप में हुई है। इनके कब्जे से पुलिस ने पिस्टल, दो कारतूस, लूटी गई बाइक और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद कर ली है।

पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि २८ अप्रैल को पंजाबी बाग थाना पुलिस को मादीपुर इलाके में एक व्यक्ति से बाइक लूट जाने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही मादीपुर चौकी प्रभारी संदीप दलाल मौके पर पहुंचे। वहां पीड़ित सराय रोहिल्ला निवासी रमेश कुमार मिले। उन्होंने बताया कि वह रैपिडो के लिए बाइक चलाते हैं। करीब २.३० बजे वह एक यात्री को मोती नगर से सुल्तानपुरी छोड़ने जा रहे थे। मादीपुर के ऑर्डिनेंस डिपो के पास स्कूटी सवार दो लोगों ने पता पूछने के बहाने उन्हें रोका। पीड़ित के बाइक रोकते ही स्कूटी सवार एक बदमाश ने पिस्टल निकाल ली और उसे गोली मारने की धमकी देने लगा। पिस्टल देखकर सवारी बाइक से नीचे उतर गई और फिर बदमाश ने उसे जबरदस्ती बाइक से नीचे उतारने के बाद उसकी बाइक लेकर भाग गए। पुलिस की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरे की जांच की। साथ ही पुलिस ने बदमाशों के भागने के दिशा में करीब पांच सौ सीसीटीवी कैमरे की जांच कर संदिग्धों की जानकारी हासिल की। मुखबिरों के जरिए बदमाशों की पहचान विकास और अंकित के रूप में हुई। पुलिस ने निगरानी कर बदमाशों को सोमवार को मादीपुर इलाके से लूटी गई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके निशानदेही पर पिस्टल, कारतूस और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद कर ली। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अंकित पर लूटपाट, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के १२ जबकि विकास पर ३५ आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस उनके आपराधिक रिकार्ड की जांच कर रही है।

# नए अंदाज में नजर आएगा भारत मंडपम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन ने इसके लिए १.११ करोड़ रुपये की निविदा जारी की हैं। तोड़ने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नए सिरे से हॉल नंबर ७ के निर्माण की परियोजना शुरू होगी। इसके बाद भारत मंडपम नए अंदाज में नजर आएगा। तोड़फोड़ की प्रक्रिया २२ जुलाई से शुरू होगी और ६० दिनों में पूरी होगी, जिसके बाद इस क्षेत्र का फिर से कायाकल्प किया जाएगा। हॉल नंबर ७ (ब्लॉक ए, बी, सी, डी, ई, एफ, जी और एच), सीएमडी बिल्डिंग, सिक्योरिटी बिल्डिंग और आसपास के लैंडस्केप क्षेत्रों को तोड़ने के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई है। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत १,१०,९५,९५२ रुपये है। ठेकेदार को काम शुरू होने के ९० दिनों के भीतर मलबा हटाकर समतल साइट आईटीपीओ को सौंपनी होगी। धूल नियंत्रण के लिए दिनभर पानी का छिड़काव और १० मीटर ऊंची एमएस बैरिकेडिंग लगाई जाएगी।

आईटीपीओ ने साफ किया है कि भारत मंडपम में हमेशा कोई न कोई आयोजन चल रहे होते हैं। यहां आगंतुकों को धूल प्रदूषण से परेशानी न हो, इसके लिए काम के दौरान पर्यावरण नियमों को सख्ती से लागू किया जाएगा। मलबे को साइट पर सुरक्षित रखना, सही तरीके से निपटान करना और अन्य कचरे से अलग रखना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। डीजल जनरेटर के लिए कम सल्फर डीजल और शोर नियंत्रण के उपाय अनिवार्य रूप से किए जाएंगे।

प्रगति मैदान के हॉल नंबर ७ में पहले बड़े-बड़े आयोजनों के दौरान मेले का थीम पवेलियन बनता था। विश्व पुस्तक मेला, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, नक्षत्र मेला और सरस मेले का मुख्य आकर्षण केंद्र इसी हॉल में होता था लेकिन प्रगति मैदान अब भारत मंडपम के स्वरूप में भव्य रूप ले रहा है। नए हॉल १-६, १४, नया प्रशासनिक खंड, भारत मंडपम के मल्टी ऑडिटोरियम और मल्टी लेवल पार्किंग को अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है।

# तेजी से पैर पसार रहे मलेरिया डेंगू -चिकनगुनिया: गोयल

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी (आईवीपी) के नेता एवं वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल ने दिल्ली में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह एवं निगम आयुक्त अश्विनी कुमार से मांग की है कि दिल्ली वालों को जल एवं मच्छर जनित बीमारियों से बचाने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष मलेरिया के अब तक सबसे ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि एमसीडी अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारी तो सही ढंग से नहीं निभाई है परंतु मच्छरों से बचाव नहीं कर पाने के लिए १ जनवरी से १२ जुलाई के बीच ५८ हजार ६७१ दिल्ली वालों को लीगल नोटिस जारी कर दिये हैं। मुकेश गोयल ने आगे कहा कि १२ जुलाई तक मलेरिया के १०१, डेंगू के २४६ और चिकनगुनिया के कुल १७ मामले सामने आ चुके हैं। वहीं अब तक ७१ हजार ८६ घरों में बीमारी फैलाने वाले मच्छरों का प्रजनन पाया गया है। जबकि इस अवधि के दौरान मलेरिया के २०२३ में २६, २०२२ में २१ और २०२१ में कुल १३ मामले ही सामने आये थे। अब बरसात का मौसम चरम पर है, ऐसे में आने वाले दिनों में दिल्ली वालों को और ज्यादा परेशानी हो सकती है और उनकी जान खतरे में पड़ सकती है।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट करते हुए।

# सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की नितिन गडकरी से भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर हिमाचल प्रदेश में बाढ़ और भू-स्खलन से हुए भारी नुकसान से अवगत करवाया। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्यों में सहयोग तथा प्रदेश की कुछ सड़कों को प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में शामिल करने का आग्रह किया।

श्री सुक्खू ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोनाओं में विभिन्न कारणों से हो रहे विलंब के बारे में भी केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी और इन परियोजनाओं की सभी औपचारिकताएं पूरी करवाने का आग्रह किया ताकि निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में सुरंग निर्माण को प्राथमिकता देने पर भी बल दिया। इसके अलावा उन्होंने सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सड़कों के संबंध में भी चर्चा की जिनका मामला रक्षा मंत्रालय से उठाया गया है।

उन्होंने इन सड़कों पर भी शीर्ष कार्यवाही करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अधिक संख्या में रोप-वे परियोजनाओं को स्वीकृति देने का अनुरोध किया ताकि यातायात की समस्या का समाधान कर लोगों को लाभान्वित किया जा सके। केंद्रीय मंत्री ने राज्य को हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, सचिव लोक निर्माण अभिषेक जैन, प्रधान आवासीय आयुक्त सुशील कुमार सिंगला और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण व मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## डीयू: नए सत्र से कॉलेजों में बढ़ाया जाएगा कक्षाओं का समय

**नई दिल्ली।** डीयू के एक अगस्त से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र २०२५-२६ में करीब ६० फीसदी छात्र चौथे वर्ष में प्रवेश करेंगे। इसके लिए कॉलेजों ने कक्षाओं की समय सीमा में एक घंटा बढ़ोतरी करने की तैयारी की है। कई कॉलेजों में आधा घंटा तो कुछ जगह कक्षाओं का समय एक घंटे तक बढ़ जाएगा। इसके साथ ही कई कॉलेजों में सप्ताहांत भी कक्षाएं लगेंगी। वहीं कई जगह कमरों की कमी के कारण कॉलेज कक्षाएं पोर्टा केबिन में लगाएंगे।

# दिल्ली पर मेहरबान मानसून

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इस बार मानसून दिल्ली पर मेहरबान दिख रहा है। सोमवार लगातार हुई बारिश के बाद मंगलवार सुबह भी दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश हुई। ऐसे में दिल्लीवासियों के लिए मंगलवार की सुबह सुहावनी रही। हालांकि, सुबह से ही आसमान में बादल और सूरज के बीच लुकाछिपी का खेल जारी रहा। दिन में धूप खिली, लेकिन बादलों का आना-जाना लगा रहा। शाम होते-होते काले बादलों ने डेरा जमा लिया और फिर राहत की फुहारें पड़ीं।

इस दौरान अधिकतम तापमान ३२.२ डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान २३. २डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते २४ घंटे में हवा में नमी का न्यूनतम स्तर ७२ फीसदी रहा। वहीं, मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए भी हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है। इस दौरान आसमान में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः ३३ और २५ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान में कहा कि आने वाले दिनों में १९ जुलाई तक दिल्ली में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे।

हल्की बारिश व गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं और बिजली गिरने की संभावना है। इस पूरे हफ्ते दिन का अधिकतम तापमान ३२ से ३६ डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान २३ से २७ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना जताई गई है। हालांकि इस बीच किसी भी तरह की गंभीर मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन दिनभर हल्की बारिश या बूंदाबांदी जारी रह सकती है।

# सुरक्षा उपायों की कमी के चलते राहगीर हादसों का शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पैदल यात्री के लिए सबसे अधिक संवेदनशील हैं, यहां सड़क दुर्घटनाओं में हर छह घंटे में एक पैदल सड़क दुर्घटना में अपनी जान गंवा देता है। यह सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौत का औसतन ४४ प्रतिशत है। दिल्ली में हर दिन २४ राहगीर सड़क हादसों का शिकार हो रहे हैं, यानी हर घंटे एक हादसा।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़े इस गंभीर समस्या की गहराई को उजागर करते हैं। बताते हैं कि तेज रफ्तार, लापरवाही और अपर्याप्त सड़क सुरक्षा उपाय इन दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं। यह स्थिति गंभीर चुनौती बन गई है। दिल्ली में कई क्षेत्रों में अपर्याप्त फुट ओवरब्रिज, पैदल यात्री क्रासिंग की कमी, फुटपाथ संकरे, टूटे-फूटे या फिर हैं ही नहीं । पैदल यात्रियों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे दुर्घटना का जोखिम बढ़ता है। वाहन चालकों द्वारा तेज गति और लापरवाही, विशेष रूप से व्यस्त सड़कों पर, पैदल यात्रियों के लिए बड़ा खतरा है। पैदल यात्री अक्सर जेब्रा क्रासिंग, फुट ओवरब्रिज का उपयोग नहीं करते और सड़क को गलत तरीके से पार करते हैं।

# यौन अपराधों के खतरे के प्रति दृष्टिकोण पर पुनर्विचार की जरूरत: जमाअत ए इस्लामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ओडिशा के बालासोर के फकीर मोहन कॉलेज की यौन उत्पीड़न की शिकार २० वर्षीय छात्रा ने न्याय न मिलने के कारण खुद को आग के हवाले कर दिया जिसमें उसकी दुखद मौत हो गई। इस घटना पर जमाअत-ए-इस्लामी हिंद की राष्ट्रीय सचिव रहमतुन्निसा ए ने अपना गहरा दु:ख और रोष व्यक्त किया ह।

मीडिया को दिए गए एक बयान मे रहमतुन्निसा ने कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक विफलता का मामला नहीं है, बल्कि हमारी संस्थाओं का यह नैतिक पतन है, हम इसकी कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। जब एक युवा महिला बार-बार मदद की गुहार लगाने के बाद इस तरह के दर्दनाक अंत की ओर धकेल दी जाती है तो इसके लिए व्यवस्था दोषी है।

यह पीड़ितों की सुरक्षा और सहायता करने के अपने कर्तव्य में पूरी तरह विफल रही। हम मानवीय गरिमा और न्याय की पवित्रता में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। पीड़ितों को न्याय और दोषियों को सज, चाहे उनकी पोजीशन और हैसियत कुछ भी हो, एक समतावादी समाज के विकास के लिए आवश्यक है। रहमतुन्निसा ने कहा कि जमाअत -ए-इस्लामी हिंद की मांग है कि: घटना की स्वतंत्र न्यायिक जांच हो। संस्थागत विफलता के लिए जिम्मेदार लोगों का तत्काल इस्तीफा हो। शैक्षणिक सस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए मजबूत तंत्र की स्थापना की जाए।हम देश के सभी नागरिकों से आह्वान करते हैं कि वे भारत में प्रमहिला जाति की सुरक्षा, सम्मान और न्याय को सुनिश्चित बनाने के लिए सक्रिय योगदान दें। हमें महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और यौन अपराधों के खतरे के प्रति अपने दृष्टिकोण पर भी पुनर्विचार करना होगा।

# निजी व सरकारी अस्पताल मिलकर कराएंगे बेहतर सुविधएं उपलब्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक निजी अस्पताल के उद्घाटन के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में निजी और सरकारी अस्पताल मिलकर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। हमारी कोशिश रहेगी एक ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए जिससे विदेश से लोग भी दिल्ली में इलाज कराने के लिए आए। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार सात अधूरी अस्पताल परियोजनाओं को सुपर स्पेशलिटी आईसीयू केंद्रों में बदल रही है।

इन अस्पतालों में विभिन्न गंभीर बीमारियों के लिए विशेष इलाज की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि मॉडल टाउन में शुरू हुआ नया निजी अस्पताल आयुष्मान भारत योजना के तहत भी सेवाएं देगा। इससे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं निशुल्क मिल सकेंगी। सीएम ने कहा कि सरकार सिर्फ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार ही नहीं कर रही, बल्कि उसे सुलभ, पारदर्शी और जन-संवेदनशील भी बना रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अस्पतालों को बेहतर बनाकर हर अस्पताल को अलग बीमारी के इलाज के लिए समर्पित किया जाएगा। इसमें कैंसर, ट्रांसप्लांट, डिलीवरी के जटिल मामले सहित अन्य सुविधा शामिल होंगी। इसके अलावा आईसीयू बेड्स की कमी को भी दूर किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकारों के भ्रष्टाचार व विजन की कमी के चलते दिल्ली का स्वास्थ्य ढांचा अभी भी अनेक गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान अस्पतालों में बिस्तरों की भारी कमी थी और कई लोगों को इलाज न मिलने के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी।

# यात्री बनकर ई-रिक्शा लूटने वाले चार युवक गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस ने यात्री बनकर ई-रिक्शा लूटने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया ई-रिक्शा, मोबा. इल फोन, 1400 रूपये नकद और वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया है।

यह मामला 12 जुलाई की रात का है। थाना देहात क्षेत्र के गांव दोयमी प्रभा विहार निवासी विकास बाना ने हापुड़ नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि रात करीब 11:30 बजे मेरठ रोड स्थित गुरुद्वारे के पास कुछ अज्ञात लोगों ने उनके ई-रिक्शा को रोका। आरोपियों ने उन्हें मेरठ रोड पर स्थित दीप उत्सव बैंक्वेट हॉल तक छोड़ने के लिए कहा। हालांकि जैसे ही विकास दीप उत्सव के पास पहुंचे आरोपी उन्हें एक सुनसान गली में ले गए और चाकू की नोक पर उनका ई-रिक्शा, 1400 नकद और मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत मिलते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की। पीड़ित की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई। इसी दौरान, थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि दस्तोई रोड पर कुछ बदमाश किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। पुलिस ने त्वरित योजना बनाकर मौके पर छापा मारा और चारों शातिर अपराधियों को दबोच लिया। सीओ सिटी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला कविनगर निवासी सन्नी, कोतवाली हापुड़ नगर क्षेत्र के मोहल्ला शम्भूपुरा निवासी छोटू, मोहल्ला रफीकनगर निवासी सुहैब और मोहल्ला शम्भूपुरा निवासी मनीष के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से लूटा गया ई-रिक्शा, पीड़ित का मोबाइल फोन, 1400 नकद और वारदात में इस्तेमाल चाकू बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अपराध कबूल कर लिए हैं और अन्य वारदातों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी है, जिनकी जांच फिलहाल जारी है।

# बच्चों को लैपटॉप व प्रमाण पत्र किए वितरित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष, राज्यमंत्री स्तर प्राप्त डा. बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत बच्चों को लैपटॉप और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 5 बच्चियों को बेबी किट और प्रमाण पत्र दिए गए। इसी के साथ 5 बच्चियों का कन्या पूजन कर उन्हें उपहार भी भेंट किए गए। डॉ. बबीता सिंह चौहान ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत, अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, डिप्टी कलेक्टर रमेश चंद्र पांडे, जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह, सीडीपीओ पूनम व जिला प्रोबेशन कार्यालय व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोकदल अपने दम पर लड़ेगा पंचायत चुनाव: त्रिलोक त्यागी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय लोकदल आगामी उत्तर प्रदेश पंचायत चुनावों में अपने दम पर चुनाव लड़ेगा, बिना किसी अन्य दल के साथ गठबंधन किए। यह घोषणा रालोद के राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने ग्राम सरावनी में एक सदस्यता अभियान के दौरान की। त्रिलोक त्यागी ने स्पष्ट किया कि रालोद पंचायत चुनावों में किसी भी दल से गठबंधन नहीं करेगा और अपने बूते पर सभी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगा। पार्टी पंचायत चुनाव की तैयारियों में पूरी तरह जुटी हुई है, जिसके तहत पदा. धिकारी और कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर रालोद की नीतियों का प्रचार कर रहे हैं। त्यागी ने दोहराया कि रालोद हमेशा से किसानों, गरीबों और मजदूरों के हितों के लिए प्रतिबद्ध रहा है और भविष्य में भी यह जारी रहेगा। 14 अप्रैल से शुरू हुआ सदस्यता अभियान 31 अक्टूबर 2025 को पटेल जयंती पर समाप्त होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम 20 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। जो कार्यकर्ता यह लक्ष्य पूरा करेंगे, उन्हें ही पार्टी में क्रियाशील सदस्य का दर्जा और पद मिलेगा। त्रिलोक त्यागी ने दावा किया कि इस अभियान को 13 राज्यों में भारी समर्थन मिल रहा है और हजारों लोग रालोद की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। सरावनी में भी दो दर्जन से अधिक लोगों ने सदस्यता ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने और रालोद की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने का आहवान किया। उन्होंने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास पर पार्टी के फोकस पर जोर दिया, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी पैठ बढ़ाने पर। इस कार्यक्रम में रालोद के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें राष्ट्रीय सचिव प्रबुद्ध कुमार, प्रदेश महासचिव शिवकुमार त्यागी, प्रदेश सचिव ओ डी त्यागी, प्रदेश सचिव आकिल खान, युवा जिला अध्यक्ष अशोक त्यागी, युवा राष्ट्रीय सचिव अभिषेक त्यागी, क्षेत्रीय महासचिव जितेंद्र मालिक, युवा क्षेत्रीय सचिव कुलदीप राठी, विधानसभा अध्यक्ष अरुण भुल्लर, वीरेंद्र गौतम, जितेंद्र करको और अमन सिरोही मौजूद रहे।

# राशन कार्ड में यूनिट जुड़वाने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन: डा. सीमा बालियान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राशन कार्ड में संशोधन के लिए एक ऑनलाइन सुविधा शुरू की है। जिला पूर्ति अधिकारी डा. सीमा बालियान ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत, राशन कार्ड धारक अब अपनी यूनिट जुड़वाने, हटवाने या परिवार के किसी सदस्य की जानकारी में सुधार के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि लाभार्थी किसी भी नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की एक प्रति सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित तहसील के आपूर्ति कार्यालय में जमा करनी होगी। इस सुविधा का उद्देश्य लाभार्थियों को राशन कार्ड में संशोधन कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर काटने की परेशानी से बचाना है। यह प्रक्रिया राशन कार्ड में नियमानुसार संशोधन सुनिश्चित करेगी।

# अरविंद शर्मा बने कांग्रेस की जिला अनुशासन समिति के चेयरमैन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने न्यू आलोक कॉलोनी निवासी अरविंद शर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति का चेयरमैन नियुक्त किया है। यह नियुक्ति मंगलवार को की गई।

आपको बता दें कि अरविंद शर्मा 2022 में धौलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर, नवनियुक्त चेयरमैन अरविंद शर्मा ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी का आभार व्यकत किया। उन्होंने कहा कि त्यागी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस जिम्मेदारी का वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ निर्वहन करेंगे। शर्मा ने स्पष्ट किया कि पार्टी में अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि जल्द ही एक समिति का गठन किया जाएगा, जो सोशल मीडिया, पार्टी की बैठकों और कार्यक्रमों में अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने वाले पदाधिकारियों पर कड़ी नज़र रखेगी। ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी मिलने पर, जांच के बाद दोषी पाए गए पदाधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सरस्वती अस्पताल में 11 माह के बच्चे के गले से सफलतापूर्वक निकाली गई बॉल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के अनवरपुर स्थित सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में 13 जुलाई की रात लगभग 9:15 बजे एक आपातकालीन स्थिति सामने आई। 11 माह के बच्चे, मास्टर काव्यांश को बॉल निगलने के बाद अस्पताल के आपातकालीन विभाग में लाया गया। बच्चे की गंभीर स्थिति को देखते हुए, ईएनटी विभाग को तत्काल बुलाया गया। विभागाध्यक्ष एचओडी डा. अविनाश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में डा. अनिक मोघल सीनियर रेजिडेंट, ईएनटी विभाग, डा. चंदन पीजी जेआर-2, डा. थाजना पीजी जेआर-1, डा. गीतांजलि जसवानी, डा. नंदिनी सेठी, डा. शुभम मित्तल एवं डा. मानसी शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। टीम ने बच्चे के वायुमार्ग की जांच की, प्रारंभिक परीक्षण किए, और उसके बाद गले में फंसी बॉल को सफलतापूर्वक बाहर निकाल दिया। सरस्वती अस्पताल के प्रभावी चिकित्सा प्रबंधन को देखकर बच्चे के परिजन अत्यंत प्रसन्न और राहत महसूस कर रहे हैं। बच्चे को निगरानी के लिए भर्ती किया गया था और अगले दिन उसकी सभी महत्वपूर्ण जांचें सामान्य पाई गईं जिसके बाद उसे सुरक्षित रूप से छुट्टी दे दी गई। इस सफल चिकित्सा उपचार के लिए संस्थान के चेयरमैन डा. जे. रामाचन्द्रन, वाइस चेयरपर्सन राम्या रामाचन्द्रन संस्थान के प्रधानाचार्य डा. बरखा गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डा. सुधीर माझी, सीनियर एडवाइजर डा. आरके सहगल, जीएमएन वर्धराजन, डायरेक्टर आर दत्त, और हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डा. वाई. सी. गुप्ता द्वारा समस्त ईएनटी विभाग की टीम को बधाई दी गई।

# हापुड़ स्वीट्स पर खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा, घेवर खाने से 12 से अधिक लोग बीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ कोतवाली क्षेत्र के पुराना बाजार स्थित हापुड़ स्वीट्स पर मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापा मारा। यह कार्रवाई तब की गई जब हाजी इदरीश द्वारा संचालित इस दुकान से खरीदे गए घेवर को खाने के बाद 12 से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें फिलहाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार अपनी टीम के साथ हापुड़ स्वीट्स पहुंचे। उन्होंने घेवर बनाने में इस्तेमाल की गई सामग्री के नमूने लिए और उन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। प्रयोगशाला रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जानकारी के अनुसार हापुड़ स्वीट्स से एक ग्राहक ने 31 किलो घेवर खरीदा था, जिसे उसने अपने रिश्तेदारों को मेरठ भेजा। मेरठ में घेवर का सेवन करने के बाद, 9 बच्चों सहित कुल 12 लोगों की तबीयत बिगड़ गई, और उनका इलाज मेरठ के एक अस्पताल में चल रहा है। इस घटना ने घेवर की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने इदरीश मिठाई वाले के यहाँ से घेवर, घेवर बनाने में इस्तेमाल होने वाले मावा और मैदा सहित कुल चार नमूने लिए हैं। इन नमूनों की रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों ने जिला कृषि अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, रखी 7 सूत्रीय मांगें




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने जिला कृषि अधिकारी गौरव प्रकाश को किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। पत्रकारों से बात करते हुए सहारा ने बताया कि जिला कृषि अधिकारी किसानों के हित में लगातार प्रयासरत हैं और उनकी प्रशासनिक कार्यवाहियों से किसान संतुष्ट हैं। हालांकि कुछ ज़मीनी समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। नैनो यूरिया को लेकर किसानों में असंतोष है, क्योंकि इसका फसल पर प्रभाव कमज़ोर पाया गया है और किसान इसे सर्फ़ की बोतल कहकर मज़ाक उड़ा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, डीएपी की भारी कमी भी किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है, जिससे बुवाई प्रभावित हो रही है। एकलव्य सिंह सहारा द्वारा 7 सूत्रीय मांगें रखी गई। मांग की गई कि डीएपी की रैक जल्द से जल्द लगाई जाए ताकि किसानों की खेती को नुकसान न हो। नैनो यूरिया, जिंक, सल्फर आदि की टैगिंग किसानों पर जबरन न की जाए। सभी उर्वरक विक्रेताओं के लिए स्टॉक बोर्ड लगाना अनिवार्य किया जाए। उर्वरक केवल पंजीकृत किसानों को ही दिए जाएं, और फैक्ट्रियों में अवैध रूप से भेजे जा रहे उर्वरकों पर सख्त कार्रवाई हो। उर्वरक एमआरपी अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक कीमत पर न बेचे जाएं। एकलव्य सिंह सहारा ने ज़ोर देकर कहा कि यदि प्रशासन इन मांगों को प्राथमिकता देता है, तो हापुड़ ज़िला भविष्य में किसान कल्याण के क्षेत्र में एक उदाहरण बन सकता है। जिला कृषि अधिकारी गौरव प्रकाश ने जवाब में कहा कि वे किसान हित में हर संभव प्रयास कर रहे हैं और इन मांगों पर जल्द ही सकारात्मक असर देखने को मिलेगा। इस दौरान शेखर चौधरी, उज्जवल सिरोही, अखिल चौधरी, सचिन सिवाल, विनय बाना, विनोद धारीवाल, पपेंद्र सिंह, अनिल चौधरी, जगवीर प्रधान, परमजीत सिंह, हरप्रीत निर्वाण, आकाश चौधरी, डा. मतलूब, आज़ाद तोमर, सुमित राजपूत, और अन्य कई किसान नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू ने की किसानों की समस्याओं के बारे में चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के डेहरा कुटी में मंगलवार को हुई भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत में किसानों से जुड़ीं समस्याओं का निराकरण न होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए आंदोलन करने की चेता. वनी दी गई।

मंडल संगठन मंत्री महिपाल गुजराल की अध्यक्षता और मंडल उपाध्यक्ष शब्बू चौधरी के संचालन में हुई मासिक पंचायत में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जन्म और मृत्यु जैसे प्रमाण पत्रों के लिए तहसील में कई कई बार चक्कर काटने पर ककड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने आर्थिक तंगी में घिरे किसानों के हित में जल्द से जल्द बकाया गन्ना मूल्य की ब्याज समेत अदायगी कराए जाने की मांग भी उठाई। जिला महासचिव केप्टन राजेश चौधरी ने किसानों को उने गन्ना मूल्य का जल्द भुगतान न मिलने पर बड़ा आंदोलन ककरने की चेतावनी दी। तहसील अध्यक्ष गढ़ श्याम सुंदर त्यागी और जिला कार्यकारणी यामीन मलिक ने फसलों में बर्बादी के साथ ही सड़कों पर दुर्घटना का कारण बन रहे निराश्रित पशुओं पर प्रभावी ढंग में नकेल कसे जाने की मांग उठाई। महिला मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष सरिता देवी, शोभा देवी, मनव्वर अली, खुशनूद जूनियर, माजिद चौधरी, पीके वर्मा समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

# क्षेत्राधिकारी को विश्व ब्राह्मण संघ ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार शर्मा का विश्व ब्राह्मण संघ उत्तर प्रदेश (भारत) के एक प्रतिनिधि मंडल द्वारा फूलों का बुक्का भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। संगठन की ओर से जितेंद्र शर्मा को उनके उज्ज्वल भविष्य और कर्तव्यपरायण सेवाओं के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं।

इस गरिमामयी अवसर पर विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा तथा प्रदेश कानूनी सलाहकार पं. नरेश चन्द्र शर्मा एडवोकेट विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनके साथ एडवोकेट सुनील कुमार शर्मा, महेंद्र वशिष्ठ, राज. कुमार शर्मा, सचिन कुमार शर्मा एवं जिला मीडिया प्रभारी पं. सुनील कुमार शर्मा सहित संगठन के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व सदस्यगण भी मौजूद रहे। संगठन द्वारा इस प्रकार का सम्मान समारोह समाज व प्रशासन के बीच संवाद और सहयोग की भावना को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में संगठन के पदाधिकारियों ने सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा को संगठन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वा. सन देते हुए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की।

## एक नजर

### साइबर ठगों ने युवक के खाते से 11.48 लाख रुपये किए गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** साइबर अपराधियों ने एक बार फिर लोगों को अपना निशाना बनाया है। पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शुक्लान निवासी मनीष कुमार गोयल साइबर ठगी का शिकार हुए हैं। उनके बैंक खाते से साइबर ठगों ने 11.48 लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मनीष कुमार गोयल ने साइबर थाने में दी अपनी शिकायत में बताया कि 9 जुलाई को उनके एचडीएफसी बैंक खाते से तीन बार में कुल 3,48,660 रुपये निकाले गए। पहली निकासी 2,68,050 रुपये, दूसरी 63,040 रुपये और तीसरी 17,570 रुपये की थी। इसके बाद, 11 जुलाई को उनके खाते से 5,00,000 रुपये और 3,00,000 रुपये की दो और बड़ी रकम निकाली गई। मनीष ने स्पष्ट किया कि उन्होंने ये रकम खुद नहीं निकाली थी। इस घटना से घबराकर मनीष तुरंत बैंक पहुंचे और अधिकारियों से संपर्क किया। बैंक ने जांच के बाद पुष्टि की कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। मनीष ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और अपने खाते से निकाले गए 11.48 लाख रुपये वापस दिलाने की मांग की है। साइबर थाना प्रभारी नजीर खान ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने का प्रयास जारी है।

### राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से छात्रा की मौत, आत्महत्या की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव अच्छेजा के रेलवे फाटक के पास राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से बीए प्रथम वर्ष की एक छात्रा की मौत हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह मामला गृहक्लेश के कारण आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, जिसने स्थानीय समुदाय में शोक की लहर दौड़ा दी है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस को दोपहर में सूचना मिली कि अच्छेजा रेलवे फाटक के पास एक किशोरी ट्रेन की चपेट में आ गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से मृतका की शिनाख्त की। मृतका दिल्ली रोड के एक गांव की निवासी थी और दिल्ली रोड स्थित एक कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां पूरे परिवार में मातम छा गया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि छात्रा ने गृहक्लेश के चलते राजधानी एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या की है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहन जांच कर रही है। घटना के सटीक कारणों का पता लगाने के लिए आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ जारी है।

### किस्त की वसूली कर लौट रहे फाइनेंस कर्मी का रास्ता रोक छीनी नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** फाईनेंस कंपनी के मैनेजर से घर लौटने के दौरान बाइक सवार चार बदमाश लाखों रुपये की नकदी से भरा बैग लूट कर ले गए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

सिंभावली क्षेत्र के गांव वैट निवासी अनस ने बताया कि वह भारत फाइनेंस कंपनी में मेनेजर के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी की ओर से समूह के सदस्यो से किस्तो की रकम वसूलने का काम करते हैं। 11 जुलाई की सुबह से लेकर शाम तक गढ मुक्तेश्वर में सदस्यो से किस्त वसूली करने के बाद वह जनपद बुलंदशहर के स्याना निवासी फराह से किस्त के पैसे लेकर अपनी बाइक से सवार होकर गढमुक्तेश्वर जा रहे थे। जैसे ही वह सलारपुर से पलवाडा की तरफ पहुंचे तो दो बाइकों पर सवार होकर आए चार युवकों ने उनको रोक कर रास्ता पुछने लगे। इसी दौरान आरोपियों ने उनसे करीब एक लाख 16 हजार 840 रुपये और सेमसंग का टेबलेट लेकर चले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### अधिवक्ता के घर में घुसकर हमले का किया प्रयास, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव दौताई में घर पर मौजूद अधिवक्ता पर कुछ लोगों ने हमला करने का प्रयास किया। पीड़ित ने विरोध किया तो आरो. पियों ने उसको अंजाम भुगताने की धमकी दी है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी अधिवक्ता नवाजिश खान ने बताया कि वह अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी बाइकों में सवार होकर आई दो महिला समेत आठ लोगों ने उनके घर पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। उन्होंने उनको बैठकर बात करने और मामले की जानकारी देने के लिए कहा तो आरोपी भड़क गए और हमले का प्रयास किया। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उनको अंजाम भुगातने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अमेरिकी नागरिकों को ठगने वाले 12 गिरफ्तार

**■ मेल भेजकर लोन दिलाने का देते थे झांसा, 150 को बना चुके शिकार**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** फिशिंग मेल और गिफ्ट कार्ड बाउचर का लालच देकर अमेरिकी नागरिकों से ठगी करने वाले एक कॉल सेंटर पकड़ा गया। नोएडा की एक्सप्रेस वे पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इसमें 10 पुरुष और दो महिलाएं शामिल है। ये कॉलसेंटर एक रिहाइशी इमारत के 17वें फ्लोर पर चल रहा था। करीब तीन महीने से एक्टिव था। 150 से ज्यादा लोगों से ठगी कर चुके है। इनके बैंक अकाउंट , वॉलेट को फ्रीज किया जा रहा है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग ये लोग गूगल ऐप से डेटा खरीदते है। इसके बाद डेटा के अनुसार विदेशी नागरिकों को फिशिंग मेल करते है। ये मेल बल्क में किए जाते है। जिसमें अमुक व्यक्ति को गिफ्ट वाउचर जीतने का लालच दिया जाता है। इसके अलावा लोन लेने और कई प्रकार के ऑफर देते है। यदि उस व्यक्ति को जरूरत है तो वो रिवर्ट मेल में एस या दिए गए नंबर पर फोन करता है। जिसके बाद प्रोसे. सिंग के नाम पर लोन कराने के लिए 300 डॉलर तक की डिमांड होती है। ये पैसा एप्पल ई-बाई, वालमार्ट गिफ्ट कार्ड के जरिए लेते है। बार कोड मिलने पर जब तक वो करेंसी में नहीं बदल जाता तब तक अमुक से संपर्क में रहते है। इसके बाद संपर्क तोड़ देते है। यदि किसी के पास पैसा नहीं होता तो ये एक फर्जी चेक भेजते है और वह व्यक्ति उस चेक का फोटो लेकर अपने अकाउंट में लगा देता है। यदि बैंक उसको पैसा पे करता है तो पेमेंट उसके अकाउंट में आ जाता है। जिस पैसे को ये लोग गिफ्ट कार्ड के जरिए लेते है।

**टेलीग्राम और स्काईप ऐप करते बात:** ये लोग अक्सर उनको लोन देने के नाम पर टेलीग्राम व स्काईप ऐप के जरिए ही बातचीत करते है। पकड़े गए लोगों में अधिकांश नार्थ ईस्ट के है। जिनकी बोलचाल अमेरिकी भाषा से काफी मिलती है। ऐसे में अमेरिकी नागरिक आसानी से इनकी बातों में आ जाते है। डीसीपी ने बताया कि इनके बैंक खातों को फ्रीज कराया जा रहा है।

**सरगना समेत 12 गिरफ्तार:** इनकी पहचान मुस्तफा शेख ये कॉल सेंटर का सरगना है। चिनेवे, दिनेश पाण्डेय, सोहिल अजमिल, उमर सम्सी, .कल्पेस शर्मा, आफताब कुरैशी, विडोव, राम सेवक, सत्यनारायण मण्डल, थिजनो लुटो, .निबूले अकामी हुई है। इसमें से अधिकांश नार्थ ईस्ट के है। इनके पास से 10 लेपटॉप भिन्न भिन्न कंपनियों , 16 एंड्रॉइड फोन, 9 लैपटॉप चार्जर, 9 हेड फोन, एक इंटरनेट राउटर, एक आई फोन चार्जर बरामद किया गया।

# प्रेमी की पिटाई से प्रेमिका की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** फेज-तीन थाना क्षेत्र के मामूरा गांव में रहने वाली पांच बच्चों की मां की सोमवार शाम प्रेमी ने पिटाई कर दी। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के लिए उसकी मौत हो गई। दोनों के बीच तीन साल बाद अलग होने को लेकर विवाद हो गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करते हुए आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से जिला बदायूं के गांव हथनी गुड़ निवासी सतीश एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। वह पत्नी नीरज और पांच बच्चों के साथ मामूरा गांव स्थित एक घर में किराए पर रहते हैं। नीरज पिछले तीन सालों से पड़ोस में रहने वाले जिला शाहजहांपुर के गांव साहपुर निवासी अर्जुन से प्रेम करती थी। अर्जुन सेक्टर-59 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में हाउस कीपिंग का काम करता है। पति सतीश को दोनों के बीच सिर्फ बातचीत करने की जानकारी थी।

**मारपीट के दौरान हो गई बेहोश:** सोमवार शाम करीब छह बजे नीरज पड़ोस में रहने वाले अर्जुन के कमरे में मिलने गई थी। यहां दोनों के बीच अलग होने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद अर्जुन ने नीरज के साथ मारपीट की। इसी दौरान नीरज बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। अर्जुन के हाथ-पांव फूल गए। वह नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां से कैलाश अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में कोई सुधार न होता देख महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**परिजन बोले- गला दबाकर की हत्या:** सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। साथ ही प्रेमी अर्जुन को हिरासत में ले लिया। परिजन का आरोप है कि अर्जुन ने नीरज की गला दबाकर हत्या की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा। सेंट्रल नोएडा जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि पति सतीश की शिकायत पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**13 साल पहले महिला की हुई थी शादी:** पुलिस ने बताया कि महिला की शादी करीब 13 साल पहले सतीश के साथ हुई थी। दोनों के पांच बच्चे हैं। इनमें तीन लड़के और दो लड़की हैं। बच्चों को पढ़ाने के लिए सतीश पैतृक गांव से नीरज को लेकर करीब पांच साल पहले नोएडा आया था। गली नंबर आठ में रहने के दौरान पड़ोस में रहने वाले अर्जुन से नीरज की दोस्ती हो गई। धीरे-धीरे दोनों के बीच दोस्ती प्रेम-प्रसंग में बदल गई थी।

# नोएडा प्राधिकरण ने दिया 39 लोगों को अवैध निर्माण का नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सलारपुर खादर गांव के 24 खसरा पर निर्मित और निर्माणाधीन इमारतों पर अवैध निर्माण का नोटिस चस्पा किया। एक सप्ताह में इन अवैध निर्माण को हटाने का निर्देश भी दिया। साथ ही करीब 39 लोगों को नामजद करते हुए नोटिस दिए गए। प्राधिकरण ने बताया कि सलारपुर खादर पुलिस चौकी के पीछे खसरा संख्या 723, 724 नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित व खसरा संख्या 727, 728, 729, 730, 731, 732, 733, 734, 735, 736, 737, 738, 739, 745, 746, 747, 748, 749, 750, 751, 752 व 753 प्राधिकरण की अधिसूचित व अर्जित भूमि है। यहां पर अवैध निर्माण किया गया है।प्राधिकरण की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस जारी किए गए। साथ ही पुलिस बल की सहायता से मौके पर जाकर अवैध रूप से निर्मित बिल्डिंगों पर नोटिस चस्पा कराए गए। इस दौरान प्राधिकरण की ओर से की जा रही कार्यवाही के विरोध में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। पुलिस बल द्वारा उनको समझा बुझाकर पीछे किया गया। नोटिस के माध्यम से एक सप्ताह के अन्दर अवैध निर्माण को स्वयं के स्तर से हटाए जाने व अपना जवाब देने का समय दिया गया।

समय पर जवाब नहीं देने और अवैध निर्माण नहीं हटाने पर प्राधिकरण इसे ध्वस्त या सील करेगा। साथ ही इस भूमि पर किसी प्रकार की खरीद फरोख्त न की जाये। जिससे आम जनमानस को कोई वित्तीय नुकसान न हो।

**इन लोगों को दिए गए नोटिस:** मोहम्मद अयूब व याकूब, सुनील शर्मा व राहुल शर्मा, सलीम व शमीम, मै० एसए प्रमोटर्स द्वारा पार्टनर के द्वारा सुनील कुमार पुत्र धीरज सिंह, मैसर्स प्रॉपर्टी अरीना इंफ्राकांन प्रालि के द्वारा आलोक कुमार, रिषि पाल, महर्षि आश्रम के द्वारा राहुल भारद्वाज, मैसर्स एनर्जी बिल्डिंग सॉल्यूशन्स प्रालि के द्वारा विजय त्रिवेदी, एनर्जी बिल्डिंग सॉल्यूशन्स प्रालि के द्वारा संजीव कुमार त्रिपाठी, मैसर्स क्वालिस्टिक टेक्नोज प्रालि के द्वारा सुभाष कुमार भाटी, डालमिया लेटेक्स लिमिटेड के द्वारा अभिषेक जैन, विकास गोयल, नीदरलैंड इंडिया कम्युनिकेशन इंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा जालम सिंह, जया कुमारी, मैसर्स ब्रेकथ्रू इंटरप्राइजेज एलएलपी के द्वारा सर्वेश मिश्रा, जयविन्द, जुगल किशोर गौतम, रामकुमार,हरीश व हरिशचंद, मिंटू व रिंकू व राज. ेश, राहुल कसाना, मैसर्स स्टूडेंट इंटरनेशनल मेडिटेशन सोसाइटी द्वारा विनीत कुमार श्रीवास्तव, सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रालि द्वारा जितेन्द्र कुमार, योगेन्द्र सिंह, सिंहवाहिनी इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रालि द्वारा सूरजभान, प्रदीप सिंह, गोपाल सागर इंफ्रा प्रालि द्वारा हेरी बजाज, प्राइमस अल्टिमा के द्वारा पवन जिंदल, मैसर्स अरीना प्रापर्टी इंफ्राकांन प्रालि के द्वारा आलोक कुमार, रामनाथ यादव, शेखर कुमार, कृष्ण कन्हैया, अंकित कुमार, आरिफ, शमीम मलिक, महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के द्वारा प्रमोद कुमार सिंह, अरशद अली, फैज अंसारी, एकता बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स प्रालि द्वारा निखिल कुमार को नोटिस दिए गए।

# ग्राइंडर गे एप पर लोगों से करते थे दोस्ती

**समलैंगिक संबंध बनाने का ऑफर देकर करते लूटपाट, चार को पुलिस ने पकड़ा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्राइंडर गे डेटिंग ऐप के जरिए लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गैंग के चार लोगों को नोएडा थाना सेक्टर-24 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये लोग ऐप के जरिए लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते थे। इसके बाद चेटिंग करके उनको अपने जाल में फंसाते है। फिर सुनसान इलाके में ले जाकर उनके साथ लूटपाट करते है। इनके पास से कई लोगों का डेटा भी मिला है। इसके अलावा दो बाइक, फर्जी नंबर प्लेट 4 मोबाइल फोन और कैश मिला है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये लोग पिछले एक साल से सक्रिय है। इनको थाना सेक्टर-24 पुलिस व सर्विलांस टीम की मदद से मदर डेयरी सेक्टर 11 चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी पहचान अरबाज, विशाल कुमार, उस्मान और हिमांशु के रूप में हुई है। अब 12 से ज्यादा लोगों को ये अपना शिकार बना चुके है। इनके मोबाइल डेटा के जरिए पीड़ितों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।ये लोग ग्राइंडर गे ऐप पर लड़कों से दोस्ती करते है। इसके बाद उनको समलैंगिक संबंध बनाने का ऑफर देते है। ऑफर एक्सेप्ट होने पर ये लोग व्यक्ति को किसी सुनसान इलाके में बुलाते है। वहां तमंचा और हथियार के बल पर उससे लूटपाट करते है। लूटपाट के जरिए मिलने वाले पैसे ये लोग मौज मस्ती के लिए खर्च करते है। इनके गैंग का लीडर विशाल है। सिर्फ विशाल ही 11वीं तक पढ़ा है।

**नशा के बहाने बना गैंग:** बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि हम चारों लोग नशा करने के लिये पार्क में मिलते रहते थे। वही हम लोगों ने इस ऐप के माध्यम से लोगों के साथ धोखाधडी करने की योजना बनाई। इनके पास बरामद दोनों बाइक का रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी है। कहीं पकडे ना जाये इस डर से फर्जी नंबर प्लेट लगाकर चलते है। यदि मोटरसाइकिल कही छूट जाये तो पकड़े जाने से बचने के लिये इंजन नंबर व चेसिस नंबर तक मिटा दिया है।

# पीएमओ के डिप्टी सेक्रेटरी ने सुनी समस्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में बिल्डर बायर्स समस्या सबसे बड़ा मुद्दा है। यहां से कई शिकायत पीएमओ तक पहुंच रही है। ये समस्या क्यों हो रही है और इनका समाधान क्या हो सकता है। रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिल्डर को कहां दिक्कत है। बायर्स को समय पर फ्लैट क्यो नहीं मिल रहे या रजिस्ट्री क्यो नहीं हो रही । इस तरह की सभी समस्याओं को देखने के बाद मंगलवार को पीएमओ के डिप्टी सेक्रेटरी मंगेश घिल्डियाल नोएडा प्राधिकरण पहुंचे।

यहां उन्होंने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव व नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ वंदना त्रिपाठी के साथ बैठक की। इस बैठक में रेरा के रिकवरी ऑफिसर के अलावा अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसके बाद बिल्डर और बायर्स के साथ अलग से बैठक की गई। करीब दो से ढाई घंटे बैठक के बाद उन्होंने बारी-बारी से सभी इन समस्याओं को किस तरह से समाप्त किया जाए इसके लिए सुझाव मांगे। सभी ने अपनी समस्या और उससे जुड़े सुझाव दिए। बैठक में नोएडा से बिल्डरों में प्रतीक, गुलशन, आरजी के अलावा ऐस शामिल हुए। वहीं ग्रेटर नोएडा के कुछ बायर्स भी बैठक में रहे। इस दौरान नोट्स बनाए गए, जिन्हें डिप्टी सेक्रेटरी अपने साथ ले गए। बता दें नोएडा, ग्रेटर नोएडा में अमिताभ कांत की सिफारिश के बाद भी रजिस्ट्री की संख्या कम है। साथ ही हजारों की संख्या में बायर्स ऐसे हैं जिनको फ्लैट पर कब्जा नहीं मिल सका है। यही लोग लगातार पीएमओ में मेल और पत्राचार के जरिए अपनी शिकायत रख रहे हैं।

# घर से नकदी और गहने चोरी

**नोएडा।** हिंडन विहार सोसाइटी के गली नंबर-15 में स्थित घर से चोर नकदी और गहने चोरी कर फरार हो गए। जिस समय वारदात हुई दंपती बाहर थे। सेक्टर-49 थाने में दी शिकायत में दिनेश कुमार नागर ने बताया कि दस जुलाई की रात को उनके घर में चोर घुसे और नकदी, गहने व महत्वपूर्ण काग. जात चोरी कर ले गए। शिकायतकर्ता की पत्नी ने जब आलमारी खोली तब घटना की जानकारी हुई।

## एक नजर

### यमुना एक्सप्रेसवे के पास कार-बाइक की टक्कर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के पास अजनारा गोलचक्कर पर मंगलवार सुबह एक दुर्घटना हुई। नोएडा प्राधिकरण में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हरीश बरमन की बाइक की एक कार से टक्कर हो गई। हरीश बरमन किसी काम से दनकौर क्षेत्र में आए थे। अजनारा गोलचक्कर के पास सामने से आ रही कार से उनकी बाइक टकरा गई। दुर्घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हरीश ने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिससे गिरकर उनका सिर सड़क से टकरा गया। कार चालक ने तुरंत घायल हरीश को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने परिजनों को खबर कर बुलाया। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि हरीश के पास हेलमेट था, लेकिन उन्होंने इसे सिर पर नहीं पहना था। उन्होंने कहा कि परिजनों की शिकायत मिलने पर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### वीवो कंपनी से 10 लाख के मोबाइल चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। कंपनी के तीन कर्मचारियों ने मिलकर 10 लाख रुपये के स्मार्टफोन चुरा लिए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान नैतिक शर्मा (एटा), शाहरूख (मिर्जापुर) और दीपक (मानपुर) के रूप में हुई है। इन्होंने पिछले तीन महीनों में कंपनी से 15 नए स्मार्टफोन चोरी किए थे। कोतवाली प्रभारी सुजीत कुमार के अनुसार, चोरी की जानकारी मिलने पर कंपनी के सिक्योरिटी इंचार्ज अनिल कुमार ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के बाद मंगलवार को सेक्टर 20 के पास एक निर्माणाधीन भवन से तीनों आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से सभी चोरी किए गए मोबाइल फोन बरामद कर लिए गए हैं।पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### ट्रैक्टर चोरी में दोषी को एक साल की सजा

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** जिला न्यायालय ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में एक नौकर को एक साल दो माह कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर दो हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना राशि जमा नहीं करने पर चार दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के मुताबिक नोएडा के सदरपुर गांव के रहने वाले राज. कुमार ने सेक्टर-126 थाने में अपने नौकर राजेंद्र निवासी बरेली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़ित के मुताबिक 25 मई 2024 को उसका नौकर राजेंद्र ट्रैक्टर लेकर खेत पर चारा लेने के लिए गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा और ट्रैक्टर चोरी कर ले गया।

पुलिस ने राजेंद्र को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर बरामद किया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। अदालत ने केस की सुनवाई के दौरान आरोपी राजेंद्र को दोषी ठहराते हुए एक साल दो माह कारावास की सजा सुनाई।

### स्कूलों में बच्चें सीखेंगे संस्कार

**ग्रेटर नोएडा( शाह टाइम्स )।** चारों ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को अब हिंदी, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान की पढ़ाई तक ही सीमित नहीं रखा जाएगा बल्कि उन्हें संस्कार भी सिखाए जाएंगे। इसी उद्देश्य से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में स्थापित लाइब्रेरी कॉर्नर को सक्रिय किया जाएगा। क्वालिटी ऑफ स्कूल कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के लिए 29 और उच्च प्राथमिक स्तर के लिए 58 प्रेरक पुस्तकों का चयन किया गया है। इनमें देश-विदेश के राजाओं, वीर योद्धाओं, संवेदनशील नागरिक. ों, माताओं, पशु-पक्षियों और पर्यावरण से जुड़े जीवन मूल्यों पर आधारित कहानियां शामिल हैं, जो उन्हें पढ़ने का मिलेंगी। इन किताबों का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और सामाजिक चेतना को मजबूत करना होगा।

# कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केंद्र में विश्व युवा कौशल दिवस का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केंद्र ग्रेटर नोएडा में आज डीएम मनीष कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन में विश्व युवा कौशल दिवस बड़ी ही भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी जी ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। सर्वप्रथम जिला समन्वक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन यज्ञदेव सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। विश्व युवा कौशल दिवस के आयोजन अवसर पर उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत रोजगार कर रहे 11 यूथ आइकॉन को सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित यूथ आइकॉन ने अपने अनुभव कार्यक्रम में उपस्थित अन्य युवाओं के साथ साझा किये और बताया कि किस प्रकार उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं दीनदयाल ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उनको रोजगार प्राप्त करने में काफी सहायता मिली और आज प्रशिक्षण प्राप्त हमें बहुत ही आसानी के साथ रोजगार प्राप्त हुआ। इस दौरान विगत दिवस राजकीय आईटीआई नोएडा में आयोजित हुए रोजगार मेले में चयनित युवाओं को भी नियुक्ति पत्र वित. रित किए गए। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व दीनदयाल ग्रामीण कौशल्य योजना में प्रशिक्षण प्रदाता के रूप में कार्यरत उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदाता जेके फाउंडेशन, बॉन्सन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जैन कोड प्राइवेट लिमिटेड, एसआरके, एमएस सपोर्ट व एचडीएफसी स्किल ट्रेनिंग सेंटर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही औद्योगिक इकाइयों इंडिया एक्सपो मार्ट, सी एंड एस, होटल रेडिसन, क्राउन प्लाजा आदि को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। इन योजनाओं के माध्यम से हम अपने गांवों और कस्बों के उन युवाओं को जो संसाधनों के अभाव में पिछड़ जाते हैं, उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रहे हैं।

# एयरपोर्ट शुरू होने तक पूरी नहीं हो सकेगी 60 मीटर चौड़ी सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ान से पहले यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर अधूरी पड़ी 60 मीटर चौड़ी सड़क पूरी नहीं हो सकेगी। दनकौर से सलारपुर अंडरपास तक करीब दो किलोमीटर सड़क का रास्ता अबतक साफ नहीं हो सका है। जानकारी के मुताबिक ग्रेटर नोएडा से यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर 60 मीटर चौड़ी सड़क गुजर रही है। यह 40 किलोमीटर लंबी सड़क ग्रेटर नोएडा से जीबीयू व गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के सामने से होते हुए यमुना सिटी के मुख्य सेक्टरों समेत एयरपोर्ट को सीधे जोड़ती है। अबतक करीब 36 किलोमीटर सड़क का निर्माण हो चुका है, लेकिन करीब चार किलोमीटर सड़क तीन गांवों में टुकड़ों में अधूरी पड़ी है।

रुस्तमपुर गांव में सड़क का करीब 500 मीटर का पैच अधूरा है। वहीं दयानतपुर में भी एक से ढेड़ किलोमीटर सड़क अधूरी है। प्राधिकरण का दावा है कि रुस्तमपुर में किसानों से जमीन के लिए सहमति बन चुकी है, जबकि दयानतपुर गांव की 76.3 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। मुख्य समस्या दनकौर से सलारपुर अंडरपास तक अधूरी पड़ी दो किलोमीटर सड़क के निर्माण में आ रही है। एक्सप्रेसवे से प्रभावित कुछ किसान 64.7 फीसदी अतिरिक्त मुआवजा और अन्य मांगों को लेकर कोर्ट चले गए थे, जो अपनी जमीन देने को तैयार नहीं है।

# बिजली विभाग के एक्सईएन एसडीओ व जेई पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। अच्छेजा बुजुर्ग गांव में 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन की चपेट में आने से 7 वर्षीय बच्चे को अपने दोनों हाथ गंवाने पड़े हैं।

पीड़ित बच्चे के पिता एडवोकेट नौशाद अली ने बताया कि घटना 22 मई की है। उनका बेटा तैमूर घर की छत पर खेल रहा था। वहां से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। परिवार ने तुरंत उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया।

अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे के शरीर में गंभीर इन्फेक्शन हो गया। डॉक्टरों को उसके दोनों हाथ कोहनी से आगे से काटने पड़े। नौशाद अली का आरोप है कि उन्होंने इस खतरनाक बिजली लाइन को हटाने के लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस ने दनकौर बिजली सबस्टेशन के जेई, एसडीओ और एक्सईन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध वसूली के खिलाफ ऑटो-रिक्शा के पहिए थमे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में परिवहन विभाग के खिलाफ ऑटो-रिक्शा चालक सड़क पर उतर आए हैं। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के नेतृत्व में चालकों ने सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-37 की ओर जाने वाले मार्ग पर चक्का जाम कर प्रदर्शन किया है। भाकियू (भानु) के परिवहन मंत्री चौधरी ओम प्रकाश पहुंचे और चालकों की समस्याएं सुनीं। संगठन ने एआरटीओ पर फिटनेस, परमिट और अन्य दस्तावेजों के नाम पर अवैध वसूली और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्रदर्शन करने वाले ऑटो-रिक्शा चालकों ने चेता. वनी दी कि यदि जल्द ही उनका उत्पीड़न नहीं रुका तो संगठन आगामी दिनों में व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगा। प्रदर्शन के कारण सेक्टर 37 मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। राहगीरों और आम नागरिकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। सवारियों को ऑटो नहीं मिलने पर उनको कुछ दूर तक पैदल ही चलकर जाना पड़ा। इस दौरान सड़क पर ऑटो-रिक्शा के पहिए पूरी तरह से थमे रहे। मेट्रो से उतर कर ऑटो-रिक्शा में बैठने वाली सवारियों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# गांजा सप्लाई करने वाले छह छात्र पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की इकोटेक-3 पुलिस ने ऑनलाइन गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 6 छात्रों को गिरफ्तार किया है। इन सभी से 41 किलो गांजा बरामद हुआ है, जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपए है।

सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कठेरिया के अनुसार, यामाहा कट के पास चेकिंग के दौरान कुछ युवक संदिग्ध दिखे। भागने की कोशिश के दौरान पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में गाजियाबाद के सारांश, मैनपुरी के अमनपाल, नोएडा के शिवम यादव, मधुबनी के आशीष, हाथरस के कृष्णा और सिवान के संजीत शामिल हैं।

आरोपी शिलांग, मेघालय से डाक द्वारा गांजा मंगवाते थे। वे इसे दिल्ली-एनसीआर के स्कूल-कॉलेज के छात्रों और फैक्ट्री मजदूरों को सप्लाई करते थे। सभी आरोपी बीटेक, एमबीए या बी फार्मा के छात्र हैं।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर गाड़ी की भिड़ंत में युवक की मौत



मृतक का फाइल फोटो







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के मवीकला गांव के पास ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। सहारनपुर के छुटमलपुर निवासी 22 वर्षीय जाकिर की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जाकिर बोलेरो पिकअप में आम लेकर सहारनपुर से खुर्जा जा रहा था। मवीकला गांव के पास आगे चल रहे वाहन ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे जाकिर की पिकअप उस वाहन से टकरा गई। हादसे में जाकिर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क हादसे में दो कांवड़िए और दो स्थानीय युवक जख्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** बड़ौत-मुजफ्फरनगर मार्ग पर दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। पहला हादसा पुसार तिराहे पर हुआ। जोनमाना ढिकाना के योगेंद्र सिंह और बड़ौत के तुसार बाइक से दाहा जा रहे थे। पुसार तिराहे पर रूट डायवर्जन के लिए लगाए गए पत्थर से उनकी बाइक टकरा गई। दोनों युवक सड़क पर गिर गए।

दूसरा हादसा बामनौली पुलिस चौकी के पास हुआ। हरिद्वार से कांवड़ लेकर लौट रहे सोनीपत के दो कांवड़िए घायल हो गए। फाजलपुर निवासी मोहित और विजय की बाइक में अचानक पंचर हो गया और मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर पड़ी। इस हादसे में दोनों जख्मी हो गए। डयूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने पहले हादसे के घायलों को बिनौली सीएचसी में भर्ती कराया। दूसरे हादसे में घायल कांवड़ियों को बड़ौत के आस्था हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बाद में कांवड़ियों के परिजन उन्हें सोनीपत ले गए। दोघट इंस्पेक्टर बच्चू सिंह ने बताया कि सभी घायलों का इलाज चल रहा है।

## निवाड़ा में क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को ग्राम निवाड़ा में प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाले निवाड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। निवाड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन मतीन खान ने बताया कि कमिटी द्वारा हर साल सावन के महीने में एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है, जिसमें आस पास की अलग अलग क्रिकेट टीमें प्रतिभाग करने के लिए पंजीकरण कराती हैं। इस वर्ष भी प्रतियोगिता की तैयारी गांव के क्रिकेट प्रेमी युवाओं द्वारा जोरों शोरों से की गई है। टूर्नामेंट का उद्घाटन युवक मंगल दल अध्यक्ष इनाम उल हसन और ताहिर चौधरी द्वारा फीता काटकर किया गया। इनाम उल हसन ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता ग्राम



निवाड़ा में क्रिकेट के प्रति उत्साह और जुनून को बढ़ाएगी और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करेगी। संबोधन के बाद युवाओं को प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान असलम, महराज, सुऐब, सलीम, रौनक, नसीम, नईम, अरमान आदि मौजूद रहे।

## समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्राम प्रधान देंगे सामूहिक इस्तीफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** वाटर कूलर जांच को लेकर प्रशासन और ग्राम प्रधानों के बीच विवाद गहरा गया है। सैकड़ों ग्राम प्रधानों ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में सांसद राजकुमार सागवान और विधायक योगेश धामा से मुलाकात की।

ग्राम प्रधान संगठन का कहना है कि प्रशासन उन पर वाटर कूलर घोटाले का आरोप लगा रहा है। प्रधानों का तर्क है कि बाजार में विभिन्न कंपनियों के वाटर कूलर अलग-अलग कीमतों पर उपलब्ध हैं। उन्होंने परियोजना अधिकारी राहुल वर्मा पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

प्रधानों ने कहा कि अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी वाटर कूलर लगवाए गए हैं, लेकिन उनकी जांच



नहीं हो रही है। सरूरपुर कला गांव के ग्राम प्रधान के मामले में भी संगठन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। सांसद राजकुमार सागवान और विधायक योगेश धामा ने अधिका. रियों से वार्ता कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। ग्राम प्रधानों ने चेतावनी दी है कि अगर समाधान नहीं निकला तो वे सामूहिक इस्तीफा दे देंगे। प्रधानों की मांग है कि वाटर कूलर की जांच तत्काल रोकी जाए।

उनका कहना है कि यह जांच सिर्फ उनका उत्पीड़न करने के लिए की जा रही है।

## एक नजर

### ड्रग विभाग ने मेडिकल स्टोरों पर कीछापेमारी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के बड़ौत-बुढ़ाना रोड कावड़ मार्ग स्थित दाहा गांव में ड्रग विभाग ने छापेमारी की। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर मोहित कुमार ने यह कार्रवाई की। छापेमारी गौरव मेडिकल स्टोर, बालाजी मेडिकल स्टोर, राणा मेडिकल स्टोर और गिरीश मेडिकल स्टोर पर की गई। इस दौरान दुकानों पर रखी संदिग्ध दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। कुछ स्टोर संचालक दुकान का शटर गिराकर मौके से फरार हो गए। ड्रग इंस्पेक्टर मोहित कुमार ने बताया कि दवाओं के बिल नहीं दिखाने पर स्टोर संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कावड़ यात्र के दौरान सभी जरूरी दवाएं स्टोर पर उपलब्ध होनी चाहिए। स्टोर संचालकों को ओवर रेटिंग न करने की हिदायत दी गई है। इंस्पेक्टर ने चेतावनी दी कि कोई भी नियमों का उल्लंघन न करे। प्रतिबंधित दवाएं बेचने पर कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान एंटी रेबीज वैक्सीन की भी जांच की गई। नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित




**बागपत।** मंगलवार को साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत में प्रोबेशन विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने की। इस अवसर पर 32 नवजात कन्याओं और उनके अभिभावकों को प्रमाण पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके साथ केक काट कर सेलिब्रेशन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने नवजात बालिकाओं को गोद में लेकर मातृत्व और वात्सल्य प्रेम का परिचय दिया। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की अपील की। उन्होंने कहा बेटी केवल एक परिवार की नहीं, समाज और राष्ट्र की धरोहर होती है। वह संस्कार, संवेदना और सृजनशीलता की वाहक होती है। उनके जन्म पर उत्सव मनाकर यह संदेश देना आवश्यक है कि बेटा-बेटी में कोई भेद नहीं। इस अवसर पर नवजातों के जीवन को खुशहाल बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परिवारों को एक-एक पौधा भेंट किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधे को उपहार स्वरूप देना नवजात के जीवन में समृद्धि, हरियाली और स्थायित्व का प्रतीक है। उन्होंने आमजन से बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति सजग रहने का आहवान भी किया। उन्होंने सभी को प्रशस्ति पत्र में जन्म प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरचंद वर्मा, सीएचसी बागपत चिकित्सा अधीक्षक डा.विभाष राजपूत, स्वास्थ्यकर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## पालतू कुत्ते को लेकर पड़ोसियों के बीच मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** निरपुड़ा गांव में पालतू कुत्ते को लेकर पड़ोसियों के बीच विवाद हिंसक रूप ले लिया। तेजपाल सिंह ने अपने पड़ोसी मन्नू के कुत्ते की शिकायत की थी। कुत्ता रोजाना उनके घर के बाहर गंदगी कर रहा था। शिकायत से नाराज होकर मन्नू और उसकी मां ने तेजपाल पर लोहे के पंच से हमला कर दिया। घायल तेजपाल की आवाज सुनकर जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो आरोपी धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल तेजपाल को पहले बिनौली सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ मेडिकल रेफर किया गया। दोघट थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह के अनुसार, पीड़ित के भाई रामपाल की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## 27 जुलाई को मनाई जाएगी हरियाली तीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अनिल शर्मा, बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में इस तरीके से मनाए जाएंगे सावन माह के सनातनी त्यौहार सनातन धर्म से जुड़े श्रीशिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र संस्कृत विद्यालय के आचार्य पंडित संदीप गौतम ने शिव महिमा का विद्यार्थियों के साथ गुणगान करते हुए शिव की पूजा अर्चना करते हुए बताया कि अषाढ पूर्णिमा के साथ शुक्रवार से सावन माह की शुरुआत हो गई है। सावन के तीस दिनों में चार सोमवार के अलावा पंद्रह व्रत व त्योहार पड़ेंगे। 29 को नागपंचमी पड़ेगी, जबकि सावन की पूर्ण आहुति रक्षाबंधन को होगी। ज्यौतिषाचार्य शिव गुरुकुल स्वाधालय केंद्र संस्कृत विद्यालय के आचार्य पंडित संदीप गौतम ने अपनी वाणी से बताया कि सावन माह की उत्पति श्रावण नक्षत्र से हुई है। इस नक्षत्र के स्वामी चंद्रमा जो भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान हैं। बताया कि सावन माह में चार सोमवार पड़ेंगे। चार जुलाई, 14 जुलाई, 21 जुलाई और 28 जुलाई को सावन के सोमवार पड़ रहे है। सावन माह में प्रमुख रूप से 27 जुलाई को हरियाली तीज का पर्व मनाया जाएगा। 29 जुलाई को नागपंचमी है। 31 जुलाई को गोस्वामी तुलसीदास और मुंशीप्रेमचंद्र की जयंती है। नौ अगस्त को रक्षाबंधन और श्रावणी कर्म एक दिन पड़ रहा है। भादों मास में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा। 16 जुलाई को कर्क संक्राति, 17 को कालाष्टम, 22 को भौम प्रदोष व्रत, 23 को मास शिवरात्रि, 24 जुलाई को हरियाली अमावस्या, 26 जुलाई को स्वामी करपात्री महाराज की जयंती, 27 जुलाई को हरियाली तीज, पांच अगस्त को श्रावण पुत्रदा एकादशी, छह बुध प्रदोष व्रत नौ अगस्त को रक्षाबंधन व श्रावणी कर्म है। सनातन धर्म से जुड़े सभी लोगों से आहवान किया कि वह अपने बच्चों को संस्कृतिवान बनाने का कार्य शुरू करें अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाएं यही संस्कृति की पहचान है।

## हर व्यक्ति को अपने घरों के बाहर पक्षियों के लिए घोषले, पानी व खाने के लिए दाने की करनी चाहिए व्यवस्था:डा.रियासत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को यूनाइटेड मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.रियासत अली के नेत्रत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर विभिन्न जगहों पर कबूतरों के लिए कृतिम घोषले लगाए गए जिसमें मुगलपुरा नई बस्ती बागपत कुरेशियान मौहल्ला पुराना कस्बा बागपत घनश्याम दास मार्ग स्थिर मिस्सर देवता मंदिर आदि स्थानो पर कृतिम घोषले लगाई गई। इस दौरान घोषले लगाने में लोगों ने सहयोग किया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष डा.रियासत अली द्वारा लोगों से अपील की गई कि हर व्यक्ति को अपने घर के बाहर पक्षियो के लिए घोषले पानी और खाने के लिए दाना आदि की



व्यवस्था करनी चाहिए। परिन्दों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना बहुत पुण्य का काम है। इस मौके पर डा.इमरान मलिक बॉबी सैनी सुनील सैनी आमिर कुरेशी राजपूत आदिल मलिक आदि मौजूद रहे।

## मांग पूरी नहीं हुई तो राशन डीलर 18 तारीख को लखनऊ के जवाहर भवन का करेंगे घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को ऑल इण्डियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन उ.प्र.ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए डीलरों ने मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कमीशन बढ़ाने और बकाया भुगतान की मांग की।

जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए राशन डीलरों ने कहा कि अन्य राज्यों में 200 से 250 रुपए तक कमीशन मिलता है। उत्तर प्रदेश में यह मात्र 90 रुपए है। राशन डीलर सुधीर कुमार ने बताया कि पिछले 6 महीने से उन्हें कमीशन नहीं मिला है। इससे जिले के सभी राशन डीलर



परेशान हैं। पूरा परिवार राशन का वितरण करता है। कम कमीशन और भुगतान न होने से परिवार का पालन-पोषण मुश्किल हो गया है। सैकड़ों राशन डीलर बागपत कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को दिया। इस दौरान डीलरों ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी न होने पर हड़ताल करेंगे। 18 तारीख को लखनऊ के जवाहर भवन का घेराव भी करेंगे।

## कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्यकर्मी व चिकित्सक अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** 11 जुलाई से पवित्र सावन माह शुरू हो गया है। राजस्थान, हरियाणा के कांवड़िए हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहे हैं। प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी सावन माह में कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जुटे हुए हैं। सीसीटीवी, पीकेट, गस्त, रूट डायवर्जन समेत दूसरी व्यवस्थाओं को अमल. ीजामा पहनाया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। कांवड़ यात्रा और आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभा ने बडौत नगर की सीएचसी पर भी अलग से व्यवस्था की गई हैं।

सीएचसी अधीक्षक डा.विजय कुमार गर्ग मिडिया से रूबरू होते हुए बताया है कि सभी स्वास्थ्यकर्मियों, चिकित्सकों, स्टाफ को अलर्ट मोड़ पर रख दिया गया है। इसमें दवाओं के पर्याप्त इंतजाम संग एक-एक फिजिशियन, सर्जन, ऑर्थोपेडिक और नेत्र रोग विशेषज्ञ की डयूटी लगाई गई है। इसके अलावा अस्पताल की इमरजेंसी में भी डॉक्टरो को अलर्ट किया गया है। दवाओं के इंतजाम के साथ ही उनमें डॉक्टर व कर्मचारियों की डयूटी लगाते हुए लापरवाही न बरतने की हिदायत दी गई है

## ट्रेन में शराब पार्टी की वीडियों को यात्रियों ने सोशल मीडिया पर किया वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सहारनपुर से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन 64026 में यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठे हैं। ट्रेन के डिब्बों में कुछ लोगों ने खुलेआम शराब पीकर हंगामा किया। यात्रियों को परेशान किया। पूरी यात्रा के दौरान जीआरपी और आरपीएफ के जवान नहीं दिखे।

यात्रियों ने शराब पीते लोगों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं। एक युवक की भांग रगड़ते हुए वीडियो और फोटो भी वायरल हुई। शिकायत के बाद भी कोई तुरंत कार्रवाई नहीं हुई। इसी रूट पर हाल ही में खेकड़ा निवासी दीपक की हत्या हुई थी। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए। यात्री विकास वर्मा, कुलदीप, दिनेश, अरूण और सुनील ने बताया कि इस ट्रेन में सीट को लेकर मारपीट आम बात हो गई है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे रोजाना इस ट्रेन से यात्रा करते हैं। वे डर के माहौल में सफर करने को मजबूर हैं। जीआरपी इंस्पेक्टर ने कहा कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच होगी। फोटो के आधार पर युवक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। जीआरपी इंस्पेक्टर उधम सिंह तालान का कहना है कि अभी तक किसी यात्री ने लिखित शिकायत नहीं की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जाएगी और फोटो के आधार पर युवक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

## जैन श्रद्धालुओं के साथ तलाशी के नाम पर किए गए दुर्व्यवहार से जैन समाज आहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील में जैन मिलन परिवार के अध्यक्ष मनोज जैन के नेतृत्व में जैन समाज के लोग तहसील परिसर में इकट्ठा हुए वहां से नारेबाजी करते हुए उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। गुजरात पुलिस प्रशासन, शासन जैन समाज के पवित्र तीर्थ गिरनार गुजरात में जैन श्रद्धालुओं के साथ तलाशी के नाम पर किए गए दुर्व्यवहार से जैन समाज काफी आहत है। जैन समाज अहिंसक समाज है। उसके बंधु भगवान नेमिनाथ के मोक्ष कल्याणक पर निर्माण लाडू चढ़ाने काफी संख्या में गिरनार जी गए थे। वहां के शासन, प्रशासन द्वारा स्थानीय अतिक्रमण कारियों के प्रभाव में जैन समाज के श्रद्धालुओं की गहनता से इस प्रकार तलाशी ली गई जैसे कि वह आतंकवादी हो



और उनके ही तीर्थ के दर्शनों के लिए अवरोध पैदा किया गया। जैन समाज इस घटना की घोर भर्त्सना करता है और इसके विरोध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल बड़ौत एवं जैन मिलन परिवार बड़ौत के तत्वाधान में तहसील बड़ौत पर उपजिलाधिकारी बड़ौत को व्यापारीयों एवं जैन समाज के द्वारा गुजरात के मुख्यमंत्री के नाम उक्त घटना के विरोध में ज्ञापन दिया। इस मौके पर मनोज जैन मुदित जैन अतुल जैन शरद जैन राजेंद्र जैन मुकेश जैन सिद्धार्थ जैन अंकुर जैन रवि जैन के अलावा काफी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र अभिषेक से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

शशि पत्नि स्व.राजेन्द्र निवासी ग्राम ललियाना तहसील व जनपद बागपत।

## बीकॉम एलएलबी के बच्चों ने मारी बाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विश्वविद्यालय द्वारा जगमोहन कालिज ऑफ लॉ खेकडा बागपत का बीकॉम एलएलबी 5 वर्षीय पाठयक्रम आतिम वर्ष का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमे गारगी कसाना 55.5 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान, भानु कौशिक 51.96 प्रतिशत द्वितीय स्थान एवं शालु सैनी 51.14 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान पर रहे। महाविद्यालय का परीक्षाफल 98: रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव प्रणीत मोहन ने महाविद्यालय के डायरेक्टर जनरल के साथ -साथ उत्तीर्ण छात्रों एवं फरहत जहॉन, हरिओम ठाकुर अंकित, उपकर त्यागी, निधि त्यागी, सुजाता सिंधु कपिल राणा, प्रियंका, शहनिवाज , चेतन आदि अध्यापकगणों को बधाई एवं जूनियर छात्रों ने उत्तीर्ण हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा छात्रों को विदाई दी।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र योगेन्द्र व पुत्रवूध आकांक्षा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

संजीव पुत्र जगदीश निवासी ग्राम खेडा इस्लामपुर थाना बडौत जनपद बागपत।

# कार की टक्कर से कांवड़ खंडित, हंगामा

## हापुड़ अड्डे पर कांवड़ियों ने किया हंगामा, पुलिस ने समझा कर किया शांत

- हरिद्वार से जल लेकर हापुड़ की ओर जा रहा था कांवड़ियों का जत्था
- कार की तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नौचन्दी थाना क्षेत्र के हापुड़ रोड पर हरिद्वार से जल लेकर आ रहे एमपी के रहने वाले एक कांवड़िया की कांवड़ में अज्ञात कार ने साइड मार दी। जिससे कांवड़िये की कांवड़ खंडित हो गई, इसी को लेकर कांवड़ियों की टोली ने हापुड़ अड्डा चौराहे पर जमकर हंगामा कर दिया।

कांवड़ियों के द्वारा हंगामे की सूचना पाकर तीन थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और किसी तरह कांवड़ियों को समझाकर शांत करने के बाद उन्हें जल देकर उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया वहीं पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे



सीसीटीवी कमरे खंगाल रही है ओर कार चालक की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार सुबह एमपी के भोपाल का रहने वाला सोनू गुर्जर अपने साथी कांवड़िया जलन सिंह सहित अन्य कांवड़ियों के साथ हरिद्वार से जल लेकर अपने गंतव्य की ओर जा रहा था। जब कांवड़ियों की टोली नौचंदी थाना क्षेत्र के हापुड़ अड्डे पर पहुंची तभी नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित मोहल्ला मुरारीलाल की बगिया की तरफ से एक कार निकली कार ने सोनू की कांवड़ में साइड मार दी जिसके चलते कांवड़ खंडित हो गई। इस दौरान कांवड़ियों की टोली ने हापुड़ अड्डे पर हंगामा कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में नौचन्दी, लिसाड़ी गेट, सिविल लाइन थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा और किसी तरह हंगामा करने वाले कांवड़ियों को शांत करने के बाद उन्हें पहले से रिजर्व किया गया जल देकर उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालकर आरोपी कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। और उसके बारे में जानकारी जताकर कार्यवाही की बात कह रही है।

## मारपीट में युवक घायल चाचा ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम अमरौली उर्फ बड़ा गांव में युवक को मारपीट कर घायल किया। घायल अवस्था में थाने पहुंचे युवक को पुलिस ने उपचार के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना भेजा। हालत गंभीर होने पर उसे मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल के चाचा ने थाने में एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। अमरौली उर्फ बड़ा गांव निवासी इकतदार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका भतीजा अरबाज मंगलवार को सुबह स्कूल से अपनी टीसी लेने के लिए जा रहा था गांव के तीन लोगों ने उसे रोक लिया तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी इकतदार का आरोप है कि आरोपियों ने कसले व लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल के चाचा ने तहरीर दी है।

# आदित्य ज्योति फाउंडेशन ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत आदित्य ज्योति फाउंडेशन के तत्वाधान में मंगलवार को नगर के सार्वजनिक स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने पौधा रोपण का कार्यक्रम किया है। जिसमें फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा कस्बे के धार्मिक स्थल काले सिंह मंदिर, बिश्नोई श्मशान घाट, भूला शमशान घाट, मंदिरों के परिसर में सैकड़ों पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया।

फाउंडेशन के सचिव मास्टर बिरजू पालीवाल ने वृक्षारोपण अभियान के लिए सभी को प्रेरित करते हुए बताया कि पेड़ पौधों से हमें फल फूल जड़ी बूटियां औषधीय आदि प्राप्त होती है व शुद्ध वायु के साथ-साथ प्रदूषण मुक्त सुंदर पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाए।




उन्होंने कहा कि सबको एक पेड़ लगाना होगा। इस दौरान मास्टर बिरजू पालीवाल, अनुज कुमार सैनी, बृजमोहन बिश्नोई, विकास रस्तोगी, बिल्लू चौधरी, दीक्षित सैनी, प्रियांश सैनी, कुलदीप, सुरेश कौशिक, राजकुमार विश्वकर्मा व ने भी वृक्षारोपण में सहयोग किया।

## त्यागी ब्राह्मण भूमिहार स्वाभिमान मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव बनी ऋतु त्यागी जौनचान

- केन्द्रीय कमेटी ने सर्वसम्मति से दिया ऋतु त्यागी को पद, लोगों ने दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गढ़ रोड स्थित पंचशील कालोनी में त्यागी ब्राह्मण भूमिहार स्वाभिमान मोर्चा की केन्द्रीय कमेटी ने सर्वसम्मति से वरिष्ठ समाज सेविका ऋतु त्यागी जौनचान को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया।

महेन्द्र सिंह त्यागी ने कहा कि हमें विश्वास है अपने समाज सेवा के लम्बे अनुभवों से ऋतु त्यागी जौनचान संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाएगी और संगठन के संविधान के नियमों के आधार पर समर्पित भाव से समाज हित और



देशहित में कर्तव्य पालन करेगी। जिस पर संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक गंगाशरण त्यागी, कुलदीप त्यागी, विकास त्यागी, मोहित त्यागी, प्रदीप त्यागी, मनोज त्यागी, सुशील गौड़, सौरभ त्यागी, अंकित त्यागी, डॉ. संगीता त्यागी, संजय जोशी, पारूल त्यागी आदि ने बधाई दी।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से पांच आवारा सांड मरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** झुनझुनी बाईपास स्थित पेट्रोल पंप के सामने गन्ने के खेत के ऊपर से गुजर रही जर्जर एलटी लाइन के करंट प्रवाहित तार टुटकर गिरने से तार की चपेट में आने से पांच आवारा सांडो की मौत हो गई। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लाप. रवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। जानक. ारी पर पहुंचे जेई हस्तिनापुर सतवीर सिंह व एक्शन मवाना संजीव भट्ट ने सरकार से मिलने वाली आर्थिक सहायता व अपनी तरफ से दस हजार रूपए की नकद राशि देकर मामले को शांत किया।

गांव झुनझुनी निवासी किसान सगीर ने एनएच 34 पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने ठेके पर जमीन ले रखी है। गन्ने के खेत के ऊपर से गुजर रही एलटी लाइन जर्जर अवस्था में है। सोमवार की रात को करंट प्रवाहित तार टूटकर गिरने से उसकी चपेट में पांच आवारा गोवंश की जान चली गई। एक साथ पांच गोवंश की मौत से ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। किसान विपिन भाटी ने हस्तिनापुर जेई सतबीर सिंह को सुबह 7 बजे की घटना की जानकारी दे दी थीं। जेई के घंटो घटनास्थल पर नहीं आने पर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश



पनप गया। आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ ने हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामे की जानकारी पर पहुंचे जेई सतबीर सिंह को भीड़ ने खरी खोटी सुनाई। किसानों का नेतृत्व कर रहे समाज सेवी आकाश गुर्जर ने चेतावनी दी कि जब तक फसल मुआवजा व जर्जर तार नही बदले जाएंगे तब तक मृतक गोवंश को नहीं उठने दिया जाएगा।

एक्शन मवाना संजीव भट्ट भी घटना स्थल पर पहुंच गए। काफी देर तक चली जद्दोजहद के बाद एक्शन मवाना ने किसानों को सरकार से मिलने वाली आर्थिक मदद का आश्वासन देते हुए अपनी तरफ से 10 हजार रूपए की नकद राशि किसान सगीर को देने का आश्वासन पर भी किसान शांत नहीं हुए। इस पर थाना प्रभारी इंदु वर्मा ने मामले में हस्तक्षेप करते हुए विद्युत विभाग से लाइन के नीचे हादसों से बचने के जाल बिछाने की सहमती पर मामले को शांत किया। इस पर विभाग व किसान सहमत हो गए। इसके बाद जेसीबी से गड्ढा खोदकर मृतक गोवंशो को सफेद चादर में नमक डालकर जेसीबी से दबा दिया गया। इस मौके पर विपिन भाटी, कुश चौधरी, पंकज मावी, नितिन भाटी, गोलू पंवार, सागर भाटी, पुनीत भाटी, रामधन गुर्जर, प्रधान बृजमोहन, सुशील, बॉबी, अतुल भाटी आदि रहे।

### एक नजर

## 28 को मेरठ तहसील में होगी मत्स्य पट्टो की नीलामी, अधिकारी रहेंगे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** तहसीलदार नीलाम अधिकारी मेरठ ने बताया कि छह ग्रामों में मत्स्य पालन हेतु तालाब पोखर मीनाषय एवं जल प्राणियों के 10 वर्षीय आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियो के मध्य 28 जुलाई को प्रात: 10 बजे से अपरान्ह दो बजे तक तहसील मुख्यालय मेरठ पर नीलाम की कार्यवाही की जायेगी। नीलाम के संबंध में शर्तें तहसील मेरठ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। जो व्यक्ति इसमें शामिल होना चाहता है वह भाग ले सकता है।

## मेरठ में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की चौथी शाखा का हुआ शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को गढ़ रोड पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र की चौथी शाखा का शुभारंभ हुआ है। यह शुभारंभ उप महा प्रबंधक व आंचल प्रमुख राहुल जोशी ने किया। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र की मेरठ जिले में यह चौथी शाखा है लेकिन नोएडा आंचल की यह 56वीं शाखा है। इस दौरान उन्होंने ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग श्रण सुविधा व बचत योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राहुल जोशी ने कहा कि पारदर्शी व तकनीक संचालित बैंकिंग सुविधा प्रदान करना ही हमारी प्राथमिकता है। भारत सरकार और रिजर्व बैंक की दिशा निर्देश का पालन प्रत्येक योजना में किया जाएगा विशेष रूप से गरीबों से जुड़ी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस मौके पर शाखा प्रबंधक अर्पित चौधरी, राहुल सिंह, विख्यात टंडन, संजय गुप्ता, आदित्य अगिनहोत्री, विकास त्रिपाठी, वीरेंद्र कुमार, कैलाश चंदौला, विशाल बलूजा, मनोज सिंघानिया व मनोज कुमार मौजूद रहे।

# शोभित विवि में साइबर सुरक्षा एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में कौशल विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय, मेरठ के केंद्रीय पुस्तकालय द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय था साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल लचीलापन हेतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता में कौशल विकास, जिसमें विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के उभरते खतरों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग से उनसे निपटने के आधुनिक तरीकों से अवगत कराया गया।

इस कार्यशाला में एमएससी साइबर सुरक्षा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यशाला की मुख्य विशेषज्ञ वक्ता डॉ. संगीता कौल, डेलनेट नई दिल्ली से रहीं। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से न केवल साइबर खतरों की पहचान की जा सकती है, बल्कि उन पर प्रभावी नियंत्रण भी पाया जा सकता




है। इस अवसर पर मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष रविन्द्र धामा ने कहा की हमारा प्रयास है कि विश्वविद्यालय के छात्रों को नवीनतम तकनीकी विषयों पर उभरता हुआ ज्ञान समय-समय पर प्रदान किया जाए, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अग्रणी भूमिका निभा सकें। कार्यशाला के पश्चात सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रो-वाइस चांसलर एवं डीन रीसर्च प्रो. डॉ. जयानंद, कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष रविन्द्र धामा, उप कुलसचिव रमन कौशिक, तथा वित्त नियंत्रक दीपक गोयल द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम के संयोजक रविन्द्र धामा, मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष, मिस नीरज तथा केंद्रीय पुस्तकालय की संपूर्ण टीम उपस्थित रही और उन्होंने आयोजन की सफलता में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

## डाक्टर प्रियंका गर्ग लीजेंड ऑफ वेस्ट यूपी अवार्ड से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** होटल कंट्री इन में देश के जाने-माने मीडिया ग्रुप ने न्यूटीमा हास्पिटल की डाक्टर प्रियंका गर्ग को लीजेंड ऑफ वेस्ट यूपी के अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीक. ांत वाजपेई वरिष्ठ उपाध्यक्ष भाजपा, भारत द्वारा दिया गया। यह अवार्ड उन्हें गायनेकोलॉजी के क्षेत्र में मेरठ में 3डी लेप्रोस्कोपी सर्जरी को आरंभ करने के लिए दिया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य योगदान स्वयं मीडिया का रहा विशिष्ट सहयोगी नोवा हॉस्पिटल व जेपी ग्रुप रहे।



## सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ राकेश कुमार थानीवाल का ग्राम मंडोरा में स्वागत



ग्राम मंडोरा में ढोल नगाड़ों से स्वागत करते ग्रामीण।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गत दिनों ग्राम मंडोरा, थाना दौराला मेरठ के राकेश कुमार थानीवाल सहायक कमांडेंट (डीएसपी) CRPF के पद पर पदोन्नत हुए हैं। जोकि पूरे मेरठ जनपदवासियों के लिए गर्व और हर्ष की बात है। पदोन्नति के बाद राकेश कुमार थानीवाल, सहायक कमांडेंट CRPF का जनपद मेरठ में प्रथम आगमन पर ग्राम मंडोरा वासियों व गणमान्य लोगों ने उनका ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से स्वागत किया। मंडोरा ग्राम के लोग उनके स्वागत में एनएच 58 स्थित ग्राम सकौती से गाड़ियों के काफिले, ढोल नगाड़ों व डीजे के साथ ग्राम मंडोरा तक लेकर आए और पूरे गांव का भ्रमण कराया और एक स्वागत सभा का आयोजन भी किया। पूर्व राज्यमंत्री मुकेश सिद्धार्थ ने कहा कि यह मंडोरा गांव के लिए ही नहीं ब्लकि जनपदवासियों के लिए गर्व की बात है। हमें अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिये जिससे वह क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। स्वागत करने वालों में ग्राम मंडोरा के प्रधान पीयूष मुखिया, पूर्व राज्यमंत्री मुकेश सिद्धार्थ, ओपी राणा, भगत सिंह, सतपाल, वेदव्रत आर्य, हरवीर सिंह, हिमांशु सिद्धार्थ, शशिकांत गौतम, रिशपाल, अतेंद्र, मनीराम, नरेंद्र, इंद्र, मास्टर सौदान आदि लोग उपस्थित रहे।

## कार और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार घायल, कार चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**जानी खुर्द।** मंगलवार को बाइक और कार में भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया बाइक सवार को पास के अस्पताल में भर्ती कराया जहा हालत नाजुक बताई गई है। कस्बा सिवाल खास में शराब के ठेके के पास एक कार और बाइक में भिड़ंत हो गई गाडी एक नाले में जा गिरी और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें आमिर पुत्र रहसूद्दीन निवासी कस्बा सिवाल खास बुरी तरह घायल हो गया घायल को देख कार चालक मोहित पुत्र कृष्ण निवासी सोनीपत गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। सिवालखास चौकी इंचार्ज नरेश कुमार माहोर ने घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

# राजनीति के सभी पदों से समाजसेवी सुमेर सिंह धार ने दिया इस्तीफा

- पूर्व में रामविलास पासवान की पार्टी में रहे हैं प्रदेश उपाध्यक्ष
- बोले मैं राजनेता नहीं सिर्फ व्यापारी हूं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** फौज में देश की सेवा करने वाले राजधानी रत्न से सम्मानित सुमेर सिंह धार का नाम मेरठ के हर व्यापारी संघटन या राजनीतिक पार्टी में अनसुना नहीं है सुमेर सिंह धार पूर्व में रामविलास पासवान की पार्टी में प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर रह चुके हैं उन्होंने मवाना हस्तिनापुर से चुनाव लड़ने का ऐलान किया था और लंबे समय तक सर्व समाज के बीच काम किया था लेकिन वह उसके बाद



सुमेर सिंह धार

बसपा में रहे बसपा में उनके काम को देखकर मायावती ने भी उनकी पीठ थपथपाई थी।

लेकिन धीरे-धीरे उनकी समाज सेवा राजनीति के आड़े आती रही जिसके चलते वह पूरी तरह व्यापारी वर्ग के साथ जुड़ गए। सुमेर सिंह धार कई राजनीतिक पार्टियों में रहे लेकिन अब उनका मोह पूरी तरह राजनीति से भंग है। उन्होंने अपना बयान जारी करते हुए कहा कि वह कोई राजनेता नहीं है वह राजनीति में सिर्फ समाज सेवा के लिए आए थे लेकिन असली समाज सेवा राजनीति से अलग हटकर ही की जा सकती है इसलिए वह राजनीति से दूर हो रहे हैं और पूरी तरह व्यापारी वर्ग के साथ मिलकर व्यापारियों की लड़ाई लड़ेंगे सुमेर सिंह धार ने कहा कि वह संयुक्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल में है और यहां पर रहकर व्यापारियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं।

सुमेर सिंह धार ने कहा कि राजनीति में एक दायरा होता है जिससे बाहर निकलना राजनेता के लिए नामुमकिन है लेकिन अगर सब की सेवा करनी है और सबको साथ लेकर चलना है तो फिर राजनीति से दूर होना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वह फौज में रहकर देश की सेवा कर चुके हैं और अब जनता के बीच लोगों की समस्या और उनके अधिकारों के लिए मैदान में डटे हुए है। उन्होंने कहा कि अगर किसी को कोई समस्या है या फिर किसी को किसी भी लेवल पर कोई परेशान कर रहा है तो वह हर वक्त उस पीड़ित के साथ है जिसे किसी की मदद चाहिए।

आपको बता दें कि सुमेर धार खुले विचारों के हैं और वह खुलकर भाजपा सहित तमाम राजनीतिक पार्टियों की उन नीतियों का विरोध करते हैं जो समाज के हित में नहीं है उनका कहना है कि जो नीति समाज हित में नहीं है वह समाज में नहीं रहनी चाहिए चाहे वह नीति किसी भी पार्टी की हो उन्होंने पूर्व में भी साफ-साफ कहा कि हिंदू और मुसलमान की राजनीति देश को कमजोर कर रही है कुछ लोग अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए मुसलमान के नाम पर देश में नफरत का माहौल बना रहे हैं। जिससे देश के युवाओं का और देश की इकोनॉमी का ही नुकसान हो रहा है। उन्होंने देश की जनता से अपील करते हुए कहा कि हिंदू और मुसलमान के विवाद में न पड़े क्योंकि जो लोग विवाद में पड़ जाते हैं वह तरक्की के रास्ते में खुद ही रोड़ा बन जाते हैं इसीलिए सबको मिलजुल कर देश के संविधान पर चलते हुए देश की सेवा करनी चाहिए और देश की सेवा इसी में है कि हम आपस में मिलजुल कर रहे हैं। सुमेर सिंह धार ने जनता से कहा कि वह सार्वजनिक रूप से सभी पार्टियों से इस्तीफा दे रहे हैं और पूरी तरह व्यापारी बनकर अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

# चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग का आला अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिए हर अधिकारी बारीकी से कांवड़ यात्रा को देखें इसी के चलते लगातार अधिकारी कांवड़ मार्ग नहर पटरी पर उतर गए हैं।

मंगलवार को एडीजी, आईजी- डीआईजी और मेरठ कमिश्नर एसएसपी एसपी देहात एसपी ट्रैफिक ने चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया जिसमें भोला झाल चौकी निवाड़ी जानी बार्डर और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जहां चप्पे-चप्पे पर पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए शिव भक्त सकुशल अपनी मंजिल तक पहुंचे। थाना पुलिस को भी निर्देश दिए गये। उधर कांवड़ मार्ग पर महिला शिवभक्त का भी आगमन तेजी से हो रहा है। महिलाओं को



परेशानी न हो इस के लिए अधिकारियों ने कड़े निर्देश दिए हैं वहीं जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर और पुलिस बल के साथ चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी पर अधिकारियों के निर्देश के बाद भोला झाल से निवाड़ी जानी बार्डर तक सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और बढ़ा दी गई है और शिविरों में भी संदिग्ध व्यक्ति पर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। ग्रामीणों से रूबरू होकर कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने को कहा गया है उधर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विपिन कुमार ताडा ने इंटेलिजेंटस व एलआईयू को कांवड़ मार्ग पर लगा दिया हैं।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्ष 2015 से भारत में विश्व युवा कौशल दिवस मनाया जा रहा है, इस वर्ष 10वां विश्व युवा कौशल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, साकेत मेरठ में कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ जनप्रतिनिधि सतेन्द्र भराला, उद्योग के प्रतिनिधि गौरव जैन सचिव आईआईए, मनोज सिंह संयुक्त निदेशक प्रशि शिशिक्षु शशिभूषण उपाध्याय, सहायक निद. ेशक क्षेत्रीय सेवायोजन मेरठ, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान साकेत मेरठ द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

# मेरठ कॉलेज में 134 वां स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को मेरठ कॉलेज के ऐतिहासिक मंगल पांडे सभागार में गुरुकुल प्रभात आश्रम के स्वामी विवेकानंद जी के द्वारा मेरठ कॉलेज की स्थापना दिवस के संदर्भ में हवन किया गया। इस हवन में यजमान बने मेरठ कॉलेज के प्रबंध तंत्र के अध्यक्ष डॉ. ओपी अग्रवाल, सचिव, विवेक कुमार गर्ग एवं साधना गर्ग रही। इस यज्ञ में डॉ. रामकुमार गुप्ता, संजीवेश्वर त्यागी, जयवीर सिंह एवं अनेक कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रसिद्ध कवि डॉ. हरिओम पंवार एवं सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपेई भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए गुरुकुल प्रभात आश्रम के स्वामी विवेकानंद ने कहा कि मेरठ कॉलेज सदियों से मनुष्य की निर्माणशाला रहा है और इसी ध्येय के साथ इसको 133 वर्ष पूर्व



स्थापित किया गया था। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार वस्त्र की फैक्ट्री में वस्त्र बनते हैं, चीनी की फैक्ट्री में चीनी बनती है उसी प्रकार एक विद्यालय में मनुष्य का निर्माण किया जाता है। उन्होंने प्रबंध तंत्र, छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया की अनुशासन की आहुति से ही विद्यालय की प्रगति होती है और यह सर्वश्रेष्ठ बनता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रामकुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष मेरठ कॉलेज एवं डाक्टर ओपी अग्रवाल, अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया। डॉ. रामकुमार गुप्ता ने बताया कि इस संस्था की नींव रखने में और इसे आगे बढ़ाने में हमारे पूर्वजों ने अथक प्रयास किया है। डॉ. ओपी अग्रवाल ने इस बात की आवश्यकता पर बल दिया कि हम सभी को मिलजुल कर इस महान संस्था को निरंतर प्रगति के पथ पर चलाए रखना होगा।

# लॉस एंजेलिस ओलंपिक-2028 में क्रिकेट की वापसी

**लॉस एंजेलिस, वार्ता।** लॉस एंजे. लिस ओलंपिक 2028 से क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी हो रही है। इस बार के ओलंपिक में क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच 12 जुलाई से शुरू होंगे, जबकि 20 और 29 जुलाई को पदक के मैच होंगे। सभी

**● मैच 12 जुलाई से शुरू होंगे, 20 और 29 जुलाई को पदक मैच होंगे**

मैच फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में खेले जाएंगे। लॉस एंजेलिस से लगभग 50 किमी दूर पोमोना शहर में एक अस्थायी स्टेडियम बनाया जाएगा। पुरुष और महिला दोनों ही टूर्नामेंट में छह-छह टीम खेलेंगी, जिसमें 180 खिलाड़ी भाग लेंगे। सभी मैच टी-20 प्रारूप में होंगे। हर टीम टूर्नामेंट के लिए 15 खिलाड़ियों को चुन सकती है।

ज्यादातर दिनों पर डबल हेडर मुक. ाबले होंगे, जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। मैच लोकल समयानुसार सुबह 9 बजे और शाम 6-30 बजे शुरू होंगे। पदक मैचों के लिए भी यही समय रखा गया है। लॉस एंजेलिस की मेयर करेन बास ने एक बयान में कहा कि जब दुनिया इन खेलों के लिए यहां आएगी, तो हम सभी के लिए खेलों की मेजबानी करते हुए हर इलाके को उजागर करेंगे और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करेंगे कि यह एक यादगार विरासत छोड़े। उन्होंने आगे कहा कि हम उस विरासत को पहले ही पूरा कर रहे हैं क्योंकि हम घोषणा करते हैं कि प्लेएलए में दस लाख से ज्यादा नामांकन हो चुके हैं।

मैं एलए28 और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ को धन्यवाद करना चाहती हूं, जिनकी वजह से ये कार्यक्रम मुमकिन हो पाए। क्रिकेट पहली बार ओलंपिक में 1900 में शामिल किया गया था। तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने दो दिन के मैच में भाग लिया था, जहां ग्रेट ब्रिटेन ने स्वर्ण पदक जीता था। ओलंपिक में क्रिकेट का शामिल होना इस खेल के बढ़ते कद को और मजबूत करता है। महिला क्रिकेट ने 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स्स में पदार्पण किया, जबकि पुरुष और महिला दोनों 2010, 2014 और 2023 में एशियन गेम्स का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में ग्रैंड प्रेयरी, लॉडरहिल और न्यूयॉर्क ने 2024 के टी-20 विश्व कप के कई मैचों की मेजबानी की।

## क्रिकेटर यश दयाल को हाईकोर्ट से मिली राहत, गिरफ्तारी पर रोक



**प्रयागराज, वार्ता।** यौन उत्पीड़न के मामले में फंसे क्रिकेटर यश दयाल को इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत मिली है। अदालत ने इस मामले में उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत ने मौखिक टिप्पणी की है कि पांच साल से महिला और यश दयाल रिलेशनशिप में थे, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि शादी का झांसा देकर संबंध बनाए गए हैं। वहीं राज्य सरकार की ओर से यश दयाल की अर्जी का विरोध किया गया। कोर्ट ने पीड़िता को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है और राज्य सरकार को भी जवाब दाखिल करने को कहा है। यश दयाल के अधिवक्ता गौरव त्रिपाठी ने अदालत में अपने मुवक्किल का पक्ष रखा। उनके मुताबिक चार से छह हफ्ते बाद इस मामले पर अगली सुनवाई होगी। इस पूरे मामले की सुनवाई न्यायाधीश सिद्धार्थ वर्मा और न्यायाधीश अनिल कुमार दशम की डिवीजन बेंच में हुई। गौरतलब है कि क्रिकेटर यश दयाल के खिलाफ छह जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाने में एक महिला ने एफआईआर दर्ज कराई थी। यह एफआईआर बीएनएस की धारा 69 के तहत दर्ज की गई। यश दयाल ने अपने खिलाफ हुई एफआईआर को रद्द करने के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली। याचिका में राज्य सरकार, इंदिरापुरम थाने के एसएचओ और पीड़िता को पक्षकार बनाया गया है।

## इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए डॉसन को टीम में शामिल किया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट के लिए शोएब बशीर की जगह लियाम डॉसन को अपनी टीम में शामिल किया है। बशीर लॉर्ड्स में इंग्लैंड की रोमांचक जीत के बाद शेष श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

बशीर को तीसरे टेस्ट के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में चोट लग गई थी और उन्हें तीसरे दिन मैदान से बाहर जाना पड़ा था। 21 वर्षीय इस खिलाड़ी ने अंततः अंतिम विकेट लेकर इंग्लैंड को शानदार जीत दिलाई। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर डॉसन ने 2016 में भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब तक तीन मैचों में सात विकेट अपने नाम कर चुके हैं। 35 वर्षीय इस खिलाड़ी को मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सीजन में उनके अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है, जहां उन्होंने हैम्पशायर के

**● डॉसन को मौजूद काउंटी चैंपियनशिप सीजन में उनके अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला**

लिए नौ मैचों में 21 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड पुरुष टीम के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने उनके चयन पर कहा कि लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार हैं। काउंटी चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और हैम्पशायर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, लॉर्ड्स में रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद इंग्लैंड मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज में 2-1 से आगे है। दोनों टीमें अब 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच में आमने-सामने होंगी।

---

**खेल विशेष**

## फौजा सिंह के निधन पर पीए मोदी, मान ने शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** दुनिया के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक फौजा सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है।

पंजाब के जालंधर जिले में सोमवार को मैराथन धावक फ़ौजा सिंह का उनके पैतृक गांव ब्यास के पास सड़क हादसे में घायल होने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 114 वर्ष के थे। फौजा सिंह, जिन्हें प्यार से 'टर्बन्ड टॉरनेडो' कहा जाता था, इस वर्ष एक अप्रैल को 114 वर्ष के हुए थे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक संदेश में कहा कि फ़ौजा सिंह जी अपने अद्वितीय व्यक्तित्व और फिटनेस जैसे महत्वपूर्ण विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित करने के अपने तरीके के कारण असाधारण थे। वे अद्भुत दृढ़ संकल्प वाले एक असाधारण एथलीट थे। उनके निधन से बहुत दुघ्ख हुआ। मेरी संवेदनाएँ उनके परिवार और दुनिया भर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शोक संदेश में कहा कि प्रसिद्ध पंजाबी सिख धावक फौजा सिंह जी के देहांत की खबर सुनकर बेहद दुघ्ख हुआ। अपनी लंबी दौड़ों के दम पर पूरी दुनिया में सिख कौम का नाम रोशन करने वाले, विश्व के सबसे अधिक उम्र के धावक फौजा सिंह जी हमेशा हमारे दिलों और यादों में जीवित रहेंगे। परिवार और चाहने वालों के साथ दिल से संवेदना। परमात्मा उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। वाहेगुरु वाहेगुरु। लेखक खुशवंत सिंह, जिन्होंने उनकी जीवनी 'टर्बन्ड टॉरनेडो' लिखी थी, ने सोशल मीडिया एक्स पर शोक व्यक्त करते हुए लिखा कि मेरा पगड़ीधारी टॉरनेडो अब नहीं रहा। मुझे अत्यंत दुख के साथ अपने श्रद्धेय स्व. फ़ौजा सिंह के निधन की सूचना मिल रही है। आज दोपहर लगभग 3:30 बजे उनके गाँव बियास में सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

## अगले टेस्ट से पहले ऋषभ पंत के फिट होने की पूरी संभावना: गिल

**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान अपनी बाएं हाथ की तर्जनी उंगली में लगी चोट के बावजूद ऋषभ पंत 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले फिट हो सकते हैं। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बताया कि उनके स्कैन में कोई गंभीर चोट नहीं पाई गई है।

पंत इस सीरीज में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने छह पारियों में 70.83 की औसत से 425 रन बनाए हैं। इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान जब 34वां ओवर चल रहा था, तब जसप्रीत बुमराह की लेग-साइड की एक गेंद को पकड़ने की कोशिश में पंत की उंगली में गेंद लग गई थी। वह काफी दर्द में थे और फिजियो को मैदान पर आना पड़ा, जिससे खेल थोड़ी देर रुका रहा। उन्होंने ओवर तो पूरा किया, लेकिन फिर विकेटकीपिंग जारी नहीं रख सके।

इसके बाद ध्रुव जुरेल ने मैच के बाकी हिस्से में विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली। हालांकि, पंत ने भारत की दोनों पारियों में नंबर पांच पर बल्लेबाजी की। पहली पारी में उन्होंने 112 गेंदों पर 74 रन बनाए, जबकि दूसरी पारी में 12 गेंदों पर 9 रन। बल्लेबाज़ी के दौरान खासकर दूसरी पारी में कई बार वह असहज दिखे। शॉट खेलने के दौरान वह चोटिल हाथ को लगातार बल्ले से अलग कर ले रहे थे। यह तकलीफ सबसे ज्यादा तब दिखी जब भारत आखिरी दिन 193 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहा था।

## पंत का रन आउट होना मैच का निर्णायक पल: गिल



**लंदन, वार्ता।** भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के रोमांचक आखिरी दिन सोमवार को अपनी टीम की जुझारू कोशिशों पर गर्व जताया। लेकिन साथ ही कहा कि चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत का रनआउट होना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। लंच से ठीक पहले जब भारत का स्कोर 82 पर 7 हो गया था, तब लगा कि मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए। अंततः भारत 170 रन पर ऑल आउट

**● निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए**

हो गया और 22 रन से हार गया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। गिल ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा कि मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। कोई भी टेस्ट मैच इससे ज्यादा करीबी नहीं हो सकता। पांच दिन तक कड़ा मुकाबला चला, जिसका फैसला आखिरी सत्र और आखिरी विकेट गिरने के बाद आया। हमारी टीम ने इस मैच में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं। जब शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को आउट कर इंग्लैंड को जीत दिलाई, तब रवींद्र जडेजा 61 रन पर नाबाद रहे। यह एक अद्भुत पारी थी। उन्होंने 181 गें. दें खेलीं और निचले क्रम को बखूबी संभाला। उन्होंने नीतीश रेड्डी के साथ 30, जसप्रीत बुम. राह के साथ 35 और सिराज के साथ 23 रन जोड़े। गिल ने जडेजा के बारे में कहा कि 'वह बहुत अनुभवी खिलाड़ी हैं। हमने उन्हें कोई संदेश नहीं भेजा। वह निचले क्रम के साथ शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। हम बस यही चाहते थे कि वह और निचले क्रम के बल्लेबाज जितना लंबा खेल सकें, खेलें। जब इस दिल तोड़ने वाली हार की वजह बात की गई, तो गिल ने माना कि भारत ने खुद को चौथे दिन की आखिरी घड़ी में मुश्किल में डाल दिया। चौथे दिन शाम को करुण नायर, खुद गिल और नाइटवॉचमैन आकाशदीप का विकेट काफी कम अंतराल में गिर गया था। उस समय भारत का स्कोर 41/1 से 58/4 हो गया था। गिल को लगा कि अगर शीर्ष क्रम से एक अर्धशतकीय साझेदारी मिल जाती, तो नतीजा कुछ और हो सकता था। उन्होंने कहा कि आखिरी एक घंटे में हम थोड़ी बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। खासतौर पर जो दो आखिरी विकेट गिरे। वहां हमसे गलती हुई। आज सुबह भी, जिस तरह इंग्लैंड ने योजनाबद्ध गें. दबाजी की, हम बस एक 50 रन की साझेदारी की उम्मीद कर रहे थे। अगर टॉप ऑर्डर से एक भी साझेदारी मिल जाती, तो चीजें आसान हो जातीं। क्या पंत, राहुल और वाशिंगटन सुंदर के एक ही सत्र में आउट हो जाने के बाद भी कोई उम्मीद बची थी। इस सवाल के जवाब में गिल ने कहा कि जब तक बल्लेबाजी बची थी, उम्मीद भी थी। हमें बस एक 50-60 रन की साझेदारी चाहिए थी। टारगेट बहुत बड़ा नहीं था। बस एक अर्धशतकीय साझेदारी और हम मैच में वापस आ सकते थे। गिल ने चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत के रनआउट को भी मैच का टर्निंग प्वाइंट माना। पंत और राहुल ने शतकीय साझेदारी कर पहली पारी में भारत को अच्छी स्थिति में पहुंचा दिया था। लेकिन राहुल को लंच से पहले शतक दिलाने की

## कुंबले ने भारत की हार की तुलना चेन्नई में पाकिस्तान की हार से की

**नई दिल्ली, वार्ता।** लॉर्ड्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के रोमांचक अंत में, इंग्लैंड ने भारत को केवल 22 रनों से हरा दिया।

जियोहॉटस्टार के विशेषज्ञ अनिल कुंबले और जोनाथन ट्रॉट ने अंतिम सत्र, जडेजा के वीरतापूर्ण प्रयास और दोनों टीमों के लिए इसके महत्व पर जानक. ारी दी। तीसरे टेस्ट के पांचवें दिन की समाप्ति के बाद 'मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ अनिल कुंबले ने भारत की हार और मैच के आखिरी पलों पर टिप्पणी की: कि मुझे एक टेस्ट मैच याद आ गया जहां भारत चेन्नई में पाकिस्तान से 12 रनों से हार गया था। वह भी कुछ इसी तरह का आउट था। सिर्फ 22 रन। जडेजा नाबाद रह गए-मतलब,



उनकी योजना भारत को जीत के इतने करीब पहुंचाने की थी। लेकिन इंग्लैंड अपने काम पर डटा रहा।

मुझे लगता है कि जोफ्रा आर्चर के पिछले ओवर ने मोहम्मद सिराज को जरूर परेशान किया होगा। ऐसा नहीं था कि वह गेंदबाज पर हमला करना चाहते थे, लेकिन एक बेतुके पॉइंट ने दबाव बढ़ा दिया। मुझे लगा कि यह ऐतिहासिक जीत हासिल करने का एक शानदार मौका था। लेकिन भारत के लिए यही होना चाहिए-22 रनों से हारने के बावजूद, कई सकारात्मक पहलू भी हैं। सीरीज के उत्साह पर प्रतिक्रिया देते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ जोनाथन ट्रॉट ने कहा: कि एक बार फिर, मैच का फैसला बेहद कम अंतर से हुआ-22 रन से। हमने सिराज को सांत्वना देते देखा। हम यही देखना चाहते हैं। हमने पांच दिनों तक कड़ा मुकाबला देखा, और फिर हर तरफ हाथ मिलाते हुए। किसी एक टीम को जीतना ही था, और इस बार इंग्लैंड था। अंतिम सत्र की तीव्रता के बारे में, जोनाथन ट्रॉट ने कहा: कि यह बहुत तनावपूर्ण था-नाखून चबाने वाला। मुझे यकीन नहीं है कि मेरे पास कोई नाखून बचा है!

## ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स तृतीय से मिली भारतीय टीम

**● विमेंस टीम भी पहुंची, कप्तान शुभमन गिल बोले-हमें बुलाया यह हमारे लिए सम्मान की बात**



**लंदन, वार्ता।** भारतीय मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के राजा किंग चार्ल्स तृतीय से सेंट जेम्स पैलेस में मुलाकात की। भारतीय मेंस और विमेंस टीम इस समय इंग्लैंड के दौरे पर है। भारतीय विमेंस टीम जहां पांच टी-20 मैचों की सीरीज 3-2 से जीत चुकी है, जबकि टीम को 3 वनडे मैचों की सीरीज अभी खेलना है। वहीं, भारतीय मेंस टीम 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है। इंग्लैंड फिलहाल 2-1 से आगे है। उन्होंने दूसरा (लार्ड्स) टेस्ट 22 रन से जीता। इस खास मुलाकात में कप्तान शुभमन गिल, उपकप्तान ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, और मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद थे। टीम को क्लैरेंस हाउस गार्डन में किंग चार्ल्स तृतीय से मिलवाया गया, जहां उन्होंने खिलाड़ियों से बातचीत की। इस खास मौके पर सभी खिलाड़ियों के साथ किंग चार्ल्स ने फोटो सेशन भी किया। मुलाकात पर कप्तान गिल ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय ने हमें बुलाया यह हमारे लिए सम्मान की बात है। विमेंस टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय से मिलने का अनुभव खास रहा। यह हमारी उनसे पहली मुलाकात थी और वे बहुत ही दोस्ताना स्वभाव के हैं। उन्होंने आगे कहा, हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं और हमें खुद को दिखाने के बहुत मौके मिल रहे हैं। भारतीय विमेंस टीम ने हाल ही इंग्लैंड विमेंस की खिलाफ पहली बार इंग्लैंड में टी-20 सीरीज अपने नाम की। टीम ने 5 मैचों की सीरीज 3-2 से जीतीं। टीम 16 से 22 जुलाई के बीच 3 वनडे मैच भी खेलेगी। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कहा, किंग चार्ल्स तृतीय से मिलना शानदार अनुभव रहा।

---

# ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से किया क्लीन स्वीप

**● ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट के तीसरे ही दिन विंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ढेर कर दिया**



**किंग्स्टन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सबीना पार्क में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन वेस्टइंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ढेर कर दिया, जो टेस्ट क्रिकेट इतिहास का दूसरा सबसे कम स्कोर था। इस टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 176 रनों से बड़ी जीत हासिल की और सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। तीसरे दिन लंच के बाद जो हुआ वह गुलाबी गेंद वाले टेस्ट मैचों के मानक से भी कमतर था, क्योंकि मिचेल स्टार्क ने सबसे तेज पांच विकेट (15 गेंद) लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक लेकर अपनी लस्वग और सीम गेंदबाजी के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी को तहस-नहस कर दिया।

पूरे मैच में मुश्किल हालात में 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, वेस्टइंडीज़ की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे स्टार्क ने पारी की पहली ही गेंद पर विकेट लेकर विंडीज के पतन की शुरुआत कर दी। उन्होंने एक ही ओवर में जॉन कैंपबेल, केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट कर दिया, जबकि आखिरी दो बल्लेबाज देर से स्विंग हुई और बल्ले और पैड के बीच से निकलकर फुल लेंथ की गेंदों पर आउट हुए। 0/3 के स्कोर पर, मेजबान टीम पहले से ही मुश्किल में थी, लेकिन स्टार्क का खेल अभी खत्म नहीं हुआ था। अपने तीसरे ओवर में, उन्होंने मिकेले लुइस को आउट करके 400 टेस्ट विकेट पूरे किए, ऐसा करने वाले सिर्फ चौथे ऑस्ट्रेलियाई बने, और दो गेंद बाद उन्होंने एक और तेज इनलस्वगर पर शाई होप को आउट कर दिया। गुलाबी गेंद से स्टार्क का यह अंदाज कमाल का था, तेज गेंदबाजी, गेंद को देर से घुमाना और बल्लेबाजों को कोई मौका न देना। इसके बाद जोश हेजलवुड ने रोस्टन चेज को आउट करके स्कोर को और बिगाड़ दिया और स्कोर 11/6 हो गया। जस्टिन ग्रीव्स, जो दोहरे अंक तक पहुंचने वाले वेस्टइंडीज के एकमात्र बल्लेबाज थे, अल्ज़ारी जोसेफ़ के साथ कुछ देर टिके रहे और उन्होंने चाय तक पारी को संभाला। लेकिन ब्रेक के बाद, केंद्र में आने की बारी बोलैंड की थी। चायकाल के बाद तीन गेंदों में नाटकीय अंदाज में बोलैंड ने ग्रीव्स की गेंद को स्लिप में पहुंचाया, एक सफल रिव्यू के बाद शमार जोसेफ को एलबीडब्ल्यू आउट किया और फिर जोमेल वारिकन को बोल्ड किया, जो ऑफ स्टंप के ऊपर से टकराकर अंदर की ओर आई। यह बोलैंड की पहली टेस्ट हैट्रिक थी और टेस्ट इतिहास में किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा ली गई सिर्फ 10वीं हैट्रिक थी।

## आईजीपीएल ने युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर बनाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** बहुप्रतीक्षित इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज और गोल्फ प्रेमी युवराज सिंह को सह-मालिक और ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की मंगलवार को घोषणा की। भारत में इस खेल की नींव को मजबूत करने के अपने मिशन को पूरा करने के लिए, आईजीपीएल ने भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू)-भारत में पुरुषों के शौकिया गोल्फ के लिए आधिकारिक शासी निकाय - के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए हैं। यह ऐतिहासिक समझौता उभरती प्रतिभाओं को निखारने और भारत की ओलंपिक गोल्फ आकांक्षाओं के लिए एक स्थायी मार्ग बनाने की उनकी संयुक्त प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।



**● आईजीपीएल टीम में शामिल होना और इस अदभुत खेल को एक नए रूप में प्रचारित करने का अवसर मिलना बेहद उत्साह जनक है: युवराज सिंह**

आईजीपीएल को हाल ही में खेल मंत्रालय से भी समर्थन मिला है और युवराज के एलीट बोर्ड में शामिल होने से लीग के लिए समग्र गोल्फिंग पारिस्थितिकी तंत्र में एक वास्तविक बदलाव लाने का मार्ग प्रशस्त होता है। आईजीपीएल के साथ अपने जुड़ाव पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, युवराज ने कहा कि 'आईजीपीएल टीम में शामिल होना और इस अद्भुत खेल को एक नए रूप में प्रचारित करने का अवसर मिलना बेहद उत्साहजनक है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक होने के बावजूद, गोल्फ को अभी भी एक विशिष्ट खेल माना जाता है और अधिक दर्शकों और खिलाड़ियों तक पहुंचने और गोल्फ को दर्शकों के लिए अधिक अनुकूल बनाने के लिए एक तेज और त्वरित प्रारूप की आवश्यकता है। युवराज ने कहा कि यह टूर्नामेंट भारतीय गोल्फरों को निखारने और अतिरिक्त अवसरों के साथ उनके विकास में भी मदद करेगा। हमें विश्वास है कि आईजीपीएल भारत में आम जनता के बीच इस खेल को लोकप्रिय बनाने में मदद करेगा।

# आतंकवाद पर कठोर रुख

भारतीय विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर इस समय चीन की यात्रा पर हैं। वह वहां शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। बीजिंग में हो रही शंघाई देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने साफ किया है कि आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर भारत अडिग रहेगा। इससे किसी तरह का समझौता नहीं करेगा। उनके अनुसार भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने वाला और आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा। उन्होंने सदस्य देशों को याद दिलाया कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए ही की गई थी।

उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले का भी जिक्र किया और कहा कि यह हमला पूरी तरह प्रायोजित था और जानबूझकर किया गया था। ताकि जम्मू कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकनसान पहुंचाने के लिए ही नहीं किया गया था बल्कि इसके पीछे धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने का भी एक षड्यंत्र था। जयशंकर ने सीधे बेबाक अंदाज में कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि सुरक्षा परिषद ने भी पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। सुरक्षा परिषद ने इस घटनाक्रम को गंभीर मानते हुए आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्त पोषकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कठघरे में लाने की आवश्यकता पर भी बल दिया है। भारत ने इसे के अनुरूप कार्रवाई की है। उनका कहना था कि हमने ठीक यही किया है और आगे भी करते रहेंगे। उन्होंने शंघाई संगठन के सदस्य देशों को आह्वान करते हुए कहा कि हम अपने संस्थापक उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहें और इस चुनौती पर अडिग रुख अपनाएं। जयशंकर अप्रत्यक्ष रूप से पाक का नाम लिए बिना अपनी बात कह रहे थे, लेकिन हर कोई जानता है कि उनके निशाने पर पाकिस्तान है। चीन पाक भी शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देश हैं। इसलिए चीन की धरती से विदेश मंत्री का यह आह्वान सीधे उन तक पहुंच गया होगा। डा. जयशंकर ने सोमवार को चीन के उप राष्ट्रपति और विदेश मंत्री से मुलाकात की थी।

मंगलवार को वह चीन के राष्ट्रपति जिननिंग से भी मिले और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिभावदन भी उन तक पहुंचाया। जाहिर है भारत अपने पड़ोसी देशों से बेहतर संबंध बनाने पर भी जोर दे रहा है। साथ ही अपनी बात भी मुखर होकर कर रहा है। सब जानते हैं कि चीन का झुकाव पाकिस्तान की ओर हमेशा से रहा है। हाल ही में जो पाक से चार दिन का संघर्ष हुआ था, उसमें भी चीन पाक के साथ ही खड़ा दिखाई दे रहा था। साथ ही भारत के साथ चीन का सीमा विवाद भी बना हुआ है। जाहिर है चीन भी अब इस बात को अच्छी तरह समझता है कि भारत अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटेगा।

## भाजपा का सिस्टम आरोपियों को बचाता रहा



ओडिशा में इंसाफ के लिए लड़ती एक बेटी की मौत, सीधे-सीधे भाजपा के सिस्टम द्वारा की गई हत्या है, उस बहादुर छात्रा ने यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाई, लेकिन न्याय देने के बजाय, उसे धमकाया गया, प्रताड़ित किया गया, बार-बार अपमानित किया गया, जिन्हें उसकी रक्षा करनी थी, वही उसे तोड़ते रहे, हर बार की तरह भाजपा का सिस्टम आरोपियों को बचाता रहा और एक मासूम बेटी को खुद को आग लगाने पर मजबूर कर दिया, ये आत्महत्या नहीं, सिस्टम द्वारा संगठित हत्या है, मोदी जी, ओडिशा हो या मणिपुर देश की बेटियां जल रही हैं, टूट रही हैं, दम तोड़ रही हैं। और आप खामोश बने बैठे हैं, देश को आपकी चुप्पी नहीं, जवाब चाहिए। **-राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# हिन्दी के वैश्विक उदय को समझिए क्षेत्रीय राजनीति की भेंट मत चढ़ाइए



योगेश कुमार गोयल

हिन्दी केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारत की आत्मा, चेतना, अस्मिता और स्वाभिमान की प्रतीक है। यह भारतीय संस्कृति की वह अ.श्य डोर है, जो देश के कोने-कोने को जोड़ती है। दुर्भाग्यवश हिन्दी जब अपनी वैश्विक उड़ान भर रही है, उसी समय देश के भीतर कुछ क्षेत्रीय राजनीतिक स्वार्थों के कारण हिन्दी का विरोध हो रहा है। खासकर महाराष्ट्र जैसे राज्य में, जहां मुंबई में हिन्दी फिल्मों का केंद्र है, वहां हिन्दी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी और हिन्दी बोलने वालों पर हमले की घटनाएं चिंताजनक हैं। यह विडंबना ही है कि एक ओर जहां दुनिया हिन्दी को सम्मान दे रही है, वहीं भारत में कुछ शक्तियां इसे राजनीतिक हथियार बना रही हैं।

यह सच है कि भारत में विविध भाषाओं और बोलियों का समृद्ध संसार है। संविधान 18वीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता देता है। इनमें से हर भाषा का सम्मान और संरक्षण आवश्यक है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक जनसंख्या द्वारा बोली जाने वाली हिन्दी के खिलाफ वैमनस्य फैलाया जाए। हिन्दी को थोपे जाने की राजनीति और विरोध दोनों ही गलत हैं। भाषा का विकास संवाद और सहमति से होता है, न कि टकराव से। आज जब हिन्दी आर्थिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और साहित्यिक रूप से दुनिया में भारत की पहचान बन रही है, तब इसे विरोध का विषय बनाना केवल संकीर्ण राजनीति का परिचायक है।

दुनियाभर में आज जब अपनी-अपनी भाषाओं को लेकर चिंता बढ़ रही है, ऐसे समय में हिन्दी न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों को छू रही है। एक ओर जहां सैंकड़ों भाषाएं लुप्त होने के कगार पर हैं, वहीं हिन्दी वैश्विक मंच पर तेजी से उभर रही है, जिसे लेकर हर भारतवासी को गर्व होना चाहिए। विश्व में लगभग 6900 भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 35 से 40 प्रतिशत भाषाएं आज अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। इसके विपरीत हिन्दी अब दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा बन चुकी है। एथ्नोलॉग की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, हिन्दी के 61.5 करोड़ मूल वक्ता हैं। यह आंकड़ा भाषा के प्रसार और इसकी प्रभावशीलता का प्रमाण है। मन्दारिन और अंग्रेजी के बाद हिन्दी की यह स्थिति केवल आंकड़ों की बात नहीं है बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक शक्ति का वैश्विक स्वीकार भी है। वर्षों से हिन्दी को संयुक्त राष्ट्र के मंच पर लाने के प्रयास किए जाते रहे हैं। जून 2022 में जब संयुक्त राष्ट्र ने हिन्दी, उर्दू और बांग्ला में जानकारी उपलब्ध कराने की पहल की तो यह हिन्दी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण था। इससे स्पष्ट हुआ था कि वैश्विक संस्थाएं अब भारतीय भाषाओं की उपेक्षा नहीं कर सकती। दुनिया के 50 से अधिक देशों में 150 से अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी एक विषय के रूप में पढ़ाई जाती है। अमेरिका, जर्मनी, रूस, फ्रांस, जापान, पोलैंड, नेपाल, फिजी, मॉरीशस जैसे देशों में हिन्दी के अध्ययन और शोध को लेकर विशेष रुचि देखी जा रही है। यूजीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत में हिन्दी सीखने आने वाले विदेशी विद्यार्थियों की संख्या में 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



दक्षिण प्रशांत महासागर में स्थित फिजी में हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्राप्त है। वहां फिजी हिन्दी महापरिषद जैसी संस्थाएं हिन्दी के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। मॉरीशस में 2002 में स्थापित विश्व हिन्दी सचिवालय हिन्दी भाषा के अंतर्राष्ट्रीय प्रसार का सशक्त मंच बना हुआ है। यहां से विश्व हिन्दी पत्रिका और विश्व हिन्दी समाचार जैसे प्रकाशनों के जरिए हिन्दी की वैश्विक उपस्थिति मजबूत की जा रही है। रूस में भी हिन्दी साहित्य का प्रभाव गहराता जा रहा है। अनेक रूसी विद्वान तुलसीदास, प्रेमचंद, माखनलाल चतुर्वेदी, महादेवी वर्मा जैसे भारतीय लेखकों के साहित्य का रूसी में अनुवाद कर रहे हैं। रूस के कई विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा और साहित्य का व्यापक अध्ययन होता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि साहित्यिक दृष्टि से भी हिन्दी की जड़ें वैश्विक धरातल पर गहरी हो रही हैं। हिन्दी को ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने भी सम्मान दिया है। बच्चा, अच्छा, दादागिरी, पंडित, जुगाड़, गुलाब जामुन जैसे अनेक हिन्दी शब्द अब इस प्रतिष्ठित शब्दकोश का हिस्सा बन चुके हैं।

यह उस सांस्कृतिक प्रभाव की मान्यता है, जो हिन्दी शब्दों के जरिए दुनिया में फैल रहा है। अमेरिका की ग्लोबल लैंग्वेज मॉनीटर संस्था हिन्दी की शब्दसंपदा को समृद्ध बता चुकी है। एक अनुमान के अनुसार हिन्दी में 1.25 लाख से अधिक शब्द हैं। वहीं, अमेरिका की 2023 की जनगणना रिपोर्ट बताती है कि वहां हिन्दी बोलने वालों की संख्या 10 लाख से अधिक हो चुकी है। 2011 की तुलना में यह वृद्धि अभूतपूर्व है। बॉलीवुड और भारतीय सिनेमा ने भी हिन्दी के वैश्विक विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हिन्दी फिल्मों की लोकप्रियता आज अमेरिका, इंग्लैंड, यूएई, सिंगापुर, मलेशिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश, तुर्की तक फैली है। कई देशों में हिन्दी फिल्मों के रेडियो चौनल, टीवी चौनल, फिल्म समारोह और लाइव शो आयोजित किए जाते हैं, जो हिन्दी को सांस्कृतिक राजदूत के रूप में प्रस्तुत करते हैं। हिन्दी की लोकप्रियता को सोशल मीडिया ने भी एक नई ऊंचाई दी है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स पर हिन्दी सामग्री का विस्तार प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। 2024 की एक रिपोर्ट बताती है कि हिन्दी इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 20 करोड़ पार कर चुकी है। गूगल के अनुसार, हिन्दी कंटेंट की वार्षिक वृद्धि दर 94 प्रतिशत है जबकि अंग्रेजी की घटती जा रही है। अब ई-कॉमर्स और तकनीक की दुनिया में भी हिन्दी एक मजबूत बाजार भाषा बन चुकी है। अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनियां भी अब हिन्दी में सेवाएं दे रही हैं। डेलॉइट की 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 65 प्रतिशत ऑनलाइन उपभोक्ता अब हिन्दी या अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में जानकारी लेना पसंद करते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि हिन्दी का आर्थिक मूल्य भी तेजी से बढ़ रहा है। गूगल ट्रांसलेट, माइक्रोसॉफ्ट ट्रांसलेटर, वॉयस असिस्टेंट्स, एआई चैटबॉट्स और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में हिन्दी को प्रमुखता दी जा रही है। तकनीकी उपकरणों में हिन्दी इनपुट और आउटपुट की सुविधा अब आम बात हो चुकी है। भारत के डिजिटल इंडिया अभियान में भी हिन्दी की प्रमुख भूमिका है। हिन्दी की वैश्विक प्रतिष्ठा को विश्व हिन्दी सम्मेलन जैसे आयोजन भी मजबूती दे रहे हैं। 1975 से अब तक यह सम्मेलन भारत, मॉरीशस, अमेरिका, यूके, त्रिनिदाद, फिजी जैसे देशों में आयोजित हो चुका है। इन आयोजनों में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। इतिहास गवाह है कि महात्मा गांधी ने हिन्दी को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए इसे राष्ट्रीय एकता का आधार कहा था। भारत सरकार द्वारा 1963 में स्थापित केन्द्रीय हिन्दी संस्थान अब हिन्दी में उच्च शिक्षा, शोध और प्रशिक्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यह संस्थान प्रत्येक वर्ष 'हिन्दी सेवी सम्मान' प्रदान करता है, जो हिन्दी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को दिए जाते हैं। बहरहाल, हमें यह समझना होगा कि भारत के किसी भी राज्य में हिन्दी का विरोध करना भारत की एकता और संस्कृति पर हमला है। भाषा को विभाजन का नहीं, समावेशन और संवाद का साधन बनाना चाहिए। जब दुनिया हिन्दी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार है तो हमें भी अपनी भाषाई चेतना को व्यापक बनाना होगा। हिन्दी किसी एक राज्य या क्षेत्र की नहीं, पूरे भारत की है। इसका विरोध उस भारतीयता का विरोध है, जो हिन्दी के जरिए दुनियाभर में फैल रही है। यह समय हिन्दी को राजनीति की भेंट चढ़ाने का नहीं, इसके वैश्विक उभार को समर्थन देने का है। इसलिए हमें हिन्दी को अपमानित नहीं बल्कि इसके इस उज्जवल भविष्य पर गर्व करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कैंसर ट्यूमर की मदद करती तंत्रिकाएं



**जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।**

हाल में किए गए एक अध्ययन से उजागर हुआ है कि कुछ कैंसर कोशिकाएं अपनी पड़ोसी स्वस्थ कोशिकाओं की मदद से अधिक विनाशकारी शक्ति हासिल कर लेती हैं। एक अनुसंधान दल ने पाया है कि तंत्रिकाएं अपनी पड़ोस की मैलिग्नेंट (दुर्दम) कोशिकाओं को अपना माइटोकॉण्ड्रिया दान दे देती हैं।

गौरतलब है कि माइटोकॉण्ड्रिया कोशिकाओं का एक उपांग होता है जो कोशिकाओं के कामकाज के लिए जरूरी ऊर्जा उपलब्ध कराता है। यह अवलोकन इस बात की व्याख्या कर देता है कि क्यों तंत्रिकाओं की उपस्थिति में ट्यूमर ज्यादा तेजी से बढ़ते हैं और तो और कैंसर कोशिकाओं को अतिरिक्त माइटोकॉण्ड्रिया मिल जाने पर उनकी शरीर के अन्य हिस्सों में फैलने (मेटास्टेसिस) की क्षमता भी बढ़ जाती है।

पहले माना जाता था कि कोशिकाएं अपने माइटोकॉण्ड्रिया सहेजकर रखती हैं, लेकिन पिछले 20 वर्षों में हुए अध्ययनों से स्पष्ट हुआ है कि कोशिकाएं इन उपांगों का खूब लेन-देन करती हैं। कैंसर कोशिकाएं दाता भी हो सकती हैं और प्राप्तकर्ता भी। जैसे, हाल ही में जापान के शोधकर्ताओं ने बताया था कि कैंसर कोशिकाएं और प्रतिरक्षा टी-कोशिकाएं कभी-कभी माइटोकॉण्ड्रिया का विनिमय करती हैं। इस दौरान, कैंसर कोशिकाएं अपने दोषपूर्ण उपांग टी-कोशिकाओं को देकर उन्हें कमजोर भी कर सकती हैं। कुछ सर्वथा अलग तरह के अध्ययनों में पता चला है कि तंत्रिकाएं अपने आसपास के ट्यूमर्स की वृद्धि को बढ़ावा देती हैं। उदाहरण के लिए टेक्सास हेल्थ साइन्स सेंटर के गुस्तावो आयला की टीम ने देखा था कि जब प्रयोगशाला के जंतुओं की प्रोस्टेट ग्रंथि को पहुंचने वाली तंत्रिकाओं को काट दिया गया या बोटॉक्स इंजेक्शन देकर खामोश कर दिया गया, तो प्रोस्टेट कैंसर सिकुड़ गया। ट्यूमर-ग्रस्त मनुष्यों में भी बोटॉक्स इंजेक्शन देने पर कैंसर कोशिकाओं की मृत्यु दर बढ़ गई थी।

यह भी पता चला है कि जिन कैंसर कोशिकाओं से तंत्रिकाएं नदारद होती हैं, उनकी सामान्य प्रक्रियाएं गड़बड़ हो जाती हैं। साउथ अलाबामा विश्वविद्यालय के साइमन ग्रेलेट ने सोचा कि कहीं उधार के माइटोकॉण्ड्रिया का स्रोत कट जाने का तो यह परिणाम नहीं है। ग्रेलेट, आयला और उनके दल ने देखा कि तश्तरियों में रखने पर स्तन कैंसर की कोशिकाओं और तंत्रिका कोशिकाओं के बीच सेतु बनने लगते हैं। जब उन्होंने तंत्रिकाओं के माइटोकॉण्ड्रिया को एक हरे प्रोटीन की मदद से शिनाख्त योग्य बना दिया तो देखा गया कि यह उपांग सेतुओं के जरिए कैंसर कोशिकाओं में जा रहे हैं।

शोधकर्ताओं ने यह भी दर्शाया कि यदि माइटोकॉण्ड्रिया रहित कैंसर कोशिकाएं तैयार करके उन्हें यह उपांग बाहर से दिया जाए तो कैंसर कोशिकाओं को बढ़ावा मिलता है। ऐसी माइटोकॉण्ट्रिया रहित कोशिकाएं विभाजित नहीं होतीं और उनकी ऑक्सीजन खपत भी कम रहती है, लेकिन जब इन्हें तंत्रिका कोशिकाओं के साथ रखा गया, तो 5 दिन में इनकी चयापचय क्रियाएं बहाल हो गईं और इनमें विभाजन भी होने लगा। शायद पड़ोसियों से मिले माइटोकॉण्ड्रिया के दम पर। इसी प्रयोग को आगे करने पर पता चला कि यह असर लंबे समय के लिए होता है। शोधकर्ताओं ने यह जांच भी की कि क्या ऐसी पुनः सक्रिय हुई कैंसर कोशिकाओं के अन्य स्थानों/अंगों में फैलने (मेटास्टेसिस) की संभावना भी ज्यादा होती है।

इसकी जांच करने के लिए उन्होंने चूहों की तंत्रिका व कैंसर कोशिकाओं को साथ-साथ रखकर विकसित किया और फिर उन्हें मादा चूहे के उदर की वसा में डाल दिया। देखा गया पेट में ट्यूमर बना और जल्दी ही वह फेफड़ों तथा मस्तिष्क में फैल गया। यह भी देखा गया कि मूल ट्यूमर में तो मात्र 5 प्रतिशत कोशिकाओं ने तंत्रिकाओं से माइटोकॉण्ड्रिया हासिल किए थे लेकिन फेफड़े में पहुंची 27 प्रतिशत तथा मस्तिष्क में पहुंची 46 प्रतिशत कैंसर कोशिकाओं में आयातित माइट्कॉण्ड्रिया थे अर्थात आयातित माइटोकॉण्ड्रिया मेटास्टेसिस को बढ़ावा देते हैं। जब प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित व्यक्तियों के ट्यूमर की कोशिकाओं का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि तंत्रिकाओं के नजदीक की कोशिकाओं में ज्यादा माइटोकॉण्ड्रिया थे।

यह अनुसंधान कैंसर से निपटने का एक सर्वथा नया रास्ता सुझाता है। शोधकर्ता कहते हैं कि कैंसर से निपटने के लिए उसके आसपास की तंत्रिकाओं पर ध्यान देना उपयोगी होगा।

# निजी अस्पतालों में आकस्मिक चिकित्सा पर पुनर्विचार जरूरी

जब सिर्फ पैसों के कारण आपात स्थिति में इलाज नहीं दिया जाता, तो कई बार जान चली जाती है। यह लेख ऐसे ही कुछ बेहद जरूरी मामलों को सामने लाता है और सख्त नियमों और उन्हें सही तरीके से लागू करने की मांग करता है, ताकि संकट के समय किसी को भी इलाज से वंचित न किया जाए। कुछ ही महीने पहले पुणे में एक बहुत दुखद घटना घटी। एक गर्भवती महिला, जिसे पहले से ही गंभीर स्थिति में माना गया था और जो समय से पहले जुड़वां बच्चों को जन्म देने वाली थी, उसे पुणे के जाने-माने दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज शुरू करने के लिए अस्पताल ने 10 लाख रुपए एडवांस जमा करने की मांग की।



परिवार ने इलाज के लिए गुहार लगाई और भरोसा दिलाया कि थोड़ी देर में पैसों का इंतजाम हो जाएगा, लेकिन अस्पताल ने पैसे के बिना इलाज शुरू करने से मना कर दिया। इससे कीमती समय बर्बाद हुआ और महिला को दूसरे अस्पताल ले जाना पड़ा। वहां उसने जुड़वां लड़कियों को जन्म तो दिया, लेकिन उसकी खुद की जान नहीं बच सकी।

**बेवजह देरी**- जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब मातृत्व मृत्यु रोकने की बात होती है, तो अक्सर थ्री डिले मॉडल (तीन देरियों) का जिक्र होता है। इस मॉडल से यह समझने में मदद मिलती है कि इलाज में किस-किस स्तर पर होने वाली देरी मां की जान ले सकती है। सबसे पहली देरी होती है घर में-जब परिवार यह तय करने में समय लगाता है कि इलाज करवाना है या नहीं। दूसरी देरी होती है अस्पताल तक पहुंचने में-जब रास्ते की दूरी, खराब सड़कें या परिवहन की समस्या आड़े आती है। तीसरी देरी तब होती है जब मरीज अस्पताल पहुंच तो जाता है, लेकिन वहां स्टाफ की कमी, जरूरी साधनों के अभाव या तंत्र की लापरवाही के कारण समय पर इलाज नहीं मिल पाता। हालांकि यह मॉडल आम तौर पर गर्भवती महिलाओं के इलाज के संदर्भ में लागू किया जाता है, लेकिन इसे हर उस आपात स्थिति पर लागू किया जा सकता है जहां समय पर इलाज न मिलने से मरीज की जान जा सकती है।

हमारे देश में तीसरे प्रकार की देरी से होने वाली मौतें ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में देखी जाती हैं, जहां न तो अस्पताल होते हैं और न ही स्टाफ। लेकिन यह मामला एक चौंकाने वाला शहरी उदाहरण है, जहां देरी का कारण सुविधाओं की कमी नहीं, बल्कि निजी अस्पतालों की कॉर्पोरेट सख्ती था। यह जानते हुए भी कि महिला की हालत बेहद गंभीर थी, अस्पताल ने सिर्फ पैसों की वजह से इलाज करने से मना कर दिया। इसलिए यह जरूरी है कि हम इस बात को सामने लाएं कि जो बड़े निजी अस्पताल सरकारी छूट और सुविधाएं लेते हैं, वे आपात स्थिति में जरूरतमंद मरीजों के साथ कैसे व्यवहार करते हैं। कैसे कई बार वित्तीय हित मरीज की देखभाल और सुरक्षा से ज्यादा अहम हो जाते हैं।

**मेरा निजी अनुभव**- उपरोक्त खबर को पढ़ने के बाद मुझे भी अपना एक हालिया अनुभव साझा करने की जरूरत महसूस हो रही है, जो यह दिखाता है कि निजी अस्पतालों में नीतियों में बदलाव और जवाबदेही कितनी जरूरी है।

मेरी पत्नी को एक्टोपिक प्रेग्नेंसी जिसमें गर्भधारण गर्भाशय की बजाय किसी अन्य स्थान पर हो जाता है और यह एक गंभीर मेडिकल इमरजेंसी होती है की स्थिति में तुरंत अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। हमारे पास स्वास्थ्य बीमा था, इसलिए कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध थी। मैंने सारे जरूरी दस्तावेज तुरंत जमा कर दिए। बताया गया कि बीमा क्लेम की प्रक्रिया शुरू हो गई है और मंजूरी में लगभग तीन घंटे लगेंगे, लेकिन साथ ही यह भी कहा गया कि जब तक 25,000 रुपए एडवांस में नहीं दिए जाते, सर्जरी शुरू नहीं होगी।

मेरे लिए पैसा देना मुश्किल नहीं था, फिर भी मैंने पूछा कि जब कैशलेस सुविधा है तो क्या पैसे मिलने के लिए तीन घंटे का इंतजार नहीं किया जा सकता? जवाब मिला कि सर्जरी तभी शुरू होगी जब कैशलेस क्लेम मंजूर हो जाएगा। मैंने बार-बार समझाया कि यह इमरजेंसी है, लेकिन बिलिंग विभाग ने कोई नरमी नहीं दिखाई। आखिरकार मैंने एडवांस राशि दी, सर्जरी हुई और जैसा अनुमान था, क्लेम भी मंजूर हो गया। पत्नी की छुट्टी के बाद जमा की गई राशि लौटा दी गई। लेकिन इस अनुभव ने मेरे जेहन में कई सवाल छोड़ दिए।

यदि उस समय मेरे पास 25,000 रूपए न होते तो क्या मेरी पत्नी की सर्जरी टल जाती, जबकि मैंने कैशलेस इलाज के लिए सारे जरूरी दस्तावेज जमा कर दिए थे और यदि देरी से उनकी सेहत को नुकसान होता, तो उसका जिम्मेदार कौन होता? आपात स्थिति में इन प्रक्रियाओं की बजाय अस्पताल इलाज को प्राथमिकता क्यों नहीं देते? जब मरीज को सर्जरी या गंभीर इलाज की जरूरत है और वह 2.3 दिन अस्पताल में रहने वाला है, और 25,000 रुपए की एडवांस राशि बहुत बड़ी नहीं है, खासकर तब जब अस्पताल कैशलेस सुविधा वाला है और बीमा से पैसा मिलने ही वाला है। फिर भी इलाज शुरू करने से पहले इतनी बेरहमी से एडवांस की मांग क्यों? इलाज में देरी जान ले सकती है। क्या ऐसी स्थिति में इंसानियत और सहयोग की भावना जरूरी नहीं है? आपात समय में मरीज के परिवारजन घबराए होते हैं और कभी-कभी आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती है। ऐसे मौके पर क्या अस्पताल को थोड़ी नरमी नहीं दिखानी चाहिए? मरीज की जान से जुड़ी स्थिति में अस्पताल इतनी कठोर नीति क्यों अपनाते हैं? और आखिर किसने निजी अस्पतालों को यह हक दिया कि वे मरीज की जान को इस तरह जोखिम में डालें? वैसे कैशलेस क्लेम को मंजूरी मिल गई थी, और जो पैसे मैंने एडवांस में दिए थे, वो पैसे मुझे तुरंत नहीं मिले थे। यहां मुझसे एक ग्राहक के तौर पर उम्मीद की गई थी कि मैं अस्पताल की आंतरिक प्रक्रिया के साथ सहयोग करूं। लेकिन क्या अस्पतालों द्वारा एडवांस राशि तुरंत जमा करवाने के नियम में ढील नही दी जानी चाहिए, खासकर इमर्जेंसी की स्थिति में? क्या मरीज के परि. जनों की यह उम्मीद गलत है कि ऐसी स्थिति में अस्पताल थोड़ा लचीलापन दिखाए? यहां साफ तौर पर असंतुलन हैय जहां मरीज से तो उम्मीद की जाती है कि वह अस्पताल की प्रक्रियाओं का सम्मान करे, लेकिन अस्पताल मरीज की जरूरतों को नजरअंदाज कर देता है।

-साभार स्रोत फीचर्स

# ट्रम्प के अपने ही घर में आफत: 20 राज्यों ने दायर किए मुकदमें

## स्कूल कार्यक्रमों के लिए धनराशि रोकने का मामला

**ईस्ट प्रोविडेंस।** अमेरिका के 20 से ज्यादा राज्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन पर मुकदमा दायर किया है। उनका कहना है कि ट्रम्प प्रशासन ने स्कूल के बाद और ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों तथा अन्य के लिए दी जाने वाली अरबों डॉलर की धनराशि रोक दी है।

ऐडेन कैजारेस उन 14 लाख बच्चों और किशोरों में से एक हैं, जो स्कूल के बाद या गर्मियों में बायज एंड गर्ल्स क्लब, वाईएमसीए या किसी पब्लिक स्कूल में मुफ्त में कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं। ये सुविधाएं सरकार की ओर से मिलने वाली मदद से चलती हैं।



- कांग्रेस ने रखी थी रकम, ट्रम्प प्रशासन ने रोकी
- ये सुविधाएं सरकार की ओर से मिलने वाली मदद से चलती हैं
- अगर जल्दी फैसला लिया गया तो इन जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सकती है

कांग्रेस ने ज्यादातर कम आय वाले परिवारों को शैक्षणिक सहायता, संवर्धन और बाल देखभाल प्रदान करने के लिए इन कार्यक्रमों के लिए धनराशि अलग रखी थी, लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने हाल ही में इस धनराशि को रोक दिया है। 21वीं सदी के सामुदायिक शिक्षण केंद्रों के लिए दी जाने वाली राशि, जो संघीय शिक्षा अनुदानों में से एक है, को भी ट्रम्प प्रशासन ने रोक दिया है। ये रकम कुल मिलाकर 6 अरब डॉलर से ज्यादा है। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि वह यह सुनिश्चित करना चाहता है कि जिन संस्थाओं को पैसा दिया जा रहा है, वे ट्रम्प की नीतियों के अनुसार काम कर रही हैं या नहीं। ईस्ट प्रोविडेंस के बायज एंड गर्ल्स क्लब के अनुसार, रोड आइलैंड राज्य ने अपने स्तर पर ग्रीष्मकालीन कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए धन मुहैया कराया है। लेकिन शरद ऋतु में स्कूल के बाद चलने वाले कार्यक्रमों को लेकर चिंता बनी हुई है। बायज एंड गर्ल्स क्लब आफ अमेरिका की संचार उपाध्यक्ष सारा ल्यूटजिंगर ने कहा कि अगर ट्रम्प प्रशासन अगले तीन से पांच हफ्तों में धनराशि जारी नहीं करता है, तो देशभर में 926 क्लबों में से कई बंद हो सकते हैं। वाईएमसीए और सेव च चिल्ड्रन संगठन ने भी कहा है कि उनके कई केंद्रों को भी बंद करना पड़ सकता है। सेव द चिल्ड्रन एक्शन नेटवर्क की कार्यकारी निदेशक क्रिस्टी ग्लीसन ने कहा कि समय की बहुत अहमियत है। उनके संगठन ने अमेरिका के दक्षिणी ग्रामीण इलाकों और वाशिंगटन राज्य के 41 स्कूलों में कार्यक्रम शुरू किए हैं, जहां अगस्त से स्कूल शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर जल्दी फैसला लिया गया तो इन जरूरतमंद बच्चों की मदद की जा सकती है। जिन स्कूलों की फंडिंग रोकी गई है, उनमें ज्यादातर रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं वाले इलाकों में हैं। वामपंथी थिंक टैंक, न्यू अमेरिका के एक विश्लेषण के अनुसार, सबसे ज्यादा प्रभावित 100 स्कूल जिलों में से 91 रिपब्लिकन इलाकों में हैं। ये जिले खास तौर पर कैलिफोर्निया, वेस्ट वर्जीनिया, फ्लोरिडा और जार्जिया राज्यों में हैं।

### यूक्रेन की प्रधानमंत्री बनेंगी यूलिया स्विरीडेंको

**कीव।** यूलिया स्विरीडेंको यूक्रेन की नई प्रधानमंत्री बन सकती हैं। खुद राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनकी सिफारिश की है। यूलिया, जेलेंस्की की करीबी मानी जाती हैं। वह 2020 से पीएम पद पर काबिज डेनिस शिमहाल की जगह लेंगी। जेलेंस्की ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि वे सरकार में जरूरी बदलाव चाहते हैं। हालांकि यूलिया का पीएम बनाना संसद की मंजूरी पर निर्भर करता है। जेलेंस्की की पार्टी 'सर्वेंट आफ द पीपल' 2019 से 254 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत में है। ऐसे में माना जा रहा है कि वे देश की अगली पीएम बनेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक यूलिया के प्रधानमंत्री बनाए जाने को लेकर आज संसद में चर्चा हो सकती है। यूलिया को नए पीएम बनाए जाने की कोशिश को लेकर विपक्षी पार्टियां नाराज हैं। उनका कहना है कि उप-प्रधानमंत्री को ही प्रधानमंत्री बनाना कोई बड़ा बदलाव नहीं है, बल्कि बस चेहरों की अदला-बदली है। कुछ विरोधियों का यह भी आरोप है कि जेलेंस्की ने यह कदम इसलिए उठाया है ताकि वह अपनी सत्ता और मजबूत कर सकें। उन्होंने जेलेंस्की पर अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।



मुंबई। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के पास एक डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में लगी आग को बुझाते अग्निशमन कर्मी।

### आतंकवाद से सख्ती से निपटने के उद्देशयों पर अड़िग रहे एससीओ: जयशंकर

**बीजिंग/ नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर चलते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा। डा. जयशंकर ने मंगलवार को यहां बीजिंग में संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियो की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए की गई थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ए तीनों चुनौती अक्सर एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के कुछ सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और सुरक्षा परिषद ने इस हमले की कड़े शब्दों में निदा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश नौसेना ने 34 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**ढाका।** बंगलादेश की नौसेना ने कथित तौर पर उनके देश की समुद्री सीमा में प्रवेश करने और बंगाल की खाड़ी में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 34 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है। एक समाचार रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार कल समुद्र में फेयरवे बॉय क्षेत्र के पास मछली पकड़ने वाले दो ट्रॉलर, एफबी झोर और एफबी मंगल चांदी-38 को भी जब्त कर लिया गया। हिरासत में लिए गए मछुआरों को आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए मोंगला भेजा गया है।

### गजनी में हमलावरों ने की पांच लोगों की गोली मारकर हत्या

**काबुल।** अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार रात को यह जानकारी दी। गजनी के गवर्नर के प्रवक्ता एजातुल्लाह सईदी ने बताया कि यह घटना कारा बाग ज़िले के तोलाखैल इलाके में हुई। यहां एक घर में हमलावर घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे परिवार के पाँच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। सईदी ने बताया कि इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

### कनाडा में गर्मी की अनेक चेतावनी जारी की

**ओटावा।** कनाडा के पर्यावरण प्राधिकरण ने सोमवार दोपहर को ओंटारियो, क्यूबेक और अटलांटिक प्रांतों सहित कई प्रांतों के लिए गर्मी की चेतावनी जारी की। पर्यावरण कनाडा के अनुसार, गर्मी की चेतावनी में टोरंटो, ओटावा और मॉन्ट्रियल जैसे बड़े शहर भी शामिल हैं जहां दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है जो उच्च आर्द्रता के साथ 42 डिग्री तक महसूस होगा और गुरुवार रात तक इसे जारी रहने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने कहा कि दक्षिणी ओंटारियो में इस सप्ताह अधिकांश समय गर्मी और उमस महसूस होगा।

# फ्रांस में राष्ट्रपति की पत्नी के पुरुष होने की चर्चाएं

## दो महिला यूट्यूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मामला दर्ज

**पेरिस।** फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की पत्नी ब्रिगिट मैक्रों ने दो महिला यूटयूबर के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया है। इन महिलाओं ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि ब्रिगिट मैक्रों महिला नहीं, बल्कि पुरुष हैं। इनका कहना था कि ब्रिगिट का असली नाम जीन-मिशेल ग्रोग्रेन्क्स था। हालांकि यह नाम ब्रिगिट के भाई का है।

जीन-मिशेल और ब्रिगिट की शक्ल आपस में काफी हद तक मिलती है। इसके बाद प्रथम महिला ने इनके खिलाफ पेरिस की एक अदालत में केस किया था। कोर्ट ने सितम्बर 2023 में दोनों महिलाओं को दोषी ठहराया था और उन्हें ब्रिगिट मैक्रों को 7 लाख रुपए और उनके भाई को 5 लाख रुपए हर्जाना देने का आदेश दिया था। हालांकि पेरिस की एक अपील अदालत ने 10 जुलाई को इस फैसले को पलट दिया था। इसके बाद ब्रिगिट मैक्रों और उनके भाई ने अब इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। ब्रिगिट और उनके भाई जीन-मिशेल ट्रोगन्यू की ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। यह मामला दिसम्बर 2021 का है, जब अमंडाइन राय नाम की महिला यूटयूबर ने एक पत्रकार नताशा रे का इंटरव्यू किया। 4 घंटे के इस इंटरव्यू में नताशा ने दावा किया कि ब्रिगिट मैक्रों पुरुष हैं। नताश रे ने यह भी दावा किया कि उन्होंने इस जानकारी के लिए 3 साल तक रिसर्च की। रे ने दावा कि जीन मिशेल ने लिंग परिवर्तन कराने के बाद इमैनुएल मैक्रों से शादी की थी। यह वीडियो वायरल हो गया और पूरी दुनिया में इसे लेकर कान्सपिरेसी थ्योरी फैलने लगी। अमेरिका में भी यह मामला तेजी से फैला। दो ट्रम्प समर्थक पत्रकारों कैंडेस ओवेन्स और टकर कार्लसन ने इसे सबसे ज्यादा हवा दी। दोनों ने इससे जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। उन्होंने दावा करते हुए खहा कि यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा राजनीतिक घोटाला है। ओवेन्स ने दावा किया कि ब्रिगिट और उनके भाई जीन-मिशेल ट्रोग्नेक्स वास्तव में एक ही व्यक्ति हैं। यानी ब्रिगिट पहले जीन-मिशेल के नाम से एक पुरुष थीं और बाद में लिंग परिवर्तन कर महिला बनीं। ओवेन्स ने यहां तक कहा कि वह अपनी पूरी पेशेवर प्रतिष्ठा इस बात पर दांव पर लगा देंगी कि ब्रिगिट मैक्रों वास्तव में पुरुष हैं।



कहा गया था, जेंडर बदलकर की शादी

# डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस पर टैरिफ की दी धमकी

- अमेरिका नाटो देशों के माध्यम से यूक्रेन को उच्चतम श्रेणी के हथियार भेजेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा किया है कि अमे. रिका नाटो देशों के माध्यम से यूक्रेन को उच्चतम श्रेणी का हथियार भेजेगा, साथ ही उन्होंने रूस को धमकी दिया कि अगर 50 दिनों के अंदर युद्ध समाप्ति के लिए समझौता नहीं हुआ तो वह रूस पर कड़े टैरिफ लगाएंगे। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, वाशिंगटन में नाटो प्रमुख मार्क रूटे के साथ बैठक के बाद ट्रम्प ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यूक्रेन वह कर सके जो वह करना चाहता है। रूटे ने पुष्टि किया कि अमेरिका ने नाटो के माध्यम से यूक्रेन को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति करने का निर्णय लिया है तथा यूरोपीय देश इसका खर्च वहन करेंगे। ट्रम्प ने कहा कि यूरोपीय देश यूक्रेन को अपनी पैट्रियट वायु रक्षा प्रणालियां देंगे जिस पर यूक्रेन रूस के घातक हवाई हमलों को विफल करने के लिए निर्भर है और इसके बाद अमेरिका प्रतिस्थापन प्रणाली जारी करेगा। हालांकि न तो रूटे और न ही ट्रम्प ने कीव को भेजे जाने वाले हथियारों के बारे में विस्तार से बताया लेकिन रूटे ने कहा कि सौदे में मिसाइल और गोला-बारूद शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति का हथियार देने का वादा यूक्रेन के लिए एक बड़ा कदम है। ट्रम्प ने कहा कि यूक्रेन की मदद के लिए अरबों डॉलर मूल्य के उच्च-स्तरीय हथियार युद्धक्षेत्र में तेजी से वितरित किए जाएंगे। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने एक्स पर कहा कि उन्होंने रूटे के साथ बैठक करने के बाद ट्रम्प से बात की और यूक्रेन का समर्थन करने, हत्याओं को रोकने तथा स्थायी एवं न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के लिए साथ मिलकर काम करने की उनकी इच्छा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हमने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ रूसी हमलों से लोगों को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने और अपनी स्थिति मज़बूत करने के लिए आवश्यक उपायों व समाधानों पर चर्चा की।

# सीरिया में सैन्य टैंको पर इजरायली हमला

## सरकारी बलों और डूज मिलिशिया संघर्ष में 30 की मौत

- सीरिया में 13 साल से गृहयुद्ध चल रहा है

**बुसरा अल-हरीर।** इजरायली सेना ने कहा कि उसने सीरिया के दक्षिणी हिस्से में कुछ सैन्य टैंकों पर हमला किया है। यह हमला उस समय हुआ, जब वहां सीरियाई सरकारी बलों और बेडौइन जनजातियों की ड्रूज मिलिशिया के बीच झड़प हुई थी। सीरिया में 13 साल से गृहयुद्ध चल रहा है और अब भी वहां शांति पूरी तरह नहीं लौटी है।

दक्षिणी सीरिया के स्वेदा प्रांत में स्थानीय मिलिशिया और कबीलों के बीच लड़ाई में दर्जनों लोग मारे गए हैं। जब सरकारी सुरक्षा बल शांति बहाल करने के लिए पहुंचे, तो उनकी भी सशस्त्र समूहों के साथ झड़प हुई। सीरिया के गृह मंत्रालय ने बताया कि अब तक 30 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और करीब 100 लोग घायल हुए हैं। ब्रिटेन की युद्ध निगरानी संस्था सीरियन आब्जर्वेटरी फार ह्यूमन राइट्स ने बताया कि कम से कम 89 लोग मारे गए हैं, जिनमें दो बच्चे, दो महिलाएं और 14 सुरक्षा बल के सदस्य शामिल हैं। आब्जर्वेटरी ने बताया कि लड़ाई की शुरुआत ड्रूज और सुन्नी बेडौइन कबीलों के सशस्त्र समूहों के बीच हुई। सरकारी सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी बेडौइन पक्ष की मदद कर रहे थे। सीरिया के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नूरेद्दीन अल-बाबा ने बताया कि सरकारी बल व्यवस्था बहाल करने के लिए सुबह-सुबह स्वेदा में दाखिल हुए। उन्होंने बताया कि कुछ झड़पें गैरकानूनी सशस्त्र समूहों के साथ हुई, लेकिन हमारी को. शिश है कि आम नागरिकों को कोई नुकसान न हो। वेधशाला ने बताया कि झगड़े की शुरुआत उस समय हुई जब एक बेडौइन समूह ने एक ड्रूज युवक को पीटा और लूट लिया। इसके जवाब में दूसरे पक्ष ने भी हमला किया और अपहरण की घटनाएं शुरू हो गई। वेधशाला के प्रमुख रामी अब्दुर्रहमान ने बताया कि संघर्ष एक ड्रूज सब्जी विक्रेता के अपहरण और लूटपाट से शुरू हुआ।

### इंडोनेशिया में नाव पलटी, 11 लोग लापता


**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के मेंटावाई द्वीप समूह के तट पर सोमवार को एक नाव के पलट जाने से 11 लोग लापता हो गए। इस हादसे में सात लोग तैरकर बाहर आ गए। स्थानीय राहत एंव बचाव दल की आपातकालीन इकाई के प्रमुख डियो उल्वी फिनंदा ने यह जानक. ारी दी है। फिनंदा ने मंगलवार सुबह बताया कि नाव सिकाकाप द्वीप से सिपोरा द्वीप जा रही थी। उन्होंने कहा कि यह घटना स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 11:00 बजे हुई। नाव में सवार सात लोग तैरकर किनारे तक पहुंचने में कामयाब रहे। खोज एवं बचाव कार्यालय ने सूचना के बाद एक नाव और बचाव कर्मियों के साथ एक जहाज घटनास्थल पर भेजा। हालांकि जब वे पहुंचे तो उन्हें नाव कहीं मिली।

प्रवेश सूचना- पैरामैड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# पाक से शियाओं के अकेले ईरान-इराक जाने पर बैन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने अगले साल से शिया नागरिकों के अकेले इराक-ईरान जाने पर रोक लगा दी है। पाकिस्तानी अखबार द डान के मुताबिक गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरान और इराक के अधिकारियों से मुलाकात के बाद यह फैसला लिया।

नकवी ने कहा कि 1 जनवरी 2026 से शिया नागरिक अकेले नहीं बल्कि रजिस्टर्ड ग्रुप की मदद से यात्रा कर पाएंगे। इन रजिस्टर्ड ग्रुप का काम लोगों को इराक ले जाना और उन्हें वहां से वापस लाना होगा। पाकिस्तान में शिया तीर्थयात्रियों को जायरीन कहा जाता है। हर साल हजारों शिया मुसलमान इराक और ईरान के पवित्र स्थलों की यात्रा करते हैं। इनमें से कई लोग अपने वीजा की तय सीमा से ज्यादा समय तक वहां रुक जाते हैं, कुछ अवैध काम भी करने लगते हैं। इससे पाकिस्तान का इन दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव पैदा होता है और पाकिस्तान की छवि भी खराब होती है। अब से इन दोनों की यात्रा पर जाने वाले शिया तीर्थयात्रियों को अब अधिकृत टूर आयोजकों के साथ जाना होगा। इन आयोजकों की जिम्मेदारी होगी कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई तीर्थयात्री समय से ज्यादा इराक में न रुके।



- गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने तेहरान में ईरान-इराक के अधिकारियों से मुलाकात के बाद फैसला लिया

# कनाडा में जगन्नाथ रथ यात्रा पर अंडे फेंके

- भक्त बोले: नफरत विश्वास को नहीं हरा सकती, भारत सरकार से कार्रवाई की अपील

**ओटावा।** कनाडा में 11 जुलाई को इस्कान की जगन्नाथ रथ यात्रा पर कुछ लोगों ने छतों से अंड़े फेंके। इस घटना का वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यह घटना उस वक्त घटी जब भक्त सड़कों पर नाचते हुए भजन कर रहे थे।

सोशल मीडिया यूजर संगना बजाज ने घटना का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा-किसी ने पास की इमारत से हम पर अंडे फेंके। क्यों? क्योंकि हमारा विश्वास शोर मचाता है? क्योंकि हमारी खुशी अनजान लगती है? हम नहीं रुके, क्योंकि भगवान जगन्नाथ सड़कों पर हैं, कोई नफरत हमें हिला नहीं सकती। वहीं, टोरंटो में रहने वाली एक एनआरआई ने कहा- हम हैरान और आहत थे, लेकिन हमने यात्रा नहीं रोकी। नफरत कभी भी विश्वास को नहीं हरा सकती। इस घटना की निंदा करते हुए ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इसे भक्तों की भावनाओं पर हमला बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा-टोरंटो में रथ यात्रा के दौरान भक्तों पर अंडे फेंके जाने की खबर से दुखी हूं। यह घटना न सिर्फ जगन्नाथ भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाती है, बल्कि ओडिशा के लोगों के लिए भी दुखद है।

ROOP® RAKSHAK
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट